रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 08 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-255 मूल्य 3.00 ₹

तीसरे चरण में लगभग 61.18 प्रतिशत हुआ मतदान

छत्तीसगढ़ में 66.87 प्रतिशत वोटिंग, महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली/रायपुर
www.dailypioneer.com

तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेश दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की 93 सीटों पर कुल मिलाकर शांतिपूर्ण ढंग से हुये मतदान में 61.57 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। मतदान के अंतिम आंकड़े इससे अधिक हो सकते हैं, पर इसका प्रतिशत पहले और दूसरे चरण के मुकाबले कम है। इसके साथ ही लोकसभा की 543 सीटों में से 283 सीटों पर प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों में दर्ज हो गया है। तीसरे चरण में शामिल सीटों में सामान्य- 72, अनुसूचित जनजाति- 11 और अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित 10 सीटें शामिल थीं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चला। देश के कई इलाकों में तेज और गर्मी के के बीच मतदान का प्रतिशत तीसरे चरण में भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। चुनाव आयोग शाम को जारी मतदान के प्रांरभिक आंकड़ों के अनुसार असम में सबसे अधिक 75.30 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया जबकि महाराष्ट्र 54.98 प्रतिशत वोट पड़े।

कहां-कहां कितना प्रतिशत हुआ मतदान

छत्तीसगढ़.....66.87	गुजरात..... 55.22
असम.....74.86	कर्नाटक.....66.05
बिहार.....56.01	मध्य प्रदेश.....62.28
दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव.....65.23	महाराष्ट्र..... 53.40
गोवा.....72.52	उत्तर प्रदेश..... 55.13
	पश्चिम बंगाल.....73.93

राज्य की सात सीटों पर मतदान की स्थिति

- दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में 67.91 प्रतिशत हुआ मतदान
- बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में 60.05 प्रतिशत हुआ मतदान
- जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र में 63.08 प्रतिशत हुआ मतदान
- कोरबा लोकसभा क्षेत्र में 71.19 प्रतिशत हुआ मतदान
- रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र में 76.38 प्रतिशत हुआ मतदान
- सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में 74.59 प्रतिशत हुआ मतदान
- रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 61.25 प्रतिशत हुआ मतदान

सड़क और पानी की मांग, ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार, मतदान केन्द्र में जड़ा ताला

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सड़क की मांग को लेकर जहां घाटोली के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया वहीं झाझड़ी रामपुर एवं मोतीपुर के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर मतदान का बहिष्कार किया गया था किंतु ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों के द्वारा दबाए बनाए जाने के कारण गांव वालों ने साढ़े सात घंटे के बाद मतदान करने पर मजबूर हुए। बता दे यह चारों ग्राम कैबिनेट मंत्री एवं नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक दयालदास बघेल के क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जहां पर समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने बीते दिनों लोकसभा चुनाव के समय अपनी मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार करने के संबंध में समय से पहले अधिकारियों को अवगत करा दिया गया था उसके बाद भी समस्या का निदान नहीं हुआ तो अंततः ग्रामीणों ने अपने मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया। इस संबंध में यह भी जानकारी मिली कि ग्राम घठोली में सुबह जब मतदान की तैयारी स्कूल में मतदान दल द्वारा किया जा रहा था इसी बीच स्कूल के मुख्य गेट में किसी के द्वारा ताला लगा दिया गया था, जिसके कारण यहां करीब तीन घंटे तक मतदान दल के लोग स्कूल अहाता तक रहे और करीब सुबह 10:00 बजे तक स्कूल के मुख्य गेट पर ही ताला लटका रहा बाद में जब जानकारी हुई तो पुलिस वालों के द्वारा ताला तोड़ा गया। इसके बाद भी ग्रामीणों ने पानी की समस्या पीने के पानी की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया गया था इस संबंध में ग्रामीण मोहित टंडन ने बताया कि इस क्षेत्र में खारा पानी मिलता है जिसके कारण ग्रामीणों को मीठे पानी के लिए भारी मशक्क त करना पड़ता है। इस संबंध में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते रहे इनका कहना है कि मीठा पानी नहीं होने के कारण बीरमपुर बालसमूह भोथीडीह से पानी लाना पड़ता है। जो दो से चार किलोमीटर दूर है वहां से पानी को पैदल या अन्य विभिन्न साधन से लाना पड़ता है इसी तरह हेमू साहू दया साहू ने भी बताया कि इस संबंध को लेकर तत्कालीन मंत्री के पर पास अपनी मांग को लेकर गए थे किंतु समस्या का समाधान नहीं हो पाया खारा पानी है जिसके कारण हम परेशान रहते हैं। इन लोगों का सुझाव है कि यहां से लगभग डेढ़ 2 किलोमीटर पर अमोला घाट से मीठे पानी का पाइप गया है इस पाइप को घठोली के पानी टंकी से जोड़ दिया जाएगा तो समस्या का समाधान हो सकता है । वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों कर्मचारियों को बताने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया इनका कहना है कि हम अधिकारियों कलेक्टर से भी इस संबंध में बात कर चुके हैं लेकिन वहां भी कुछ भी समाधान नहीं हो पाया है, जिसके चलते मतदान का बहिष्कार किया गया। कहा गया कि इसकी जानकारी कलेक्टर से लेकर सभी अधिकारियों को थी। कई बार इसके लिए धरना प्रदर्शन भी किए गए, लेकिन ग्रामीणों की समस्याओं का कोई निदान नहीं हुआ। पेयजल की विकराल समस्या बनी हुई है। ऐसे में ग्रामीणों का अपना जनप्रतिनिधि चुनने में कोई रूचि नहीं दिखी, दबाव में ग्रामीणों द्वारा मतदान किया गया।

इतना तुष्टिकरण करना था तो भारत को मिटा कर 1947 में ही पूरा देश पाकिस्तान बना देती कांग्रेस : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◄ धार
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और उसके गठबंधन साथियों के बयानों को लेकर समूचे विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि तुष्टिकरण के दलदल में पूरी तरह धंस चुकी कांग्रेस को अगर ऐसा ही करना था तो उसने 1947 में भारत के तीन टुकड़े क्यों किए, पार्टी को उसी समय भारत का नामो-निशान मिटा कर पूरे देश को पाकिस्तान बना देना चाहिए था। मोदी मध्यप्रदेश के धार जिले में धार संसदीय क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहे।

पीएम मोदी ने किया मतदान

भारत ने कनाडा से जताया कड़ा विरोध

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने कनाडा के माल्टन में नगर कीर्तन परेड में झांकियों में भारतीय राजनेताओं के बारे में हिंसक चित्रण प्रदर्शित करने पर कड़ा विरोध व्यक्त किया और कनाडा सरकार का आह्वान किया कि वह आपराधिक तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देना बंद करे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मुद्दे पर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हमने कनाडा में चरमपंथी तत्वों द्वारा हमारे राजनीतिक नेतृत्व के खिलाफ प्रदर्शन किया गया और पूरे कनाडा में भारतीय राजनेताओं के खिलाफ हिंसा की धमकी वाले पोस्टर भी लगाए गए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस तरह से इस्तेमाल की जा रही हिंसक छवियों के बारे में बार-बार अपनी चिंताओं को मज़बूती से उठाया है। पिछले साल, हमारी पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या को दर्शाने वाली एक झांकी का इस्तेमाल एक जुलूस में किया गया था। उन्होंने कहा कि हिंसा का जश्न मनाना और उसका महिमामंडन करना किसी भी सभ्य समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए। लोकतांत्रिक देश जो कानून के शासन का सम्मान करते हैं, उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथी तत्वों द्वारा डराने-धमकाने की इजाजत नहीं देनी चाहिए।

मुर्मु ने किया शिमला के प्रमुख धार्मिक स्थलों का दौरा

शिमला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने पांच दिवसीय हिमाचल दौरे में मंगलवार को राजधानी के प्रमुख धार्मिक स्थल तारादेवी मंदिर का दौरा किया और वहां पूजा-अर्चना की। उनके साथ परिवार के अन्य सदस्य भी साथ थे। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। माता तारा देवी मंदिर जाने वाली द्रौपदी मुर्मु देश की पहली राष्ट्रपति हैं। उन्होंने मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित भण्डारा भी ग्रहण किया। इस अवसर पर, मंदिर कमेटी ने राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इससे पूर्व, राष्ट्रपति ने शिमला स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल संकटमोचन मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा ने राष्ट्रपति को मंदिर के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर, राज्यपाल ने राष्ट्रपति को रामदरबार की प्रतिमा भी भेंट की।

सरकार बनते ही पूरे देश के किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता ◄ रांची
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने झारखंड में दो चुनावी रैलियां को संबोधित करते हुए लोगों से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जीत दिलाने का आह्वान किया। गांधी ने गुमला के बसिया में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधते हुए आदिवासी, बेरोजगारी, अग्निवीर समेत कई मुद्दों पर उसे घेरा? । उन्होंने देश में नईस रकार बनते ही सरना धर्म कोड लागू करने, गरीब किसानों का कर्ज माफ करने और गरीब परिवार की महिला के खाते में सालाना एक लाख रुपए यानी साढ़े आठ हजार रुपए महीने देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही पूरे देश के किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनते ही गरीब परिवारों की लिस्ट बनेगी।हर परिवार की महिला के अकाउंट में एक लाख देंगे। हर महीना 8 हजार 500 रुपए अकाउंट में जाएगा। गांधी ने कहा कि भाजपा आदिवासियों का सम्मान नहीं कर रही है, बल्कि इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों की भाषा-संस्कृति कुचलना चाहती है। वे उसका संरक्षण करना चाहते हैं। जल, जंगल, जमीन आदिवासियों का है और इनका इन पर अधिकार होना चाहिए। सभा को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। इससे पहले गांधी ने चाईबासा में बेरोजगारों के लिए बड़ा ऐलान किया है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो सभी बेरोजगार डिग्रीधारियों और डिप्लोमाधारियों को एक साल की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी। किसानों का कर्जा माफ होगा और किसानों के लिए कानूनी एमएसपी बनेगा । आंगनबाड़ी सेविकाओं दैनिक भत्ता बढ़ाएंगे। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि उसने 22 उद्योगपति बनाये हैं लेकिन हम करोड़ों आदिवासियों और दलितों की लखपति बनाएंगे।

कांग्रेस में होता है नारियों का अपमान, तंदूर कांड इनके ही नेता ने किया

तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टियां अब विलुप्ति की कगार पर : विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में सपरिवार मतदान किया। मतदान के बाद पत्रकारों से चर्चा के दौरान सपा नेता रामगोपाल यादव द्वारा राम मंदिर के वास्तु शास्त्र पर सवाल उठाए जाने पर सीएम साय ने कहा कि ये राम विरोधी लोग हैं, जो कुछ भी बोलते हैं। इन्होंने तो राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण भी ठुकरा दिया था, तो इनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं। जबकि निमंत्रण किसी का भी हो उसे स्वीकार किया जाता है। उन्होंने कहा कि राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले आज ऐसी बातें कर रहे हैं। लालू यादव द्वारा मुस्लिमों को आरक्षण दिये जाने की मांग पर विष्णुदेव साय ने कहा कि लालू यादव जैसे लोगों की पार्टियां तुष्टीकरण की राजनीति करने के कारण ही अब विलुप्ति की कगार पर है। कांग्रेस में राष्ट्रीय प्रवक्ता रही राधिका खेड़ा के उनके पार्टी के नेता द्वारा अपमान पर साय ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। जो बोलते हैं ठीक उसके विपरीत ये लोग करते हैं। ये नारी सम्मान की बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस में हमेशा नारियों का अपमान हुआ है। महिला को काट-काट कर तंदूर में जलाने का काम भी कांग्रेसियों ने किया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता होने के बावजूद भी राधिका खेड़ा को अपने ही घर कांग्रेस भवन में इतना प्रताड़ित किया गया की उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके देश दुनिया के सामने कांग्रेस का जो चरित्र है, उसे उजागर किया। विष्णु देव साय ने कहा कि एक मुख्यमंत्री होने के नाते प्रदेश की 75 विधानसभाओं में 100 से अधिक चुनावी कार्यक्रमों में मैं शामिल हुआ। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने भी दौरे किए, साथ ही छत्तीसगढ़ भाजपा के बड़े नेताओं ने चुनावी सभाओं में शिरकत की। जहां जनता का अटूट विश्वास भारतीय जनता पार्टी के लिए दिखा एवं विशाल जनसैलाब उमड़ा। इसलिए मैं कह सकता हूं कि अभी तृतीय चरण का जो लोकसभा का चुनाव हो रहा है इसकी सातों सीट सहित सभी 11 सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। उन्होंने 4 जून को भाजपा के सीटों की संख्या 400 पार होने की भी बात कही।

सेना के कमांडेंटों ने भविष्य की रक्षा रणनीतियों पर चर्चा की

नयी दिल्ली। सेना के कमांडेंटों का छठा सम्मेलन मंगलवार को सैन्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पुणे में हुआ जिसमें भविष्य की रक्षा रणनीतियों की रूपरेखा पर विस्तार से मंथन किया गया। मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफके तत्वावधान में आयोजित किये गये इस सम्मेलन में सशस्त्र बलों के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ प्रतिष्ठित सशस्त्र बल प्रशिक्षण संस्थानों और युद्ध कॉलेजों के कमांडेंटों ने भाग लिया। सम्मेलन में भारतीय सशस्त्र बलों के भावी नेतृत्व को तैयार करने के लिए भविष्य की रक्षा रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करने पर विचार-मंथन किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न ज्वलंत विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के साथ साथ संस्थानों में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया और भविष्य के लिए तैयार किये जा रहे बलों के बारे में रणनीति बनाई। यह कार्यक्रम उभरती वैश्विक चुनौतियों के मद्देनजर निरंतर सुधार, नवाचार और सहयोग के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सम्मेलन ने सशस्त्र बलों के भावी नेतृत्व के प्रशिक्षण में सीखने की संयुक्त संस्कृति को बढ़ावा देने तथा नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर खुली बातचीत और निर्णय करने वाले अधिकारियों के साथ साथ खुलकर बातचीत के एक मंच के रूप में कार्य किया।

दिल्ली सरकार के कामों पर उपदेश देने वाले उपराज्यपाल अपने कामों में विफल : आप

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल करार देते हुए कहा कि दिल्ली में खतरनाक किस्म की वारदातें हो रही हैं और यहाँ की क़ानून व्यवस्था की हालात बद से बदतर होती जा रही हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीते कुछ दिनों से यह देखा जा रहा है, कि दिल्ली में बड़ी ही खतरनाक किस्म की वारदातें हो रही हैं और दिल्ली की क़ानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही हैं । उन्होंने कहा कि दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था पिछले कुछ महीनो से लगभग चौपट सी हो गई है। एनसीआरबी के आँकड़े देखें तो इस समय पूरे देश में दिल्ली में अपराध दर सबसे उच्च स्तर पर है । उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के आँकड़ों के मुताबिक आज दिल्ली में एक लाख की आबादी पर लगभग 1832 वारदातें हो रही हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह औसत लगभग 258 वारदातें प्रति एक लाख हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आपराधिक मामलों की औसत देश की वारदातों की तुलना में सात गुना अधिक है । उन्होंने कहा कि लगभग 1189 आपराधिक मामले प्रतिदिन दिल्ली में पंजीकृत हो रहे हैं। भारद्वाज ने कहा कि कल एक वीडियो सामने आया जिसमें यह देखा गया, कि जाफ राबाद इलाके में एक हत्या केस के गवाह की पांच व्यक्तियों ने दिनदहाड़े लोगों के सामने चाकुओं से मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। इसी प्रकार दिल्ली के आरके पुरम जैसे वीआईपी इलाके में एक ऑटो रिक्शा चालक ने किराए को लेकर हुई कहा सुनी के मामले में सीमा सुरक्षा बल के एक जवान को धारदार हथियार से गला रेत कर मार डाला।

क्विक न्यूज़

सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल को फिलहाल नहीं मिली राहत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को कई घंटों तक चली बहस के बाद जेल में न्यायिक हिरासत में बंद आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिलहाल राहत नहीं मिली। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने ईडी की ओर से पेश सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू और याचिकाकर्ता केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं।

राधिका खेड़ा बीजेपी में हुई शामिल

नई दिल्ली। कांग्रेस छोड़ने वाली राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक राधिका खेड़ा ने बीजेपी की सदस्यता ले ली हैं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संचार विभाग के चेरयमैन सुशील आनंद शुक्ला से विवाद के बाद उन्होंन प्रेसवार्ता कर दुर्व्यवहार सहित कई गंभीर आरोप लगाये थे। राधिका खेड़ा ने कहा कि इस घटनाक्रम की शिकायत राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, जयराम रमेश सहित बड़े नेताओं को गई थी, इसके बाद भी आरोपी नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बात से वो काफी दुखी है और दुखी मन से वो कांग्रेस छोड़ रही है।

ओड़िशा के लिए स्टार प्रचारक बनाए गए दीपक बैज

रायपुर। लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में ओड़िशा राज्य के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दीपक बैज को कांग्रेस नेतृत्व ने स्टार प्रचारक बनाया है। लोकसभा निर्वाचन के छठवें चरण में पड़ोसी राज्य ओड़िशा के लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है। इसके लिए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। ओड़िशा के लिए घोषित कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज का भी नाम शामिल है।

शरद पवार में स्वाभिमान है और अजित पवार में अहंकार : रोहित

पायनियर संवाददाता ◄ बारामती
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी के विधायक रोहित पवार ने मंगलवार को कहा कि बारामती निर्वाचन क्षेत्र पार्टियों की लड़ाई नहीं है, बल्कि जन-बल के खिलाफ धन-बल की लड़ाई है। रोहित ने संवाददाताओं से कहा, अजित दादा के पास धन-बल और अहंकार है, लेकिन शरद पवार के पास विचार, आम नागरिक, स्वाभिमान और वफादार कार्यकर्ता हैं उन्होंने कहा, मेरे पास मावल से विधायक अजित पवार और उनके कार्यकर्ताओं की पैसे बांटते हुए तस्वीर है। आपको इसे देखना चाहिए। एमवीए नेता ने कहा, अजित पवार मटका फोड़ने वाले मजदूरों को हेलिकॉप्टर में ले जा रहे थे। जो फैक्टरियां अजित पवार के आइडिया के मुताबिक चल रही थीं, उन पर भी ईडी और सीबीआई ने कार्रवाई की थी। वीडियो में उस फैक्टरी के कर्मचारी पैसे बांटते नजर आ रहे हैं, तो अब लोगों को फैसला करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों ने देखा है कि कितना पैसा बांटा गया। उन्होंने कहा, अजित दादा ने कहा था कि अगर मेरा उम्मीदवार नहीं चुना गया तो मैं अपनी मूंछें हटा दूंगा। मैं लोकतंत्र में विश्वास करता हूं और चार जून को सुप्रिया सुले चुनी जाएंगी, इसलिए अजित पवार को मूंछे हटाने के लिए उस्तरा तैयार रखना होगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी बहन सुप्रिया सुले कम से कम दो से तीन लाख वोटों से जीत दर्ज करेंगी। रोहित ने कहा, जब अजित पवार राजनीति में आने के बारे में सोच रहे थे, तब मेरे दादा अप्पासाहेब पवार भी लोकसभा के लिए चुनाव लड़ना चाहते थे।
अप्पासाहेब पवार और शरद पवार के बीच चर्चा हुई और शरद पवार ने कहा कि वह युवा होने के नाते अजित पवार को एक मौका देंगे। उन्होंने कहा, अब मुझे पता है कि 65 वर्षीय अजित पवार को क्या पता नहीं है कि बुजुर्ग क्या होते हैं, रिश्ते क्या होते हैं, और यदि आप स्वार्थ के लिए, अपना साम्राज्य बनाये रखने के लिए बुजुर्ग शरद पवार को छोड़ देते हैं, तो आम जनता के लिए क्या बचा?

महाराष्ट्र के कोल्हापुर में हिरण्यकेशी नदी में तीन लोग डूबे

कोल्हापुर। महाराष्ट्र में कोल्हापुर जिले के गजरगांव में मंगलवार को एक परिवार के तीन सदस्य हिरण्यकेशि नदी में डूब गये। पुलिस के अनुसार परिवार के लोग आज सुबह हिरण्यकेशी नदी के बांध पर कपड़ा धोने गये थे तभी यह घटना घटी। मृतकों की पहचान सुले गांव निवासी उदय बाचाराम कटाले, अरिन बाचाराम कटाले और प्रकाश अरुण कटाले के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तीनों शवों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। अंतिम सुचना मिलने तक कोई शव बरामद नहीं किया गया है।

रेलवे विंध्य की लगातार कर रहा है उपेक्षा : अजय

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के विंध्य अंचल के चोरहट से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने आज आरोप लगाया कि रेलवे विंध्य की लगातार उपेक्षा कर रहा है। सिंह ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि रेलवे रीवा से होकर भोपाल सहित अन्यत्र जाने वाली रेल गाड़ियों में लगातार स्लीपर कोचों की संख्या धीरे-धीरे कम कर रहा है और एसी कोच की संख्या बढ़ा रहा है। इससे कम आय वर्ग वाले लोगों, विद्यार्थियों, मरीजों और गरीब यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के सांसद दिल्ली में रेलवे बोर्ड अथवा रेल मंत्री से मिलकर आम जनता की परेशानियों को दूर करने के लिये कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। उन्हें इसमें कोई रुचि नहीं है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हजारों गरीब विद्यार्थी, उनके माता पिता और इलाज के लिये भोपाल आने-जाने वाले लोग रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से ही यात्रा करते हैं। आश्चर्य की बात है कि इतनी अधिक संख्या में लोगों के आवागमन को देखते हुए रेलवे बोर्ड स्लीपर कोच की संख्या बढ़ाने की जगह उसे लगातार कम करता जा रहा है। यात्रियों को मजबूरन एसी का टिकट लेना पड़ता है। इसका किराया स्लीपर कोच से दो गुना से अधिक है। इस समय रेवांचल में स्लीपर का किराया 355 और सबसे सस्ते एसी इकानामी का 860 रूपये है। यात्री हलाकान होकर लगातार शिकायत कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि पहले रेवांचल एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास के 12 और जनरल के चार डिब्बे लगते थे। अब पिछले साल से स्लीपर के डिब्बे घटाकर छह कर दिए गए हैं। वहीं एसी थ्री के आठ, एसी टू के दो और एसी वन का एक डिब्बा लगता है।
गर्मी की छुट्टी और शादी के सीजन में यात्रियों की फजीहत हो रही है। स्लीपर की हालत सामान्य बोगी जैसी हो गयी है।
शिक्षा और चिकित्सा का केन्द्र भोपाल होने के कारण हजारों विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाएं देने और पढ़ाई के लिये तथा बीमारों को इलाज के लिये भोपाल आना पड़ता है।
उन्होंने कहा कि रेलवे को एक अन्य नियमित गाड़ी रीवा भोपाल रीवा के लिए जबलपुर के रास्ते चलाना चाहिये। यात्रियों की परेशानियों को दूर करने के लिए यही एकमात्र विकल्प है।
इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों को एक साथ मिलकर रेल मंत्रालय पर दबाव बनाना चाहिए।

झारखंड में ईडी की एक साथ सात नये ठिकानों पर छापेमारी

वार्ता ◄ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड सरकार के काबीना मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक समेत कई अन्य लोगों ठिकानों पर ईडी ने कल छापेमारी की थी लेकिन आज भी एक साथ सात नये ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।
ईडी सूत्रों के अनुसार सिंह मोड़ के पास रहने वाले एक बिल्डर के साथ-साथ रांची के रातू और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले दो बिल्डरों के यहां छापेमारी चल रही है। दूसरी तरफ ईडी की टीम ने रांची के डोरंडा इलाके में रहने वाले कांट्रेक्टर राजू सिंह के ठिकानों पर छापा मारा है। इस दौरान ठेकेदार राजू सिंह के यहां से करोड़ों नगद बरामद हुए हैं।
बरामद पैसों की गिनती के लिए बैंक से नोट गिनने वाली मशीन मंगवायी गयी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सोमवार को हुई ईडी की रेड में 35.23 करोड़ बरामद किये गये थे।

अम्बाला से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया की लोकसभा उम्मीदवारी पर उठा सवाल

वार्ता ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

हरियाणा में अंबाला लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी बंतो देवी कटारिया के श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड में हरियाणा सरकार द्वारा नामित गैर सरकारी सदस्य होने के कारण सवाल उठाया गया है। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के वकील और अंबाला निवासी हेमंत कुमार ने इस संबंध में चुनाव आयोग, हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और अंबाला के चुनाव अधिकारी को पत्र लिखा है।
कुमार के अनुसार बंतो देवी को जुलाई 2023 में बोर्ड में गैर सरकारी सदस्य बनाया गया था, जिसका कार्यकाल सात मई 2025 तक है। कुमार के अनुसार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 102(1) (ए) के अनुसार, कोई व्यक्ति संसद के किसी भी सदन का सदस्य चुने जाने और बने रहने के लिये अयोग्य होगा, यदि वह केंद्र (भारत) सरकार या किसी प्रदेश की सरकार के अधीन कोई सरकारी पद (लाभ का पद) धारण करता है, बशर्ते ऐसे किसी पद या पदों को छोड़कर, जिसे देश की संसद द्वारा कानून मार्फ़त लाभ के पद के दायरे से छूट प्रदान की गयी हो।
कुमार के अनुसार मनसा देवी बोर्ड मामले में ऐसी छूट नहीं दी गयी है, इसलिये अंबाला सीट से बंतो देवी की उम्मीदवारी पर सवाल उठता है। उन्होंने पत्र के साथ 17 जुलाई 2023 की गजट अधिसूचना की प्रति भी संलग्न की है और उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

चुनाव आयोग न्याय करें : दिग्विजय

एजेंसी ◄ राजगढ़/भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह उनका आखरी चुनाव है और हम अब युवाओं को मौका देंगे। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण को लेकर जारी मतदान के बीच मीडिया से चर्चा के दौरान श्री सिंह ने ईवीएम पर सवाल उठाए हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव को प्रभावित कर रहे है। उन्होंने कहा कि 'ये मेरा आखिरी चुनाव इसलिए है और मैं 77 साल का हो गया हूं और हम नए युवा को मौका देंगे।
हमें जीतने की उम्मीद 100 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और राजगढ़ के रिटर्निंग आफिसर आर्वजबर आये व न्याय करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पंकज यादव को थाना में बैठा लिया गया, जबकि इससे ज्यादा संगीन अपराध में लिप्त भाजपा लोग घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाचोड़ा में एक स्थान पर 11 वोट पड़े और मशीन 50 वोट बता रहीं है। सौ मीटर के अंदर भाजपा के लोगों को प्रचार करने पुलिस द्वारा इजाजत दी जा रही है।

धार में पांच बदमाश जिलाबदर

धार। मध्यप्रदेश के धार जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने विभिन्न अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने पर जिले के पांच बदमाशों को आज जिलाबदर कर दिया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार जिला दंडाधिकार मिश्रा ने अपराधिक गतिविधियों में संलग्न रहने के चलते विष्णु चौहान निवासी चौकसे मोहल्ला थाना पीथमपुर जिला धार को 8 माह के लिये, विक्रम भूरिया निवासी ग्राम धुलेट थाना राजगढ जिला धार को 6 माह के लिये एवं विजय पाटीदार निवासी बावडी मोहल्ला थाना धामनोद, राहुल मालवीय निवासी ग्राम दुधी थाना धामनोद तथा उमराव डाबी निवासी ग्राम धमाना थाना बदनावर जिला धार को तीन-तीन माह के लिए जिलाबदर किया है। यह सभी बदमाश जिलाबदर अवधि में धार जिले एवं उससे लगे सीमावृत्ति जिलों इन्दौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, बड़वानी, खरगोन एवं अलिराजपुर की राजस्व सीमाओं से बाहर रहेंगे।

चौथे चरण के सभी आठ संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूरी : राजन

वार्ता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत चौथे चरण में मध्यप्रदेश की सभी आठ लोकसभा क्षेत्रों में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर शीतल पेयजल, जरूरी दवाइयाँ और टेन्ट की व्यवस्था की जा रही है। मतदाता सूचना पर्ची का वितरण कराया जा रहा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने यह बात भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई चौथे चरण की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही। राजन ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के भी प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। तीसरे चरण के मतदान में वर्ष 2019 के चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत बढ़ा है। चौथे चरण के मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। सीमावर्ती राज्यों से लगे नाकों में विशेष सावधानी बरती जा रही है। यहां पर सतत् रूप से कड़ी निगरानी की जा रही है। लगातार जब्ती की कार्यवाही भी की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू ने देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खण्डवा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक से अलग-अलग चर्चा कर निर्वाचन तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि व्यय प्रेक्षक मतदान के दिन ज्यादा सतर्कता बरतें। प्रेक्षकों ने जिलों की टीम द्वारा की जा रही निर्वाचन तैयारियों की सिलसिलेवार जानकारी दी।

लोक सभा मतदान के लिये पंजाब में नामांकन प्रक्रिया शुरू : सिबिन सी

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

लोक सभा मतदान 2024 के लिये पंजाब में नामांकन-पत्र भरने का सिलसिला शुरू हो चुका है और 14 मई तक जारी रहेगा। राज्य की सभी 13 लोक सभा सीटों पर एक जून सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने मंगलवार को बताया कि 11 और 12 मई को अवकाश होने के कारण कागज़ जमा नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि 15 मई को कागज़ों की जांच-पड़ताल होगी और 17 मई को नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख है। सिबिन सी ने बताया कि पंजाब में मतदाताओं की कुल संख्या दो करोड़ 14 लाख 21 हज़ार 555 है। इसमें एक करोड़ 12 लाख 67 हज़ार 19 पुरूष वोटर, एक करोड़ एक लाख 53 हज़ार 767 महिला वोटर और 769 अन्य वोटर हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पांच लाख 28 हज़ार 864 वोटर 18-19 साल समूह से सम्बन्ध रखते हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। इनमें तीन लाख 16 हज़ार 670 लड़के, दो लाख 12 हज़ार 178 लड़कियाँ और 16 अन्य मतदाता हैं। इसी तरह एक लाख 89 हज़ार 832 वोटर 85 साल से ज़्यादा उम्र के हैं, जिनमें 88,169 पुरूष, 1,01,661 महिलाएं और दो अन्य मतदाता हैं। सिबिन सी ने बताया कि 13 लोक सभा सीटों के लिये कुल 24,451 पोलिंग स्टेशन होंगे, जिनमें से 16,517 गाँवों में और 7934 शहरों में बनाये गये हैं। पंजाब में 100 प्रतिशत फोटो पहचान-पत्र बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथों पर वोटरों की सुविधा के लिये सभी बंदोबस्त करने के लिये उपायुक्त-ज़िला निर्वाचन अधिकारियों को पहले ही हिदायतें जारी की जा चुकी हैं। उन्होंने अपील की कि 'इस बार 70 पार' के लक्ष्य की पूर्ति के लिये मतदाता बढ़-चढ़ कर वोट डालें।

अमृतसर जिले में बीएसएफ द्वारा एक ड्रोन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल ने मंगलवार को जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र गांव हरदो रतन से एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफके प्रवक्ता ने बताया कि ड्रोन की उपस्थिति के बारे में बीएसएफखुफिया इकाई द्वारा सूचना के आधार पर, बीएसएफ जवानों ने तुरंत संदिग्ध क्षेत्र में एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान, लगभग 12:05 बजे, सैनिकों ने अमृतसर जिले के गांव हरदो रतन में एक घर के बाहरी क्षेत्र से एक ड्रोन को सफलतापूर्वक बरामद किया। बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक के रूप में की गयी है।

बोलेरो ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई, एक युवक की मौत

अलवर। राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले के अंतर्गत टपूकड़ा भिवाड़ी में तेज रफ्तार बोलेरो आगे चल रही ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गयी जिससे एक युवक की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि भामड़ाका निवासी रफीक और उसका बेटा सोहिल (20) और बेटे का दोस्त अरमान (21) ट्रैक्टर में सवार होकर टपूकड़ा से कर्मपुर की तरफजा रहे थे। उदमी सरपंच के मकान के पास गत रात करीब 12.30 बजे पीछे से बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद ट्रॉली पलट गयी। हादसे में ट्राली में बैठा सोहिल और अरमान ट्रॉली के नीचे दब गया। दोनों को निकालकर अचेत और लहूलुहान अवस्था में टपूकडा अस्पताल में ले जाया गया, जहां सोहिल को मृत घोषित कर दिया। हादसे में बोलेरो के आगे का हिस्सा पूरी तरह से खत्म हो गया। पुलिस आरोपी बोलेरो चालक की तलाश कर रही है, दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

उद्धव ठाकरे 10 मई को छत्रपति संभाजीनगर में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे

वार्ता ◄ छत्रपति संभाजीनगर
www.dailypioneer.com

शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र में 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए 10 मई को छत्रपति संभाजीनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ठाकरे यूबीटी के उम्मीदवार चंद्रकांत खैरे के समर्थन में 10 मई को शाम पांच बजे रैली को संबोधित करेंगे, जो एक बार फिर औरंगाबाद लोकसभा सीट से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पूर्व शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे पिछले कई चुनावों में इस मैदान पर कई चुनावी रैलियों को संबोधित कर चुके हैं। रैली की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है और इसे सफल बनाने के लिए सभी संबंधित पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। खैरे का मुकाबला शिव सेना (शिंदे) के उम्मीदवार संदीपन भुमरे और एआईएमआईएम के मौजूदा सांसद इम्तियाज जलील से है, जिन्होंने वर्ष 2019 के चुनाव में खैरे को 4,000 से ज्यादा मतों के मामूली अंतर से हराया था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में शिवसेना ने भाजपा के साथ गठबंधन किया था। वर्ष 2022 में शिवसेना के दो फाड़ होने के बाद, शिव सेना यूबीटी महा विकास अगाड़ी की घटक पार्टी है, जबकि शिव सेना (शिंदे) भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली महायुति की घटक पार्टी है।

ब्रह्मपुरा ने किसानों के लिये निर्यात द्वार खोलने की वल्टोहा की रणनीति की सराहना की

तरनतारन। शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष एवं खडूर साहिब के निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी, रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने, खडूर साहिब के गांव भाईलधाईवाला में एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बैठक में लोकसभा उम्मीदवार प्रोफेसर विरसा सिंह वल्टोहा के लिए समर्थन जुटाया। इस अवसर पर ब्रह्मपुरा ने अपने संबोधन में सिख समुदाय के लिये वल्टोहा के महत्वपूर्ण बलिदानों को स्वीकार करते हुए और मौजूदा चुनौतियों का समाधान करते हुये, ब्रह्मपुरा ने निर्वाचन क्षेत्र की प्रभावी ढंग से वकालत करने के लिये ईमानदार नेता को चुनने के महत्व पर जोर दिया। ब्रह्मपुरा ने कृषि निर्यात वृद्धि के अवसरों पर जोर देते हुये वल्टोहा के नेतृत्व में निर्वाचन क्षेत्र के किसानों को मिलने वाले संभावित आर्थिक लाभों पर प्रकाश डाला। अमृतसर हवाई अड्डे के माध्यम से सब्जियों सहित अरब देशों में सीधे निर्यात का प्रस्ताव करते हुये उन्होंने किसानों के लिये पर्याप्त लाभ और राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की कल्पना की।

इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन आठ मई को

उदयपुर। केन्द्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का नवाचार इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक के संयोजन में यहां बुधवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक चन्द्र शेखर जोशी ने बताया कि इसका शुभारंभ आठ मई को होगा। कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गयीं। इस कार्यक्रम के लिये विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नियुक्त जूरी सदस्यों कृष्णा बिस्वास एवं दीप ज्योति ने समस्त व्यवस्थाओं का आज अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। सदस्य सचिव एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुरलीधर चौबीसा ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में जिले के कक्षा छह से 12 के विद्यार्थी जिन्होंने सत्र 2022-23 में विज्ञान विषय के नवाचारी विचारों को निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किया, उनमें चयनित 269 विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विज्ञान मॉडल की प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य रघुनाथ पालीवाल ने बताया कि यह योजना स्कूली बच्चों में रचनात्मकता और नवीन सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलायी जा रही हैं।

सोशल मीडिया, पेड न्यूज, विज्ञापनों पर नजर रखें : व्यय पर्यवेक्षक

जालंधर। लोकसभा क्षेत्र जालंधर के व्यय पर्यवेक्षक माधव देशमुख ने मंगलवार को यहां जिला प्रशासनिक परिसर में मीडिया प्रमाणन और निगरानी सेल (एमसीएमसी) का दौरा किया और अधिकारियों और सदस्यों को सोशल मीडिया, पेड न्यूज और राजनीतिक विज्ञापनों पर कड़ी नजर रखने के लिये कहा। अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुये देशमुख ने चुनाव प्रचार, विज्ञापन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया पर गतिविधियों से संबंधित विभिन्न स्वीकृतियों के अलावा लोकसभा चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों को जारी किये गये पूर्व प्रमाणपत्रों के बारे में जानकारी एकत्र की।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

क्र.स.(1) ई-निविदा संख्या: सीनियर डीईई-जी-आर-ओटीपी-24-25-05 दिनांक 30.04.2024
कार्य : इलेक्ट्रिकल (जी) काम का हिस्सा (1) बीएमवाई में आपदा प्रबंधन ग्रिड का विस्तार (2) रायपुर डिवीजन के गुड्स शेड एसक्यूटी भिलाई मार्शलिंग यार्ड (एसजीबीबी) में सुधार (3) वीएमवाई में बीडीवाईडी में गुड्स शेड में सुधार (4) रायपुर मंडल के बालोद में गुड्स शेड का सुधार (5) दाथापारा के गुड्स शेड का सुधार (6) तिल्दा गुड्स शेड का विकास (7) बढ़ते सिग्नलिंग लोड के कारण केएमआई और एसजेडबी स्टेशन पर एटी आपूर्ति का उन्नयन। **निविदा मुल्य:** रु.62,01,679.00/- **बयाना राशि:** रु.1,24,000.00/- **निविदा जमा करना:** 30/05/2024 को 11.30 बजे तक. अधिक विवरण/निविदा दस्तावेज़ की खरीद, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण के लिए, कृपया वरिष्ठ मंडल डीईई/जी/आर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज़ देखें/डाउनलोड करें। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया जाएगा। **सिनी.डीईई(आरएस एण्ड जी)**
पीआर/आर/सिनि.डीईई(जी)/एपी/25 **द.पू.म.रे., रायपुर**
South East Central Railway @secrail

लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा
राज्यपाल हरिचंदन, मुख्यमंत्री साय ने परिवार के साथ किया मतदान

राज्यपाल हरिचंदन एवं प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन ने किया मतदान

रायपुर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन एवं प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन ने सिहावा भवन सिविल लाईन्स स्थित आदर्श मतदान केंद्र 170 पहुंच कर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद राज्यपाल ने सेल्फी जोन में फोटो भी खिंचाई।

सीएम साय ने गृहग्राम बगिया में सपरिवार मतदान किया

जशपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सपरिवार अपने गृहग्राम बगिया में मतदान किया। सीएम के साथ उनकी माता और धर्मपत्नी भी मतदान करने पहुंचीं। गांव के शासकीय प्राथमिक शाला में बने मतदान केंद्र-49 में उन्होंने मतदान किया।

रायपुर। छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने रायपुर के धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला के मतदान केंद्र में मतदान किया। उन्होंने और उनकी मां अनिता बाबासाहेब कंगाले ने आम मतदाताओं की तरह लाइन में लगकर मतदान किया।

रायपुर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अमलीडीह स्थित प्राथमिक शाला मतदान केंद्र में अपनी धर्मपत्नी के साथ मतदान किया।

सपरिवार वोट डालने पहुंचे रायपुर भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर। रायपुर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल सपरिवार दुर्गा कॉलेज के मतदान केंद्र पहुंचे। अपने परिवार के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाताओं को भी वोटिंग करने के लिए प्रेरित किया। मतदान के बाद पत्रकारों से चर्चा में कहा कि इस बार रायपुर की जनता इतिहास रचेगी। देश में बीजेपी 400 सीटें जीतेगी। जनता का रुझान बहुत बढ़िया है। मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए जनता में काफी उत्साह है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने सक्ति विधानसभा मे सपत्निक लोकसभा चुनाव के लिए मतदान किया।

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने मतदान किया, कहा पहले मतदान फिर दूजा काम

रायगढ़। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने मतदान कर उन्होंने अपने एक्स एकाउंट में लिखा, आपका वोट आपकी ताकत एक वोट के कारण ही अटल जी की सरकार गिरी थी, यह है आपके एक वोट की ताकत, इस एक वोट की बहुत बड़ी कीमत होती है। दुनिया में लगभग 100 से अधिक देशों में वोट देने का अधिकार नहीं हैं, यह भारत के लोकतंत्र की ताकत है कि एक-एक वोट बहुत जरूरी है। आपका एक वोट मोदी जी को तीसरी बार लाने में सहयोगी होगा। यह राष्ट्रीय चुनाव है, राष्ट्र को विकसित करने का चुनाव है। पहले मतदान फिर दूजा काम। आओ हम सब मिलकर मतदान करें और इस महा उत्सव में भागीदारी निभाएं। मतदान केंद्रों में गर्मी को देखते हुए तमाम इंतजाम किये गये हैं। नींबू पानी से लेकर मतदाता रथ तैनात हैं। दिव्यांग, मरीज और बुजुर्ग इस मतदाता रथ का इस्तेमाल कर सकते हैं।

तिल्दा। राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने बलौदा बाजार विधानसभा अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन, ग्राम तुलसी-तिल्दा के बूथ क्रमांक 244 में अपने पूरे परिवार के साथ वोट दिया।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अपनी धर्मपत्नी के साथ किया मतदान

रायपुर। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अपनी पत्नी रितु जैन के साथ देवेन्द्र नगर आफिसर्स कॉलोनी स्थित आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 52 में मतदान किया।

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने सपत्नीक बीपी पुजारी स्कूल पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने मतदान के बाद सेल्फीजोन में सपत्नीक फोटो भी ली। डॉ सिंह ने सभी मतदाताओं से मतदान की अपील भी की।

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने सपरिवार किया मतदान

रायपुर। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने रायपुर के चौबे कॉलोनी में अपने-अपने परिवार के साथ मतदान किया।

रायपुर। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तीसरे चरण के मतदान के दौरान मुख्यमंत्री के सचिव एवं जनसंपर्क सचिव पी. दयानंद ने अपनी धर्मपत्नी शैलजा के साथ देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी रायपुर के आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 52 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

रायपुर। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तीसरे चरण के मतदान के दौरान देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी के आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 52 में मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने मतदान किया।

रायपुर। सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी के साथ उनकी धर्मपत्नी गार्गी परदेशी ने भी वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

रायपुर एसएसपी संतोष सिंह पत्नि सहित पहुंचे मतदान केन्द्र

रायपुर। एसएसपी रायपुर संतोष सिंह ने पत्नी वंदना सिंह सहित सिविल लाईन के जल संसाधन विभाग स्टेट डाटा सेंटर में बने मतदान केंद्र में मतदान किया और सेल्फी ली। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

आदर्श एवं संगवारी मतदान केंद्र बने विशेष आकर्षण का केन्द्र

सेल्फी जोन का रहा विशेष क्रेज,थीम बेस मतदान केंद्र ने मोहा सब का मन, व्यवस्थाओं से मतदाता हुए गदगद

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार भाटापारा जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र में मतदाताओं को आवश्यक सुविधा एवं परिवेश उपलब्ध कराने हेतु स्थापित किए गए आदर्श मतदान केंद्र एवं संगवारी मतदान केंद्र मतदाताओं एवं आम लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उल्लेखनीय है कि आदर्श मतदान केंद्रों में इस बार भीषण गर्मी को देखते हुए राहत देने के उद्देश्य से समुचित व्यवस्था की गई है। इन मतदान केंद्रों में बच्चों के मनोरंजन,विशेष आकर्षक सेल्फी जोन, विश्राम, ओआरएस सेंटर, ठंडी पेयजल आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन मतदान केंद्रों में पहुंचे मतदाताओं ने जिला प्रशासन की इस नवाचार की सराहना की है। इसी तरह आदर्श मतदान केंद्रों में आकर्षक साज-सज्जा के साथ-साथ मतदाताओं के बैठने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले, एलरैम्प, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, दिव्यांग रथ, टेंट, शुद्ध पेयजल आदि की व्यवस्था के अलावा मतदाताओं की सहायता के लिए बूथ लेवल अधिकारियों की तैनाती की गई है। जांजगीर चांपा लोक सभा क्षेत्र में वन विभाग द्वारा कसडोल के ग्राम लाहौद, नगर पंचायत कसडोल एवं बार नवापारा अभ्यारण्य थीम पर थीम पर मतदान केंद्र का साज-सज्जा वन विभाग के दौरा किया गया था। साथ ही ग्राम पंचायत अमेरा एवं कटगी में मड़वा आधारित थीम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसी तरह रायपुर लोकसभा अंतर्गत बलौदाबाजार के ग्राम कुकुरदी में छतरी, ग्राम रवान में झंडे में राजस्व एवं पंचायत विभाग द्वारा मतदान केंद्र को थीम पर सजाया गया था। जो लोगों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र रहा। ग्राम अर्जुनी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हिट स्ट्रोक मैनेजमेंट, वैक्सिनेशन पर, सिमगा अंतर्गत ग्राम सुहेला में पेपर कार्फ्ट आधारित मतदान केंद्र बनाया गया। इसी तरह महिला बाल विकास विभाग द्वारा शहर के मतदान कन्या स्कूल को विशेष थीम मे सजाया गया। मतदान में 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं के अलावा 80 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने बेटा-बहु,पोता-पोती एवं परपोतियों के साथ एवं दिव्यांग मतदाताओं के साथ-साथ नवदम्पत्ति तथा बहु, पोता-पोतियों के संग एक साथ किया मतदान किया। कसडोल विधानसभा में ग्राम बल्दाकछार के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के कमार मतदाताओं ने मतदान किया। इसी तरह जिला मुख्यालय निवासी विद्या देवी पंजवानी उम्र 88 वर्ष ने मतदान केन्द्र क्रमांक 128 में तथा 90 वर्षीय ग्राम करही बाजार निवासी सेहतरीन बाई ने अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना की। साथ ही कसडोल के ग्राम छांछी मतदान केंद्र 104 छांछी में दिव्यांग मतदाता 60 वर्षीय छोटेलाल ध्रुव, 50 वर्षीय देवलाल वर्मा एवं 50 वर्षीय मीना कुमारी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह फर्स्ट टाइम वोटर बलौदाबाजार निवासी निधि साहू ने पहली बार वोट किया। उन्होंने व्यवस्थाओं को देखकर काफी प्रशंसा की साथ ही आकर्षक सजावट की भी तारीफ की है। इसी तरह युवा मतदान केंद्र हथबंद में आंचल सोनी ने भी पहली बार लोकसभा इलेक्शन में अपना मतदान किया। इसी तरह ग्राम पंचायत हथबंद के ही नवविवाहित जोड़े 22 वर्षीय योगेश सोनी एवं 20 वर्षीय मंजू सोनी ने मतदान किया। एलउन्होंने भी सभी जिलेवासियों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है।

खनिज विभाग द्वारा भाटापारा नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 143 में में खदान में मतदान के थीम पर सजाया गया है। जो की काफी आकर्षक एवं विशाल रहा.लोग सुबह से शाम तक फोटो खिंचवाने के लिए उमड़े रहे। भाटापारा निवासी मतदाता राधेश्याम साहू ने कहा मैं चौथी बार लोकसभा चुनाव में मतदान कर रहा हूं. जिंदगी में पहली बार मतदान केंद्र में इस तरह की साज सज्जा देखने को मिला मानो हम मतदान केंद्र नहीं बल्कि कोई झांकी देखने के लिए आए हो।यहां पर बैठने की व्यवस्था के साथ पीने के लिए ठंडा पानी की भी समुचित व्यवस्था की प्रशासन द्वारा की गई है। निश्चित ही इस व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। यह चुनाव निश्चित ही मतदाताओं को सुविधा मुहैया कराने में मील का पत्थर साबित होगा। इसके साथ ही खदान में होने वाले गतिविधियों पर आधारित जीवंत सेल्फी जोन भी बनाया गया था।

तृतीय लिंग के मतदाताओ ने भी किया मतदान जिले के तृतीय लिंग के मतदाताओ ने भी बड़े उत्साह से लोकतंत्र के इस पर्व में सहभागी हुए। इस दौरान तृतीय लिंग के मतदाताओ ने भाटापारा नगर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 186 में अपने मत का किया प्रयोग।

लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान केंद्र क्रमांक 196 ढाबाडीह भाटापारा में दिव्यांग मतदाता प्रेम दास पिता ढेल सिंग उम्र 45 वर्ष द्वारा मतदान किया गया। जिसकी बाइक दुर्घटना मे पैर चोट होने के कारण एसीएल सर्जरी किया गया है जिसके बाद भी मतदान केन्द्र में पहुंच कर मतदान किया एवं सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया। इसी तरह ग्राम कामता निवासी 57 वर्षीय अदली दास मानिकपुरी ने लकवा ग्रस्त होने के बाद भी मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो की काबिले तारीफहै। इसी तरह वोट देने के लिए बलौदाबाजार निवासी बैंगलौर में रहने वाली अंकिता अग्रवाल अपने परिवार के साथ मत देने पहुंची। उन्होने भी व्यवस्थाओं को देखकर जिला प्रशासन की खुली मन से प्रशंसा की।

कलेक्टर-एसपी ने किया मतदान, घरों से निकल शत प्रतिशत मतदान करने की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के एल चौहान ने अपने पत्नी उर्मिला चौहान के साथ जिला मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 119 स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पंडित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने समस्त जिले वासियों से लोकतंत्र के इस उत्सव में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। सभी लोग घरों से निकल मतदान करने अवश्य पहुंचे,हमने सभी मतदान केंद्रों अच्छी से अच्छी व्यवस्था करने की पूरी कोशिश किए है। जिससे आम मतदाताओ को किसी भी प्रकार की कोई तकलीफ ना हो। इस मौके पर कलेक्टर ने सहज सरल लाइन में लगकर अपने बारी का इंतजार किया। इस दौरान उन्होने आम नागरिकों एवं ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों से मुलाकात कर व्यस्थाओ के बारे भी जायजा लिया। वोट देने के पश्चात बनाएं गए आकर्षक सेल्फी जोन में आकर अपने फोटो लिए.कलेक्टर को अपने बीच देखकर मतदान करने आएं फर्स्ट टाइम वोटर ने भी सेल्फी लिए। एसपी ने भी सहज लाइन में लगाकर किया मतदान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने भी सुबह जिला मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 119 स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पंडित चक्रपाणि शुक्ल स्कूल में ही पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होने भी सभी जिला वासियों से अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की बात की है। उन्होने कहा कि मत देने हमारा अधिकारी ही नही बल्कि हमारा कर्तव्य है। आप सभी बिना किसी भय लालच निर्भीक निष्पक्ष होकर अपने मतों का प्रयोग करे।

गरियाबंद एवं राजिम में रविवार, छुरा में गुरुवार तथा फिंगेश्वर में शुक्रवार को बंद रहेंगी दुकानें

गरियाबंद। गरियाबंद जिले में दुकान स्थापना अधिनियम, 1958 अंतर्गत गरियाबंद जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों में गरियाबंद एवं राजिम में रविवार को, छुरा में गुरुवार को एवं फिंगेश्वर में शुक्रवार को बंद दिवस घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी गरियाबंद ने बताया कि दुकान स्थापना अधिनियम, 1958 की धारा 13 (1) के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र में सप्ताह में एक दिन संस्थान बंद एवं कर्मकारों को साप्ताहिक अवकाश प्रदान करने का प्रावधान है। राजिम, गरियाबंद में रविवार को तथा छुरा में गुरुवार एवं फिंगेश्वर में शुक्रवार को अति आवश्यक सेवा को छोड़कर अन्य दुकानें/ स्थापना/ संस्थान छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 की धारा 13(1) के अंतर्गत पूर्णरूप से बंद रहेंगे।

पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में देखी खुशी की झलक

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवा वर्ग में काफी उत्साह देखा गया। मतदान केंद्र रघुनाथ दास केसरवानी स्कूल गणेश शंकर बाजपेई स्कूल पंडित लक्ष्मी नारायण कन्या शाला आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल मैं पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए युवा वर्ग दिखाई दिए खुशी से बस यही कहती बहुत उत्साहित हूं। पायनियर के संवाददाता दिलीप माहेश्वरी ने अगल अलग बूथ पर जाकर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से विशेष बातचीत की। उधर पंडित लक्ष्मी नारायण कन्या शाला में में सुबह सात बजे से ही मतदाता बूथ पर वोट डालने के लिए पहुंच गए। सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर मतदाता लाइन में खड़े थे। मतदाता अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने के लिए उत्सुक नजर आए। खास युवाओं में मतदान के प्रति काफी जोश देखा गया वे सुबह सवेरे ही मतदान करने में आगे रहे। सुबह आठ बजे तक में 4 मतदान केंद्रों पर 500 मत डाले जा चुके थे । मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का आना जारी है। मतदाताओं में महिलाओं व युवाओं की भी काफी संख्या देखी जा रही थी। महिलाएं कड़कती धूप में अपनी बारी का इंतजार करते देखी गई। नवविवाहिता मीना गुप्ता कहा कि कुछ समय पूर्व मेरी शादी हुई है और अपनी ससुराल में आते ही मुझे मतदान का अधिकार मिल गया। इसलिए अपनी ससुराल में पहली बार मतदान करके मैं बहुत खुश हूं। नवविवाहिता सपना सेन ने कहा कि मेरी दिली इच्छा थी कि राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दूं और आज पहली बार मतदान करके मेरी यह इच्छा पूरी हो गई है इसलिए मैं इतनी प्रसन्न कि बता नहीं सकती।

कीर्ति केसरवानी ने कहा वह अपना मतदान देने बेंगलुरु से आई है पहले जब वे लोगों को मतदान करते देखती थी तो मेरा मन चाहता था कि वे भी मतदान करें और उनकी अंगुली पर भी स्याही का निशान लगे। मेरा वोट राष्ट्र के हित में काम आए मेरे बाबा पूर्व विधायक रह चुके हैं मैं बचपन से ही चुनाव का माहौल देखा है मेरी इच्छा थी कब मैं मताधिकार का प्रयोग करूं मतदान देने के बादआज इच्छा पूरी होने पर प्रसन्न हू। मतदान करने के बाद में बहुत खुश हूं। बूथ नंबर 130 में मतदान करने पहुंची मुस्कान गुप्ता (बीटेक एमबीए) ने कहा बेंगलुरु से मतदान के लिए आई हूं मेरा पहला मौका था कि अपने मत का प्रयोग करू। वोट डालना हमारा सभी कर्तव्य भी बनता है। इसके लिए वोट जरूरी डालना चाहिए। राष्ट्रीय हित के लिए मतदान जरूरी है मेरा मतदान राष्ट्र के हित में काम आए। अदिति पवार गांधी चौक निवासी ने कहा कि कुछ समय पहले ही मत बनाया था। पहली बार मतदान करने के लिए काफी उत्साहित थी। इस दिन का इंतजार कर रही हूं। मतदान करने के लिए दूसरों को भी जागरूक किया। मेरे उंगली में स्याही का निशान लगने से मैं बहुत खुश हूं मैं राष्ट्र के लिए अपना योगदान दिया है।

श्री हरि नामयज्ञ संकीर्तन्य अष्टप्रहरी का आयोजन 11 व 12 मई को, तैयारीयां जोरों पर

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

पूर्वी छत्तीसगढ़ के फुलझर राज्य अंचल के संस्कारधानी गांव के नाम से विशेष पहचान स्थापित ग्राम पंचायत तोषगांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त भगवत संकीर्तन प्रेमी ग्रामीण एवं अंचल के उदार दान दाताओं के जनसहयोग से आगामी 11 व 12 मई को आदि जगतगुरू शंकराचार्य व भक्तिकालीन सगुण कृष्ण भक्तिमार्गी महाकवि संत शिरोमणि सूरदास जी के जयंती और मातृ दिवस के पावन अवसर पर श्री गौर- निताई गौरमठ मंदिर प्रांगण में श्री हरि नामयज्ञ नाम संकीर्तन्य अष्टप्रहरी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रथम दिवस 11 मई 2024 वैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्थी को कुलपुरोहित पंडित पुजारियों के वैदिक मंत्रोच्चार और ग्रामाधिपति यज्ञमानों के व्रत यज्ञीय संकल्पना से सर्व देवा- देवी देवाव्हान कलश स्थापना पूजा श्री गौर- निताई जगन्नाथ भगवान जी के विग्रह मूर्तियों का महाआरती मृदंग खोल-ताल पूजन व श्री हरि नामयज्ञ अष्टप्रहरी का अखण्ड नामोच्चारण में ग्राम तोषगांव एवं आश्रित ग्राम मनकी के संकीर्तन्य मंडलियां सहित छत्तीसगढ़ के दो और पश्चिम ओडिसा के छह नामी आमंत्रित संकीर्तन मंडलियों में - खलिहापाली -अताबिरा (ओडिसा), साल्हेपाली -रेशम (ओडिसा), अड़ाईगुढ़ी -रेशम (ओडिसा) , तालमेण्डा -भेड़ेन (ओडिसा), ब्रम्हचारी- बरगढ़ (ओडिसा) , पहण्डी- बिजेपुर (ओडिसा), और देवलगढ़ - बरनाईदादर (छत्तीसगढ़) नाम जाप में सहयोग प्रदान करेंगे। द्वितीय दिवस वैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी को कुलपुरोहित पंडित पंडा पुजारियों यज्ञमानों और ग्रामीण अनुष्ठानकर्ताओं की उपस्थिति में ग्राम्य वैभव सुख समृद्धि गौ धन-धान्य सद्भावना और विश्व कल्याण की मंगल कामना सहित यज्ञीय हवन पूजन पूर्णाहुति व मंदिर में विराजित आराध्य महाप्रभु भगवान जगन्नाथ जी को भोग प्रसाद समर्पित पश्चात संकीर्तन दर्शनार्थी सर्व जन समुदाय को हरिपंगत अभड़ा भोग महाप्रसाद वितरण किया जाएगा तथा दोपहर 12.30 बजे से श्री हरि नामयज्ञ संकीर्तन्य का गायन -वादन एवं कला प्रदर्शन का आकर्षण सांस्कृतिक छटा भजन बैठकी का प्रसतुति व दधीभंजन पश्चात् विभिन्न वार्डों में नगर भ्रमण का कार्यक्रम रहेगा। श्री हरि नामयज्ञ संकीर्तन आयोजन की तैयारी में आयोजन समिति के पदाधिकारी गण ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीण युवा वर्ग अपने -अपने दायित्वों प्रभार अनुसार पंडाल वंदनवार स्वागत द्वार आदि निर्माण कार्यों में युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने संकीर्तन भगवत्प्रेमी सनातन धर्मानुरागी दर्शानार्थी भक्तवृन्दों को बहु- संख्या में भाग लेकर इस पुण्य अवसर के भागी बन आयोजन को सफल बनाने की अपील किये हैं। आयोजन समिति के संरक्षक विद्याभूषण सतपथी सेवानिवृत्त प्राचार्य समाज सेवी एवं राष्ट्रभाषा हिन्दी अकादमी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष पुरुषोत्तम प्रकाश भोई एवं सलाहकार रासबिहारी विशाल ने बताया कि यह श्रीहरि नामयज्ञ संकीर्तन्य अनुष्ठान करवाने के का इतिहास कितना प्राचीन है हम नहीं जानते परन्तु प्रतिवर्ष परम्परागत रूप में वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पूर्वजों की देन विरासत की यह परम्परा पूरी निष्ठा और तन्मयता से होता आ रहा है। तोषगांव श्रीहरि नामयज्ञ को अंचलवासी एक भक्ति गंगा तीर्थ महोत्सव के रूप में स्मरण करते हैं। इस दिन ग्राम के शासकीय-अशासकीय विभिन्न प्रदेशों में कार्यरत अधिकारी -कर्मचारी वर्ग यहां तक विदेशों में रहने वाले प्रवासी को भी यह दिन तोषगांव मातृभूमि की सोंधी महक खींच लाता है। हर घर दीपावली पर्व की भांति संकीर्तन दर्शानार्थी मेहमानों से गुलजार रहता है। पुराने इष्टमित्रों बंधु बांधव का एक सम्मेलन का दिन होता है। प्रैस विज्ञप्ति में उपरोक्त जानकारी राजेन्द्र सिंह सिदार शिक्षक में दी है।

फर्स्ट टाइम वोटर ने किया पहली बार वोट, व्यवस्थाओं से हुई गदगद, आकर्षक सजावट की तारीफ

बलौदाबाजार। निधि साहू

बलौदाबाजार। निधि साहू

बलौदाबाजार। मधु चक्रवर्ती।

बलौदाबाजार। अदिति पवार

बलौदाबाजार। मुस्कान गुप्ता।

बलौदाबाजार। अदिति पवार

बलौदाबाजार। सपना सेन।

बलौदाबाजार। सपना सेन।

मारवाड़ी जागृति मंच द्वारा अमृतधारा पेयजल सेवा का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा सरायपाली के द्वारा अमृत धारा के तहत पतेरापली में पेयजल सेवा शुरू किया गया है। जो गर्मी में लोगो को ठंडे पानी उपलब्ध होंगे। उक्त कार्य के शुभारंभ अवसर पर मंडल सहायक मंत्री रश्मि अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, अमृतधारा संयोजक नीलम अग्रवाल, रूपल अग्रवाल, सपना अग्रवाल, अंजली अग्रवाल, सानिया अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को मिली मतदान रथ की सुविधा

कलेक्टर ने स्वयं मतदान रथ चलाकर बुजुर्ग को लेने पहुंचे घर

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। इसी कड़ी में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान केंद्र तक लाने एवं पुनः घर पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा मतदान रथ की सुविधा उपलब्ध कराई गई। ऐसी सुविधा से बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को बड़ी राहत मिली। इसके साथ ही मतदान केंद्र में व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी थी। कलेक्टर के. एल. चौहान ने मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां रखे मतदान रथ (ऑटो) को स्वयं चलाकर मतदाता को लेने बलौदाबाजार स्थित उसके घर पहुंचे। उन्होंने मतदाता सुलक्षणा तलान को पुष्प गुच्छ भेंटकर बलौदाबजार मतदान केंद्र क्रमांक 120 में मतदान हेतु मतदान रथ में बैठाकर अपने साथ लाए। इसके साथ ही उन्होंने मतदाता को व्हील चेयर पर मतदान के लिए जाने में भी मदद की। मतदान करने के बाद मतदाता सुलक्षणा तालान को पुनः मतदान रथ से वापस घर पहुंचाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी साथ रहे। उन्होंने भी बुजुर्ग का हालचाल लेकर उनका अभिनंदन किया।

बलौदाबाजार। स्कॉउट गाइड द्वारा मतदाता मित्र के रूप में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का सहयोग करते हुए।

शासकीय विद्यालय में मानसिक तनाव तथा भय मुक्त रखने किया सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा में दसवीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्रा में होने वाले तनाव को दूर करने के उद्देश्य से पालक शिक्षक एवं शाला विकास समिति का सम्मेलन रखा गया जिसमें अपने अपने पाल्यों के परीक्षा परिणाम पर हतोत्साहित न होने एवं मानसिक तनाव तथा भय मुक्त रखने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। जिसमें शाला विकास समिति के सदस्य चतुर्भुज डडसेना, सरपंच कमलेश्वरी दीवान, और प्राचार्य ए के षडंगी के साथ साथ समस्त व्याख्याता व कर्मचारी उपस्थित थे।

आत्मानंद विद्यालय में कला-कौशल विकास के लिए समर कैंप का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

वद्यार्थियों के कला- कौशल विकास हेतु समर कैम्प 2024 का आयोजित किया गया। समर कैम्प का आगाज़ 6 मई को प्राचार्य मनोज पटेल द्वारा किया गया। प्रथम सत्र योग - प्राणायाम के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में पालकगण एवं विद्यार्थी शामिल होकर लाभान्वित हुए। बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के पूर्व ही पालकों को तनाव प्रबंधन संबंधी विशेष प्रशिक्षण दिया गया एवं आवश्यक चर्चा परिचर्चा की गई। समर कैम्प को ख़ास बनाने तमाम तरह की एक्टिविटीज डिजाइन की गई है जिसमें भाषायी कौशल विकास (इंग्लिश/ संस्कृत), समझते हुए पढ़ना(रीडिंग स्किल), व्यक्तित्व विकास, बेसिक कम्प्यूटर एवं मैथ्स मैजिक, गीत संगीत,कहानी, डांस, ड्रॉइंग/ पेंटिंग, ओरिगेमी, कला शिल्प कौशल बढ़ाने हेरिटेज की सीख, केलीग्राफी, लीफआर्ट, क्ले आर्ट, म्यूजिक, आर्ट एवं हैंडक्राफ्ट, विज्ञान के रोमांचक प्रयोग कार्य/ गतिविधियां, मेंहदी आर्ट, फिजिकल फिटनेस के लिए हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम के साथ ही योग,पी.टी., जुंबा, मार्शल आर्ट, कैरम, चेस प्रशिक्षण आदि को शामिल करते हुए विभिन्न रुचिकर, ज्ञानवर्धक, आनंददायक, नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से यह समर कैम्प आयोजित किया जा रहा है। समर कैंप में एक ओर जहां बच्चे हुनरमंद बनेंगे, वहीं उनकी प्रतिभा भी निखरेगी। बच्चे जहां समर कैंप में खेल खेल में खुशी खुशी अपने मित्रों के साथ नई और अच्छी चीजें सीख सकते हैं वहीं मोबाईल फोन,वीडियो गेम्स आदि की दुनिया से भी कुछ वक्त दूर रहेंगे। बच्चों को विषय विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग देने के साथ ही उनका आईक्यू टेस्ट भी लिया जाएगा। इससे बच्चों के सीखने की क्षमता का पता लगेगा. प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि समर कैंप में ऐसी गतिविधियाँ शामिल हैं जो विद्यार्थियों के जीवन के शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं को विकसित करने में मदद करती हैं। हमारा उद्देश्य शैक्षिक, मनोरंजक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन की वर्तमान और भविष्य की गुणवत्ता में सुधार करना है।

प्राचार्य मनोज पटेल ने बताया कि समर कैम्प से प्रबंधन के साथ आउटडोर/ इंडोर गेम्स, इंग्लिश स्पोकन, पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट, योगा, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस जैसी कई गतिविधियां सहज रूप से बच्चों को सीखने को मिलेगी इसलिए अधिकाधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ लेने प्रेरित किया जा रहा है। इस खास समर कैम्प को सफल बनाने में गेस्ट टीचर्स के साथ प्राचार्य मनोज पटेल, व्याख्याता लता साहु, महेश नायक, प्रदीप नारायण सेठ, नरेश पटेल, मीना एस. प्रकाश, सुब्रत प्रधान, जलंधर वर्गे,दिनेश कर, प्रवीण तिवारी, रेखा पुरोहित, उमा नायक, हरिश चौधरी, ज्योति सलूजा, लक्ष्मी चौधरी, मंजिला चौधरी, मौसमी माथुर, शिवेंद्र सिंह सोनवानी, साकेत राजवाड़े, प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी, शिक्षिका रश्मि राजा,शिक्षक श्याम सुन्दर दास, शिक्षक विनोद कुमार चौधरी, गजानंद प्रधान, विशिकेशन नैरोजी, हिमाद्री प्रधान, प्रधान पाठक आशा शर्मा, सहायक शिक्षक एल.बी.पात्रो, नेतराम पटेल,धनपत सिदार, भारती सिदार, शोभाराम भोई, नेहा दास साहु, गुलाब चौहान,अक्षय भोई, रोहित मुन्ना, सविता सिदार, घसियाराम चौहान, गीती बरिहा, गोमती बरिहा, केशवप्रसाद चौहान आदि का भरपुर सहयोग मिल रहा है।

बुजुर्ग मतदाता बदरा बाई और अंजनी बाई ने किया विशेष दिव्यांग रथ का उपयोग

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बदरा बाई साहू 85 उम्र की बुजुर्ग मतदाता ने साजा विधानसभा क्षेत्र में निःशुल्क विशेष वाहन सुविधा (दिव्यांग रथ) का मतदान हेतु उपयोग किया। बदरा बाई साहू और को अंजनी बाई उम्र के कारण चलने की दिक्क़त थी । निर्वाचन आयोग ने के निर्देश पर ज़िला प्रशासन द्वारा विशेष वाहन सुविधा (दिव्यांग रथ) उपलब्ध करायी है। कोई भी 80 उम्र से अधिक उम्र या दिव्यांग मतदाताओं या 80 से अधिक उम्र या जो चलने में असमर्थ है। निर्वाचन आयोग ने के निर्देश पर ज़िला प्रशासन द्वारा विशेष वाहन सुविधा (दिव्यांग रथ) उपलब्ध करायी है। ऐसा मतदाता या उसका कोई परिजन या परिचित व्यक्ति टोल फ्री नंबर 1950 पर फोन कर निःशुल्क परिवहन सुविधा (दिव्यांग रथ) का लाभ ले सकता है। ज़िले के सभी मतदान केंद्रों मैं बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचीयर की व्यस्थापन की गयी है।उनकी सहायता के लिए स्काउट गाइड,(गल्स) स्काउट (वॉयज) की भी व्यवस्था है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 में निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सभी वर्गों खासकर दिव्यांग मतदाताओं का मत प्रतिशत बढ़ाने के प्रयासों के तहत यह पहल की गई है। इसके लिए दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में आने वाली सभी बाधाओं को यथासंभव दूर करने के लिए, यातायात की सुविधा, मतदान केंद्र पर रेंप, व्हील चेयर और मतदान प्रक्रिया में मदद के लिए सहायक उपलब्ध कराने के अलावा दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल युक्त ईपीआईसी देने की भी सुविधा है। पहल की गई है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में दृष्टिबाधित मतदाता अपने परिजन के साथ जाकर मतदान कर सकेंगे। वहीं जो दृष्टिबाधित मतदाता ब्रेल लिपि के जानकार हैं वो स्वयं वोट डाल रहे। ईवीएम के बगल में इस लिपि के माध्यम से प्रत्याशियों के नाम उन्हें मिल जाएंगे। वहीं दिव्यांगों को बूथों तक ले जाने के लिए मतदाता मित्र तैयार है।

माशिमं के हेल्पलाईन नम्बर में परीक्षार्थियों ने पुछे विभिन्न प्रश्न

- **परीक्षार्थियो, अभिभावको में परीक्षा परिणाम से पूर्व उनके मन में आने वाले प्रश्नों, समस्याओ का त्वरित निराकरण किया गया**

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर की अध्यक्ष रेणु पिल्ले के संरक्षण में एवं सचिव पुष्पा साहू के आदेशानुसार हेल्पलाईन नम्बर 18002334363 संचालित है। परीक्षा परिणाम के पूर्व विद्यार्थियों के मन में परीक्षा परिणाम के भय से होने वाले तनाव के प्रबंधन, कैरियर विषय चयन संबंधी मार्गदर्शन के लिए 07 मई 2024 को मनोवैज्ञानिक कैरियर काउंसलर डॉ0 स्वाति शर्मा, डॉ वर्षा वरवंडकर, उपसचिव जे के अग्रवाल के मार्गदर्शन हेल्पलाइन नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार साहू के नेतृत्व में सहायक प्राध्यापक मनीषी सिंह, प्रीति शुक्ला, सिरीज पॉल, द्वारा परीक्षार्थियो, अभिभावको में परीक्षा परिणाम से पूर्व उनके मन में आने वाले विभिन्न प्रकार के प्रश्नों, समस्याओ का त्वरित निराकरण किया गया। हेल्पलाईन में विभिन्न जिलों से रिजल्ट कब तक आयेगा, फिक्स डेट बता सकते है क्या? तनाव हो रहा है मेरा रिजल्ट कब आयेगा? कितने नंबर में पास होते है? अंकसूची सुधार की प्रक्रिया क्या है? अंकसूची गुम हो गया है, द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिये क्या करना होगा जैसे विभिन्न प्रश्न पुछे गये। मण्डल के हेल्पलाईन नम्बर पर आज 7 मई 2024 को कुल 70 फोन कॉल आये। आगामी दिवस 8 मई 24 को प्रातः 10:30 बजे से सायं 05 बजे तक मोनिका साहू, मनोवैज्ञानिक, कैरियर काउंसलर, मनोचिकित्सक के द्वारा समस्याओं का निराकरण किया जावेगा।

नवनिर्मित पंचमुखी हनुमान जी मंदिर मे हवन पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा पर हुआ भंडारा

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मुजगहन में नवनिर्मित पंचमुखी हनुमान जी का हवन पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया गया एवम् विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था जिसमे हनुमान चालीसा का पाठ कर वीर बजरंगी का चोला श्रृंगार किया गया गया।

श्रृंगार के बाद हवन पूजन एवम् महाआरती का आयोजन किया गयाए, त्पश्चात महाप्रसादी वितरण किया गया। महाप्रसादी के बाद जय बजरंग आखाड़ा समिति खपरी द्वारा आकर्षक आखाड़ा का प्रदर्शन। किया गया रोशन गोस्वामी ने सभी ग्राम वासियों को मंदिर परिवार के तरफ से श्री हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के पंडित सोम दुबे रहे। कार्यक्रम में हजारों भक्तों ने महाप्रसादी का लाभ उठाया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोशन गोस्वामी उमेश साहू, भीखम साहू, रमेश साहू, सोनू यादराम, वरुण , नितेश, पप्पू ,हरीश और हजारों की संख्या में श्री राम हनुमान भक्त उपस्थित थे।

सड़क हादसे में मजदूर की मौत, नाली निर्माण कार्य कर रहे मजदूर पर जा पलटी ट्रक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

भयानक सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गईए। ट्रक पलटने से यह हादसा हुआ है। बताया गया कि मंगलवार की सुबह एक ट्रक अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम देमार की ओर से गुजर रहा था तभी एक अन्य बोलेरो वाहन ने ट्रक को ओवरटेक किया इस दौरान अचानक अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया हादसे में ट्रक, नाली निर्माण में लगे मजदूरों के समीप जा पलटा जिसमे एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में सनसनी फेल गई, वहीं सूचना पर अर्जुनी पुलिस व स्टाफ मौके पर पंहुचकर ट्रक को सीधा कर आगे की आवश्यक कार्रवाई मे जुट गयी। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप है पुलिस ने ट्रक को जप्त कर लिया है जो कि बचेली क्षेत्र की बताई जा रही है।

पहले मतदान फिर काम कलेक्टर ने किया मतदान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा और उनकी धर्म पत्नी ने ज़िला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। कलेक्टर सवेरे मतदान पहुंच गये थे। कलेक्टर और उनकी पत्नी ने लाईन में लगकर अपनी बारी पर मतदान किया। इसके बाद वोटर सेल्फी जोन जाकर सेल्फी ली। बच्चें भी साथ थे। इसके बाद वह जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों के अवलोकन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने निकले।

कम्प्यूटर टैली प्रशिक्षण के लिए आवेदन 14 मई तक

धमतरी। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी द्वारा 30 दिवसीय टैली प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण युवक, युवतियों से आगामी 14 मई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी अनिता टुडू ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क एवं आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। राशन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और 5 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में जमा करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 73899-43193 और 97559-17024 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

आबकारी अमला द्वारा जप्त किया गया 20 लीटर महुआ शराब

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि नगरी के ग्राम सियादेही जंगल में आबकारी अमला द्वारा कार्यवाही करते हुए 20 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। इसी तरह लगभग 500 किलो महुआ लाहन जप्त कर नष्ट किया गया। साथ ही अज्ञात आरोपी के ख़िलाफ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) च के तहत कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर आबकारी उप निरीक्षक निशांत साधु, अजय मारकण्डे, आबकरी प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, आबकारी आरक्षक मुरली सोनी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

मृतक को मुआवजा नही देने पर न्यायालय के आदेश पर डीएफओ कार्यालय किया गया सील

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय के द्वारा बस्तर वन मंडल अधिकारी का कार्यालय सील कर दिया गया हैं। दरअसल वर्ष 2021 में भानपुरी इलाके में कमल कश्यप नामक एक ग्रामीण की वन विभाग कि वहान से दुर्घटना हो गई थी, इस दुर्घटना में कमल कश्यप की मौत हुई थी। मृतक पत्नी दो बच्चों और माता-पिता का अकेला वारिश था। वर्ष 2023 में न्यायालय ने छत्तीसगढ़ शासन और बस्तर वन मंडल अधिकारी को एक करोड़ 84 लाख रुपए राशि भुगतान करने का आदेश किया, लेकिन विभाग के द्वारा शासन को पत्र लिखने व उच्च न्यायालय में जाने का हवाला देकर मुआवजा राशि नहीं दी जा रही थी। अंत में 6 मई 2024 को जगदलपुर न्यायालय ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए डीएफओ कार्यालय को सील कर कुर्क करने का आदेश जारी कर दिया, सोमवार देर शाम न्यायालय के कर्मचारी डीएफओ कार्यालय पहुंचे और मुख्य कामकाजी दफ्तरों को सील कर दिया गया। पीड़ित पक्ष के वकील नितिन जैन के अनुसार लगातार वन विभाग राशि देने में आनाकानी तथा विभागीय चर्चा करता रहा लेकिन राशि देने में टाल मटोल करता रहा। कभी आचार संहिता का बहाना बनाया जाता तो कभी हाईकोर्ट जाने की दलील दी जा रही थी। जगदलपुर न्यायालय ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यालय सील कर दिया। अब कार्यालय की सामग्री को बेचकर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलवाया जाएगा। डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता का कहना है कि न्यायालय ने 9 मई तक का समय दिया था, लेकिन 3 दिन पूर्व कार्यालय सील कर दिया गया। हमारे द्वारा शासन को पत्र लिखा गया है, क्योंकि आचार संहिता 4 जून तक प्रभावशील रहेगा तब तक प्रकरण में कुछ किया नहीं जा सकता हालांकि हमारे द्वारा शासन को राशि आवंटित करने हेतु पत्राचार किया गया है।

थालेसीमिया के खिलाफ जागरूकता : एम एम आई नारायणा हॉस्पिटल का प्रयास

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर, एम एम आई नारायणा हॉस्पिटल लोगों को थैलेसीमिया के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए समर्थ है। थैलेसीमिया एक ऐसा गंभीर रोग है जिसमें लाल रक्तकोशिकाओं के उत्पादन में असमर्थता होती है, जिससे शारीरिक संघर्ष का सामना करना पड़ता है। थकान, सांस लेने में कठिनाई, ठंड, चक्कर आना, और पीली त्वचा थैलेसीमिया के लक्षणों हैं। इस रोग के संघर्ष के समय, नियमित चिकित्सा जांच और उपचार का पालन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। एम एम आई नारायणा हॉस्पिटल के वरिष्ठ सलाहकार इंटरनल मेडिसिन डॉ. मुकेश कुमार शर्मा का मानना है की आधुनिक उपचार सुविधाओं के साथ थैलेसीमिया के प्रबंधन में नेतृत्व कर रहा है। हमारे ब्लड बैंक केंद्र में प्रभावी रक्ताधान की सुविधा उपलब्ध है, साथ ही हाल ही में हमने 2 बोन मेरो ट्रांसप्लांट भी किया हैं। इलाज अलग-अलग लोगों के लिए अलग हो सकता है, लेकिन रक्त स्त्राव को सामान्य करने के लिए रक्त प्रवाह को बढ़ावा देने और रक्त उत्पादन को सुधारने के लिए उपाय किए जा सकते हैं। थैलेसीमिया को नियंत्रित करने के लिए समयगत चिकित्सा जांच, उपचार, और सहायता का हमेशा समर्थन करते हैं। हम लोगों को थैलेसीमिया के बारे में जागरूक करने के लिए संघर्ष करते हैं ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और लोग इस रोग के खिलाफउचित सुरक्षा के साथ सजग रह सकें और एम.एम.आई. नारायणा हॉस्पिटल इसमें आपके साथ है। डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने यह भी कहा की संघर्ष के खिलाफ मिलकर, हम थैलेसीमिया के बचाव और इलाज की दिशा में नए उत्थानों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। लुस्पेटरसेप्ट जैसे उपचारों का प्रयोग थैलेसीमिया के रोगियों को राहत प्रदान करने में मदद करता है। हमारे विशेषज्ञ चिकित्सा टीम के द्वारा प्रदान की जाने वाली उचित देखभाल से, थैलेसीमिया के रोगियों को समर्थन और देखभाल की जरूरत प्राप्त होती है। इस विशेष दिन पर, हमारी कोशिश को सफल बनाने के लिए हम सभी को साझा जिम्मेदारी महसूस करते हैं। हम थैलेसीमिया के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए अपील करते हैं ताकि हम सभी एक स्वस्थ और खुशहाल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। संघर्ष के इस महत्वपूर्ण दौरान, हमारे संगठन, एम एम आई नारायणा हॉस्पिटल, ने अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। हम आपके सहयोग और साझेदारी की अपेक्षा करते हैं, जिससे हम सभी मिलकर थैलेसीमिया के खिलाफ लड़ाई में सफल हो सकें। थैलेसीमिया एक गंभीर रक्त विकार है जिसका सही उपचार मिलना जरूरी है। इसलिए, अगर आपको थैलेसीमिया के लक्षण महसूस होते हैं, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें और सही उपचार प्राप्त करें।

एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A
नियम 8 (6) के परन्तुक को देखें
अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तं व सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियाँ की ई–नीलामी विक्रय सूचना
आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को ''जैसे है जहाँ है'' एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई–नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशिएवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

खाता संख्या एवं ऋणी, सहऋणी / बंधककर्ता / गारंटर का नाम	13(2) मांग नोटिस की दिनांक व राशि एवं भौतिक कब्जे की दिनांक एवं बकाया राशि	सम्पत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य ईएमडी राशि एवं निविदा वृद्धि राशि (राशि रू. में)	ई–नीलामी की तिथि व समय एवं ईएमडी जमा की अंतिम राशि बोली और दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण का स्थान निरीक्षण तिथि
(खाता संख्या 1921233323617185 1. मैसर्स छत्तीसगढ फ्यूल्स जरिये प्रोपराइटर श्री वी. वेणू (ऋणी/बंधककर्ता) 2. श्री वी. वेणू पुत्र श्री वंका वेंकट राव (सहऋणी/गारंटर) 3. श्रीमती वंका मल्लिका पत्नी श्री वी. वेणु (सहऋणी/गारंटर) 4. मैसर्स श्री साई बालाजी ट्रेवल्स जरिये प्रोपराइटर श्री वी. वेणु (सहऋणी)	13 (2) नोटिस की दिनांक 25 जनवरी 2022 ऋण खाता संख्या 1921233323617185 30,73,353/- (तीस लाख तिहत्तर हजार तीन सौ तिरेपन रूपये मात्र) दिनांक 25 जनवरी–2022 तक भौतिक कब्जा 02-फरवरी-2024 को प्राप्त किया ऋण खाता संख्या 1921233323617185 46,76,732/- (छियालीस लाख छिहत्तर हजार सात सौ बत्तीस रूपये मात्र) दिनांक 03 मई–2024 तक भविष्य का ब्याज एवं अन्य खर्चे	सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित परिवर्तित खसरा नं. 7215/2 का भाग, क्षेत्रफल 24000 वर्ग फीट/0.220 हैक्टेयर फ्लैट नं. 502 पांचवी मंजिल, यूनिट नं. 4, फ्लैट क्षेत्रफल 1098.00 वर्ग फीट/ 102.04 वर्ग मीटर शकुंतला अपार्टमेंट में स्थित, मौजा कोहका (शान्ति नगर के अन्दर का भाग), वार्ड नं. 11, पीएच नं. 14/19, आर.आई. सी दुर्ग–01, एनपीएन भिलाई, तहसील एवं जिला दुर्ग (छत्तीसगढ), जो कि श्री वी. वेणु के स्वामित्व में हे सीमाएं: उत्तर: यूनिट नं. 05–501, दक्षिण: यूनिट नं. 03–501, पूर्व: रोड, पश्चिम: रोड कुल बिल्ट अप क्षेत्रफल 1098 वर्ग फीट लगभग	आरक्षित मूल्य 25,00,000/- (पच्चीस लाख रूपये मात्र) ईएमडी राशि 2,50,000/- (दो लाख पचास हजार रूपये मात्र) बोली वृद्धि राशि 10,000/- (दस हजार रूपये मात्र)	28 मई 2024 को दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ, बोली जमा कराने की अंतिम तिथि 27 मई 2024 सांय 6 बजे तक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 7, वार्ड नं. 05, दक्षिण गंगोत्री, जी.ई रोड, घाडी चौक के पास, सुपेला, भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ, 490001 ई–मेल आईडी: rakesh.jain1@ aubank.in निरीक्षण दिनांक: 21–22 मई 2024

सभी इच्छुक प्रतिभागियों/ बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई–नीलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए श्री राकेश जैन से संपर्क करें:9116181827 और ई–मेल rakesh.jain1@aubank.in
यह सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के तेहत एक वैधानिक 15 दिवस का विक्रय सुचना भी है।
ऋणी एवं बंधककर्ता को वैधानिक 15 दिवस का विक्रय सुचना भी है।

ई–नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें:–
1. बंधक परिसंपत्ति की ई–नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है, ''जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और ''नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्त संपत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है। 2. ऑनलाइन ई–नीलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कंपनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूसन, पते का प्रमाण पत्र ईएमडी के साथ, जो आरटीजीएस/ एनईएफटी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU Small Finance Bank Limited पांचवीं एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नंबर 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020, IFSC कोड: AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लिया जा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी rakesh.jain1@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/ एनईएफटी की यूटीआर / रेफरेन्स नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/ बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई–नीलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए श्री राकेश जैन से संपर्क करें:9116181827 और ई–मेल rakesh.jain1@aubank.in

दिनांक: 07 मई 2024 स्थान: दुर्ग (छत्तीसगढ)
प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

संपादकीय

नेपाल की आक्रामकता

भारत-विरोधी कदम

नेपाल ने भारत-विरोधी कदम उठाते हुए भारतीय क्षेत्रों को अपने नोटों पर स्थान दिया है। इस प्रकार उसने अपनी आक्रामकता प्रदर्शित की है। कुछ विवादित क्षेत्रों को नेपाल द्वारा अपने नए करेंसी नोटों पर स्थान देने की इस हालिया घटना से तनाव बढ़ा है। यह कदम न केवल भारतीय संप्रभुता को चुनौती देता है, बल्कि यह नेपाल के उत्तरी पड़ोसी चीन की ओर काफी झुकाव का संकेत देता है। करेंसी नोटों को 'अपडेट' करने का यह साधारण कृत्य राजनीतिक गतिरोध को जन्म देने के साथ क्षेत्र में बाहरी शक्तियों के बढ़ते प्रभाव का भी प्रतीक है। लिपुलेख, कालापानी व लिंपीधुरिया जैसे विवादित क्षेत्रों को इस तरह करेंसी नोटों पर स्थान देने से भारत में गुस्सा पैदा हुआ है। भारतीय अधिकारियों ने नेपाल की इस कार्रवाई को द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन तथा उकसावे वाली कार्रवाई बताया है जिससे दोनों देशों के बीच संबंध और खराब हो सकते हैं। भारत ने नेपाल से कहा है कि वह हमारी संप्रभुता का सम्मान करते हुए संवाद बहाल करे तथा अनुचित आक्रामकता से बचे। इसके पहले नेपाल द्वारा मई 2020 के मध्य में एक राजनीतिक मानचित्र प्रकाशित करने से नई दिल्ली और काठमांडू के बीच तनाव पैदा हो गया था जिसमें लिपुलेख, कालापानी और लिंपीधुरिया को अपने देश में शामिल दिखाया गया था, जबकि 2019 में प्रकाशित मानचित्र में इनको भारत का हिस्सा बताया गया था। विवाद का कारण ऐतिहासिक अनिश्चितता तथा सीमाओं की अलग-अलग व्याख्या है। नेपाल का दावा है कि ऐतिहासिक समझौतों तथा 'कार्टोग्राफिक' प्रमाणों के आधार पर ये उसके क्षेत्र हैं, जबकि भारत का कहना है कि ऐतिहासिक उदाहरणों तथा रणनीतिक व्याख्याओं के आधार पर भारत का इन क्षेत्रों पर नियंत्रण रहा है। यह विवाद दशकों से सुलगता रहा है और कभी-कभी भड़क उठता है, लेकिन इसका कभी पूर्ण समाधान नहीं हुआ।

नेपाल के वर्तमान कदम का संबंध उसके नए राजनीतिक नेतृत्व से है जो जानबूझ कर भारत को नीचा दिखाने के लिए चीन के साथ अपनी निकटता का लाभ उठाने का प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही अनेक अन्य मुद्दे भी उभरे हैं जो काठमांडू के लिए चिन्ता का विषय हैं। भारत की 'अग्निवीर' नीति का नेपाल में स्वागत नहीं हुआ है। पिछले कुछ सालों से नेपाल चीन के ज्यादा निकट जाने का प्रयास कर रहा है तथा नेपाल-चीन संबंध काफी मजबूत हुए हैं। इसके पीछे परस्पर आर्थिक हित तथा रणनीतिक सहयोग हैं। चीन ने नेपाल की ढांचागत परियोजनाओं में भारी निवेश किया है तथा दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ी है। चीन के 'बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव'-बीआरआई में नेपाल की सहभागिता से उसकी बीजिंग पर आर्थिक निर्भरता बढ़ी है और इसे भारत के साथ परंपरागत संबंधों का विकल्प समझा जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में नेपाल द्वारा अपने करेंसी नोटों पर विवादित क्षेत्रों का प्रकाशन एक रणनीतिक संकेत है। इसका अर्थ है कि वह भारतीय प्रभाव से स्वतंत्रता चाहता है। इससे नई दिल्ली में खतरे की घंटियां बजना स्वाभाविक है। भारत को कुछ कदम तत्काल उठाने होंगे ताकि नेपाल को चीनी विस्तारवाद का हिस्सा बनने से रोका जा सके। यदि नेपाल मालदीव के रास्ते पर चलने का निर्णय करे तो इससे भारत को नुकसान होगा। समय आ गया है कि भारत-नेपाल ऐतिहासिक संबंधों का लाभ उठा कर नए नेतृत्व को समझाया जाए कि चीन केवल नेपाल का आर्थिक रूप से इस्तेमाल कर उसे कर्ज के जाल में फंसा कर अनेक अन्य देशों की तरह कंगाल बना देगा। भारत-नेपाल के बीच ऐतिहासिक संबंध नेपाल के लिए भी अत्यधिक लाभदायक हैं।

दिल्ली में अराजकता फैलाने का प्रयास

अतिवादियों को यह अहसास नहीं है कि दुष्टतापूर्ण कार्रवाइयों से उनके समुदाय को ही खतरा पैदा हो सकता है। समुदाय के जिम्मेदार लोगों को अतिवादियों पर लगाम लगाने के प्रयास करने चाहिए।

प्रफुल्ल गोराडिया
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)

दिल्ली और उसके आसपास के 285 स्कूलों में बम धमाकों की 'फर्जी' धमकी अतिवादियों में बढ़ते गुस्से की अभिव्यक्ति है। हालांकि, धमकी देने वाला संदेश 'कुरान के एक पाठ' से लिया गया था, पर उसे रूसी एलेक्ट्रानिक माध्यम से डिस्पैच किया गया था। संभवत: यह दिल्ली में रहने वालों के ईमेल से किया गया था जो संभवत: भारतीय थे। ईमेल बहुत आक्रामक था जिसमें कहा गया था कि 'क्या तुम यह सोचते हो कि तुमने जितने बुरे काम किए हैं उनका कोई जवाब नहीं दिया जाएगा? बचपन से जिहाद की आग हमारे दिलों में धधक रही है। अब हम आग में बदल गए हैं। इंशाअल्लाह इसका बदला लिया जाएगा।' लेकिन ऐसा करने वाले अतिवादियों को यह अहसास नहीं है कि दुष्टतापूर्ण कार्रवाइयों से उनके समुदाय को ही खतरा पैदा हो सकता है। समुदाय के जिम्मेदार लोगों को अतिवादियों पर लगाम लगाने के प्रयास करने चाहिए। यदि वे समझते हैं कि इस दुष्टतापूर्ण कार्रवाइयों से निपटने का काम केवल कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों का है, तो वे गलत हैं। हालांकि, पुलिस तथा अन्य अधिकारी इतना ही कर सकते हैं और इससे अधिक कुछ नहीं, पर इसके पूरे समाज और स्वयं उनके समुदाय पर व्यापक प्रभाव पड़ते हैं। संक्षेप में कहा जाए तो पुलिस व कानून-व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों का काम अल्पसंख्यक समुदाय के जिम्मेदार लोगों की सद्भावना सुरक्षित रखने का नहीं है। लेकिन यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो भारतीय जनता के बड़े हिस्से में यह छवि बनेगी कि जिम्मेदार लोगों की अतिवादी गतिविधियां करने वालों से कोई हमदर्दी है। मुस्लिम कट्टरपंथी अतिवादी अपनी ऐसी हरकतों से भारत में व्याप्त हिंदू-मुस्लिम संबंधों को बहुत गहरी चोट पहुंचाते हैं। इससे हिंदुओं में 'उत्पीड़न' व 'अपमान' की उस भावना की याद और गहरी होती है जो उनको अनेक मुस्लिम आक्रमणकारियों व अत्याचारी क्रूर बादशाहों ने दी है। हालांकि, अकबर जैसे बादशाह ने अपने साम्राज्य को मजबूत बनाने और सुरक्षित रखने में हिंदुओं को खुश रखने और उनके साथ बेहतर संबंध बनाने का महत्व समझा था।

याद रखें कि देश का विभाजन हमारे निकट इतिहास का हिस्सा रहा है और उसे भुलाया नहीं गया है। पाकिस्तान और बांग्लादेश मुहम्मद अली जिन्ना के 'द्विराष्ट्र सिद्धान्त' के प्रतीक बने हुए हैं। जिन्ना ने कहा था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में साथ-साथ नहीं रह सकते हैं। अब पाकिस्तान में बहुत कम हिंदू बचे हैं। इसी तरह बांग्लादेश में भी गैर-मुस्लिमों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। मोहनदास गांधी ने अपनी हत्या के एक दिन पहले डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा राजकुमारी अमृत कौर से कहा था कि भारत एक 'सेक्युलर' देश है क्योंकि इसका विभाजन धार्मिक आधार के बजाय क्षेत्र के आधार पर हुआ है। भले ही यह अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने के मानवीय दृष्टिकोण से कहा गया हो, पर यह सच नहीं था। अधिकांश हिंदुओं का यह विश्वास नहीं है कि यह विभाजन धर्म के आधार पर नहीं था। हिंदू अपने दिल से विश्वास करते हैं कि यह हिंदुओं और मुसलमानों के बीच अंतिम समझौता था। हालांकि, जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी तथा उनके अनुयाई अपना यह विश्वास बनाए रख सकते हैं कि वह युग बीत चुका है और भारत में नया युग आ गया है। व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो समय के अनुसार बदलते रास्ते पर कदम बढ़ाना उचित है, अतीत के कीचड़ में फंसे रहना ठीक नहीं है। यह याद रखना भी जरूरी है कि यूरोप अब आप्रवासियों का स्वागत नहीं करता है और अमेरिका में भी आप्रवासियों के प्रति आकर्षण में कमी आई है और वह बहुत हिचक के साथ ही उनको स्वीकार करता है। ऐसे में उनके लिए केवल अफ्रीका ही ऐसा स्थान बचा है जहां वे जा सकते हैं। गाजा में इज़राइल-हमास युद्ध का स्पष्ट संदेश है कि अब किसी पश्चिम एशियाई देश में आप्रवासियों का खुले दिल से स्वागत नहीं है, फिर चाहे वह मिस्र हो, जार्डन या कोई अन्य देश। किसी भी पड़ोसी देश ने गाजा के युद्ध में शामिल होने की जरा भी इच्छा नहीं दिखाई है। ऐसे में आप्रवासियों के लिए तलत अजीज की वह गजल एकदम सटीक बैठती है कि 'जांए तो जांए कहां।'

मुगल बादशाह अकबर ने एक बच्चे के रूप में ही यह सबक सीख लिया था कि यदि भारत पर आसानी से शासन करना हो तो हिंदुओं को खुश रखना होगा और उनके साथ अच्छा व्यवहार करना होगा क्योंकि वे संख्या में 95 प्रतिशत थे। यह उसके साम्राज्य को सुरक्षित रखने के लिए भी जरूरी था। धर्मों के बीच निष्पक्षता बरतने के संकेत के रूप में अकबर ने मुसलमानों में व्याप्त परंपरा को खारिज करने का कदम उठाया था। उसने अपने बेटे सलीम की सुन्नत या खतना नहीं कराया था जो बाद में भावी सम्राट जहांगीर बनने वाला था। यदि सलीम या जहांगीर बादशाह न होते तो उनको 'मुर्ताद' या 'ईश्वर-विरोधी' घोषित किया जा सकता था और इसके लिए उनको फांसी की सजा दी जा सकती थी। अकबर ने अंतत: 'दीने इलाही' की खोज की थी। इसका अर्थ है कि वे इस्लाम के स्थान पर ऐसा समावेशी धर्म लाने के पक्ष में थे जो सभी विश्वास के लोगों को अपने साथ ले सकता था। वैसे व्यावहारिक रूप से कुछ खास नहीं हुआ था, पर यह मुख्यत: हिंदुओं के लिए एक संकेत था कि बादशाह उनकी भावनाओं को संतुष्ट करने के लिए किस सीमा तक जा सकते थे। यह उनके दृष्टिकोण का अंत नहीं, बल्कि आरंभ था। उन्होंने अन्यायपूर्ण जजिया कर समाप्त किया था जो हिंदुओं को राज्य से सुरक्षा प्राप्त करने के लिए देना पड़ता था। जब भी अकबर ने किसी राजपूत के क्षेत्र पर विजय प्राप्त की तो उसे हिंदू राजा को मुगल संरक्षण की शर्त के साथ वापस कर दिया। इस प्रकार वे अनेक हिंदू राजाओं को अपने साथ लाने में सफल हुए थे जो साम्राज्य के लिए उनके साथ मिल कर लड़ते भी थे। यह एक प्रकार का सद्भावनापूर्ण संकेत था जिसके अंतर्गत राजपूत को उसके राज्य से पूरी तरह अलग नहीं किया जाता था और उसका साम्राज्य में स्थान सुरक्षित रखा जाता था। उन्होंने अक्सर हिंदू राजकुमारियों से विवाह के प्रस्ताव दिए। यदि उनका प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाता था तो वे राजकुमारी के इस्लाम में धर्मान्तरण पर भी जोर नहीं देते थे। राजपूतों को हार्दिक रूप से अपने साथ जोड़ने का इससे अच्छा कोई तरीका नहीं था। पूरे इतिहास में कोई मुस्लिम विजेता अकबर जितना उदार नहीं था।

औरंगजेब इसके एकदम उलट था। वह उदार और समावेशी अकबर के एकदम विपरीत था। औरंगजेब ने वृंदावन, मथुरा और बनारस समेत हिंदुओं के हजारों मंदिरों को गिरवा दिया और उनको अपवित्र किया। हिंदुओं को अपमानित करना और उनकी भावनाओं को चोट पहुंचाना उसका मनपसंद एजेंडा था। बहुत से लोगों को लगता है कि बादशाह बन कर 'हिंदू भारत' पर शासन करना उसका केवल एक काम था। आलमगीर औरंगजेब बहुत क्रूर शासक था। विजेता के रूप में उसकी क्रूरता मंदिरों को अपवित्र करने और उनको नष्ट करने से बहुत आगे जाती थी। उसने बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट किया, पर उसके पश्चिमी दरवाजे को वैसे ही छोड़ दिया जहां अनेक हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनी थीं। इतिहासकारों के अनुसार, औरंगजेब ने यह काम जानबूझ कर किया था क्योंकि वह हिंदुओं को अपमानित कर उनकी भावनाओं को अधिकाधिक चोट पहुंचाना चाहता था। वह हर हिंदू 'मूर्तिपूजक' को यह दिखाना चाहता था कि मुगलों ने हिंदू धर्म, हिंदू धर्मानुयाइयों तथा उनके विश्वास के साथ कितना अत्याचार किया था। हिंदुओं को अपमानित करने की भावना उसके दिल में कूट-कूट कर भरी थी। जब उसने मथुरा वृंदावन में गोविंद देव मंदिर ध्वस्त करवाने और उसे अपवित्र करने का आदेश दिया तो उसने मंदिर की ऊपरी केवल दो मंजिलें ध्वस्त करवाईं तथा नीचे का हिस्सा हिंदुओं को यह दिखाने के लिए छोड़ दिया कि वे अपमानित अनुभव करें। केवल औरंगजेब ही बता सकता था कि अपने साम्राज्य की 95 प्रतिशत जनसंख्या वाले हिंदुओं का अपमान कर किसी शासक को क्या लाभ मिलेगा?

क्या राधिका खेड़ा मामले की बड़ी कीमत कांग्रेस को चुकानी नहीं पड़ेगी?

लेखक
अनिल पुरोहित पत्रकार

छह दिनों तक अपमान और अपने साथ हुई बदसलूकी के मामले में 'न्याय' नहीं मिलने से मर्माहत कांग्रेस और राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से त्यागपत्र देने के दो दिन बाद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुकीं राधिका खेड़ा ने जो खुलासे भाजपा प्रवेश से एक दिन पूर्व सोमवार को दिल्ली में आहूत अपनी पत्रकार वार्ता में किए हैं, उसके बाद यह कहने में कतई ऐतराज नहीं किया जा सकता कि कांग्रेस कार्यालय महिलाओं के लिए किसी भी रूप में सुरक्षित जगह नहीं रह गया है। खेड़ा द्वारा किए गए खुलासों के बाद तो कांग्रेस के लोगों को शर्म से गड़ जाना चाहिए और अपने मुँह से नारी सुरक्षा, सम्मान और न्याय की बातें बिल्कुल नहीं करनी चाहिए।

कांग्रेस में महिलाओं के हर तरह के शोषण का यह इतिहास बहुत पुराना है और राधिका खेड़ा ने कांग्रेस की इस निकृष्ट मानसिकता के खिलाफ जो आवाज बुलंद की है, उसकी गूंज से कांग्रेस का समूचा राजनीतिक वजूद भरभरा जाने के आसार बढ़ गए हैं। कांग्रेस में महिलाओं के अपमान की यह कोई पहली घटना नहीं हैं। कांग्रेस का तो इतिहास ऐसी शर्मनाक हरकतों की गवाही दे रहा है। फिल्म जगत से कांग्रेस में आईं नगमा के साथ कांग्रेस दफ्तर में ही हुए अपमानजनक व्यवहार को छत्तीसगढ़ भूला नहीं है। रायपुर में लगभग सालभर पहले हुए कांग्रेस के जिस राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रियंका वाड्रा ने गुलाब की पंखुड़ियों के लगभग दो किलोमीटर लंबे कालीन पर कदमताल की थी, उसी अधिवेशन के दौरान कांग्रेस के कैम्प कार्यालय (होटल) में कांग्रेस की उसी दलित महिला नेत्री अर्चना गौतम के साथ प्रियंका वाड्रा के ही निज सचिव ने अशिष्टता की सारी हदें पार कर दी थी, जो प्रियंका वाड्रा के जुमले 'लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ' की पोस्टर गर्ल थीं। नैना साहनी को तंदूर में भून डालने, भँवरीदेवी कांड रचने और अपनी ही एक वरिष्ठ महिला नेत्री को भरी सभा में 'सौ टका टंच माल' बताने की राजनीतिक संस्कृति की पोषक कांग्रेस में अपने प्रति ऐसे ही अशिष्ट आचरण से क्षुब्ध होकर ही प्रियंका चतुर्वेदी ने कांग्रेस को बाय-बाय किया था और महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए सुष्मिता देव ने कांग्रेस को छोड़ा था।

राधिका खेड़ा के मामले में कांग्रेस जाँच करने का दिखावा कर मामले की लीपापोती करने में लगी थी, यह खेड़ा के त्यागपत्र से स्पष्ट प्रतीत हो रहा है। कांग्रेस के डीएनए में ही राम-द्रोह और महिलाओं का तिरस्कार रचा-बसा है। अयोध्या जाकर प्रभु श्रीरामलला का दर्शन करने पर जो दुर्व्यवहार खेड़ा के साथ कांग्रेस में किया गया, क्या उसकी बड़ी कीमत कांग्रेस को चुकानी नहीं पड़ेगी? प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करके टारगेट बनने वालीं सुश्री खेड़ा कांग्रेस में पहली नेता नहीं हैं। जिस-जिसने भी प्रभु श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा के न्योते को ठुकराने के कांग्रेस आलाकमान के फैसले से असहमति दर्ज की थी, जिस-जिसने भी अपनी आस्था के वशीभूत होकर अयोध्या जाकर भगवान रामलला के दर्शन किए, उन सबको या तो कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया या फिर उन्हें कांग्रेस छोड़ने के लिए विवश कर दिया गया। आचार्य प्रमोद कृष्णम के निष्कासन से लेकर खेड़ा के इस्तीफे तक का यह दौर कांग्रेस के उस दावे की बखिया उधेड़ रहा है जिसमें कांग्रेस के लोकतंत्र में विश्वास और पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की डींगें हाँकते कांग्रेसी देशभर में अपना रामद्रोही व महिला-विरोधी राजनीतिक चरित्र लिए फिर रहे हैं। खेड़ा के साथ जिस कांग्रेस में बदसलूकी हुए 6 दिन बीतने के बाद भी जब न्याय नहीं मिल सका और उनका आत्म-सम्मान सुरक्षित नहीं रहा तो उस कांग्रेस से देश की महिलाओं के सम्मान की रक्षा और उनके साथ न्याय की क्या उम्मीद रखी जाए? अगर कांग्रेस महिला न्याय के ढोल पीट रही है, तब सवाल यह भी उठता है कि सुश्री खेड़ा को न्याय के लिए इतना लंबा इंतजार क्यों पड़ा? जबकि, इस घटना के ठीक दूसरे दिन कांग्रेस के नेशनल मीडिया को-ऑर्डिनेटर पवन खेड़ा तो रायपुर में थे। छत्तीसगढ़ आकर दिल्ली लौटने के बाद पवन खेड़ा को इस मामले की सुध लेना याद आया! अगर वह चाहते कि सचमुच राधिका खेड़ा को न्याय मिले तो वहीं आमने-सामने सारी बात सुनकर मामले का पटाक्षेप कर देते और खेड़ा को न्याय दिलवा देते। इसी बीच कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा छत्तीसगढ़ आकर दो सभाएँ लेकर लौट गईं पर इस मामले में उनके मुँह से दो बोल तक नहीं फूटे और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तो इस मुद्दे पर सवालों से बचने के लिए यहाँ आयोजित अपनी पत्रकार वार्ता ही रद्द करके दिल्ली लौट गए।

इसके बाद अपनी राष्ट्रीय प्रवक्ता का आत्म-सम्मान महफूज रखकर उन्हें न्याय के लिए 6 दिन का इंतजार कराया गया। सवाल यह है कि राधिका खेड़ा के मामले में कांग्रेस जाँच करने का दिखावा कर मामले की लीपापोती क्यों कर रही थी? क्या नेतृत्व इस ऊहापोह में था कि अगर राधिका खेड़ा को न्याय दिलाने पर उसे अर्चना गौतम को भी न्याय दिलाना पड़ता? हैरत की बात तो यह है कि जिस कांग्रेस के एकमात्र मालिक गांधी परिवार के तीन में से दो मुखिया महिलाएँ हैं, उस कांग्रेस में महिलाओं की यह स्थिति है। इस मामले में पीड़ित पक्ष कोई साधारण महिला नहीं है, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता थीं और वह खुलेआम कह रही थीं, सोशल मीडिया पर लिख रही थीं कि उनसे दुर्व्यवहार हुआ। खेड़ा ने यह भी कहा था- दुशील को लेकर कका का मोह एक लड़की की इज्जत से बढ़कर है। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल आखिर क्यों अपनी ही पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता के अपमान की कीमत पर किसी के प्रति मोहग्रस्त नजर आए? क्या भूपेश बघेल 'भेंट-मुलाकात' कार्यक्रम में एक महिला को 'ए लड़की' कहकर अपमानित की तर्ज पर ही अब खेड़ा को भी उसी भाषा में नसीहत देने की फिराक में थे कि 'ए लड़की, ज्यादा राजनीति मत कर।' सवाल तो और भी हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के रवैए और राष्ट्रीय नेतृत्व की ढिलाई ने अंततः खेड़ा को कांग्रेस से अपना 22 साल पुराना नाता तोड़ने के लिए विवश किया, क्या इस बात के लिए कांग्रेस के नेता कभी खुद को माफ कर पाएंगे? कांग्रेस में न्याय मांगने के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के पास सुरक्षा के लिहाज से अपनी माँ को साथ लेकर जाना पड़े, क्या कांग्रेस नेताओं को इस बात पर कभी शर्म महसूस होगी? विशाखा एक्ट तक यह कहता है कि कार्यस्थल पर हुई ऐसी हरकतों की शिकायत पर संस्था प्रमुख को तुरंत ध्यान देते हुए एक जाँच कमेटी बनानी चाहिए और उस कमेटी में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य रूप से हो। ऐसा नहीं होने पर संस्था प्रमुख भी दोषी माने जाएंगे। खेड़ा के मामले में कांग्रेस नेतृत्व की ओर से चूँकि ऐसा कुछ नहीं किया गया है, इसलिए कांग्रेस प्रमुख भी इस पूरे मामले में क्या बराबर के दोषी नहीं माने जाएंगे?

आप की बात

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

अंतरिक्ष का सैन्यीकरण

जापानी प्रोफेसर काजूटा सुजुकी ने कहां कि चीन सबसे पहले चांद पर पहुंच कर वहां के संसाधनों पर कब्जा चाहता है। अगर चांद के संसाधनों पर किसी का कंट्रोल होगा तो स्पेस में उसकी अन्य खोज आसान हो जाएगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि स्पेस में बढ़त चीन को धरती पर भी फायदा देगी। इसके जरिए चीन दुनिया में अपना प्रभाव बढ़ा सकता है। चीन के अंतरिक्ष कार्यक्रम युद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत ही चलाए जा रहे हैं। चीन की मंशा है कि वह अंतरिक्ष से धरती पर प्रहार करने की क्षमता प्राप्त कर लें। ऐसी स्थिति में चीन की तानाशाही सरकार समूचे विश्व पर कब्जा करने तथा अमेरिका को पीछे धकेल कर सबसे बड़ी महाशक्ति बनने की इच्छा पूरी करने में लग जाएगी। अंतरिक्ष में चीन की बढ़ती युद्धक क्षमता भारत के लिए भी बड़ा खतरा होगी। भारत के प्रमुख सेना अध्यक्ष-सीडीएस अंतरिक्ष युद्ध के खतरे की ओर संकेत कर चुके हैं। ऐसे में भारत समेत सारी दुनिया के देशों को संयुक्त राष्ट्रसंघ के तत्वावधान में अंतरिक्ष को युद्धक्षेत्र बनने से रोकने के लिए व्यापक संधि का प्रस्ताव करना चाहिए। यदि अंतरिक्ष को युद्धक्षेत्र में बदला जाता है तो इससे संपूर्ण मानवजाति ही नहीं, धरती के अस्तित्व को भी खतरा पैदा हो जाएगा।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

नेपाल का दुष्कृत्य

नेपाल ने अपने 100 रुपये के नए नोट पर भारतीय क्षेत्र लिपुलेख, लिंपियांधूरा और कालापानी को शामिल कर बनाया नेपाल का नया मानचित्र छापा है। उत्तराखंड के इस हिस्से को नेपाल ने अपना विस्तारित क्षेत्र बताया है। यह नया आपत्तिजनक नक्शा नये नोट पर छापा जाना पूर्णत: अनुचित है। भारत का इन क्षेत्रों पर हमेशा से नियंत्रण रहा है ओर उनको नेपाली मानचित्र में शामिल कर नोटों में छापना भारतीय संप्रभुता का उल्लंघन तथा द्विपक्षीय संबंधों को चोट पहुंचाने का प्रयास है। भारत सरकार ने राजनयिक व अधिकारियों के स्तर पर नेपाल के इस कदम के इस कदम के इस कदम का विरोध किया है। नेपाल की पूर्व सरकार ने भी पहले इस विवादित मानचित्र को छापा था, पर भारत सरकार के विरोध के बावजूद उसे वापस ले लिया गया था। ऐसा लगता है कि नेपाल की वर्तमान सरकार चीन के इशारे पर यह दुष्कृत्य कर रही है ताकि द्विपक्षीय संबंध खराब हों। लेकिन नेपाल को समझ लेना चाहिए कि भारत से उसकी भौगोलिक निकटता के साथ ही लगभग एक तिहाई नेपाली जनसंख्या भारत के साथ अच्छे आर्थिक-व्यापारिक संबंधों पर आधारित है। ऐसे कदम स्वयं नेपाल और नेपाली जनता के लिए घातक सिद्ध होंगे।

–**एमएम राजावत,** शाजापुर

मतदान का आह्वान

कम मतदान निर्वाचन आयोग ही नहीं बल्कि सभी भारतीयों की चिंता का विषय होना चाहिए। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान का प्रतिशत 2019 के औसतन 70 प्रतिशत के मुकाबले 63 प्रतिशत रहा। अभी 6 चरणों का चुनाव होना बाकी है, अत: हम सभी भारतीयों की जिम्मेदारी है कि अधिकांश मतदाता की भागीदारी कैसे सुनिश्चित की जाए? हालांकि, देश के पूर्वोत्तर समेत कई भागों में मतदाताओं ने उच्च मतदान की अपनी परंपरा थोड़ी कमी के बावजूद बनाए रखी है। सभी राजनीतिक दलों को कम मतदान से दूसरे के लाभ या हानि पर विमर्श करने के बजाय जनता से अधिकाधिक और संभव हो तो शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान करना चाहिए। सभी उम्मीदवारों या राजनीतिक दलों से असंतुष्ट मतदाताओं को भी मतदान केन्द्रों पर जाकर नोटा बटन दबाने का कष्ट उठाना चाहिए। नोटा की संख्या भी राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों को आईना दिखाने का काम करती है। नोटा के माध्यम से नाराजी व्यक्त करने वाले मतदाताओं की राय को अवसर देने के प्रयास किए जाने चाहिए।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

नीट परीक्षा में हुई महागड़बड़ी, मूल्यांकन कार्य मे गंभीर लापरवाही

जिन्हें 3 वर्ष के लिए पारिश्रमिक कार्य से किया गया था वंचित उन्हें ही दे दी नीट परीक्षा संपन्न कराने की जिम्मेदारी

सिटी कॉर्डिनेटर के बदले किसी दूसरे ने ली ब्रीफिंग, कर आए हवाई यात्रा की सैर

जो ब्रीफिंग में सिटी कॉर्डिनेटर बनकर गए, उसने सीलिंग कार्य पश्चात केंद्राध्यक्ष बन किया

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

5 मई को जिले में पहली बार हुई नीट परीक्षा में लापरवाही नहीं बल्कि महागड़बड़ी सामने आई है। जिम्मेदार शिक्षकों ने नीट परीक्षा को मजाक बनाकर और 405 परीक्षार्थियों की भविष्य के साथ खिलवाड़ कर दिया है। एनटीए द्वारा ली गई इस नीट परीक्षा में सिटी कोऑर्डिनेटर महेश थावरे को बनाया गया था, वे ब्रीफिंग में शामिल नहीं हुए, बल्कि उनके बदले बीएन योगी ने ब्रीफिंग में शामिल होकर हवाई यात्रा की सैर कर ली। यह खुलासा स्वंय महेश थावरे ने किया हैं। इतना ही नही पेपर सीलिंग कार्य के दौरान सिटी कार्डिनेटर बनकर दिल्ली में आयोजित ब्रीफिंग में भाग लेने वाले बीएन योगी ने केंद्राध्यक्ष के नाम पर हस्ताक्षर कर दिया और महेश थावरे ने सिटी कार्डिनेटर के स्थान पर हस्ताक्षर कर दिया। जिस शासकीय स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था, उसके लिए जिला शिक्षा विभाग की मंजूरी भी नही ली गई और न ही उनके संज्ञान लाया गया। पहली बार जिले में आयोजित नीट परीक्षा में जिम्मेदारों ने गैर जिम्मेदाराना कार्य लापरवाही और अज्ञानता का परिचय दिया हैं।

पेपर सीलिंग के दौरान सिटी कार्डिनेटर के स्थान पर मैंने किया हस्ताक्षर : महेश थावरे

नीट की परीक्षा में सिटी कॉर्डिनेटर और केंद्राध्यक्ष द्वारा लापरवाही ही नही बरती गई, बल्कि महागड़बड़ी की गई है। जिसे सिटी कॉर्डिनेटर बनकर दिल्ली ब्रीफिंग (प्रशिक्षण) के लिए जाना था, उनके बदले किसी दूसरे को ब्रीफिग में भेज दिया गया, इतना ही परीक्षा खत्म होने के बाद जब पेपर सीलिंग का कार्य हुआ, तब सिटी कॉर्डिनेटर ने केंद्राध्यक्ष बनकर हस्ताक्षर किया, और केंद्राध्यक्ष ने सिटी कॉर्डिनेटर बन हस्ताक्षर किया। यह खुलासा और कोई नही स्वंय सिटी कॉर्डिनेटर महेश थावरे, जो कि शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ है, उन्होंने किया। जिन्होंने नई दुनिया के सामने नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर कई राज खोले। महेश कुमार थावरे ने कहा कि सिटी कॉर्डिनेटर वे थे, लेकिन अनुभव के आधार ओर बीएन योगी को दिल्ली ब्रीफिंग के किये भेजा गया था। जिसमें हवाई यात्रा और होटल में रहना एजेंसी की तरफ से था। उन्होंने बताया कि नीट की जो परीक्षा है, वो एजेंसी है, दिल्ली में। उसी के माध्यम से यह परीक्षा आयोजित की जाती है। मेरे पास फोन आया कि हमारे यहाँ नीट परीक्षा का केंद्र बना रहे है, हमसे सहमति पूछी गई, तो हमने सहमति प्रदान कर दी। जिसके बाद बीएन योगी ने ऑनलाइन डॉक्यूमेंट जमा किया। दिल्ली भेजा, फिर 22 अप्रैल को ब्रीफिंग की जानकारी मिली। तो हवाई जहाज के माध्यम से वे ब्रीफिंग के लिए दिल्ली गए। और ब्रीफिंग लेने के बाद वे यहां आए। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दिन सीलिंग कार्य में सामंजस्य बनाकर मेरे बदले बीएन योगी घूमकर सेंटरों में जाकर निरीक्षण किये। हमारे यहां 2 केंद्र थे, एक मुख्य केंद्र था शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय एयर दूसरा सहायक केंद्र स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यमिक स्कूल। वही महेश थावरे ने बताया कि शासकीय स्कूल को केंद्र बनाने के लिए किसी भी प्रकार का जिला शिक्षा अधिकारी से उन्होंने निर्देश न दिया और न ही लिया। ब्रीफिंग में बीएन योगी गए थे, वो इसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को क्यो नही दिए, ये वो ही बता सकते है। उन्होंने आगे बताया कि सीलिंग कार्य के बीएन योगी मुख्य केंद्र में केंद्राध्यक्ष जे रुप में हस्ताक्षर कर चुके थे, तो बीएन योगी ने मुझे सिटी कॉर्डिनेटर में मेरे हस्ताक्षर करने कहा, और मैंने कर दिया।

युवा कांग्रेस ने उग्र आंदोलन की दी चेतावनी, अपर कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

जिम्मेदारो की लापरवाही और अज्ञानता की वजह से 405 बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो गया। मामले में बालोद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रशांत बोकडे एवं उनके प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को 405 बच्चो के भविष्य के साथ नीट परीक्षा में हुई भारी गड़बड़ी को देखते हुए बच्चों को न्याय दिलाने की मांग लिए कलेक्ट्रेट पहुचे और अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के जरिये बताया गया कि अगर 24 घंटे के भीतर बच्चों के साथ न्याय नहीं हुआ, तो नेशनल हाइवे-930 को सड़कजाम करने वे बाध्य होंगे। इन दौरान युवा कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल मे प्रशासनिक महामंत्री आदित्य दुबे, युवा कांग्रेस महासचिव देवेंद्र साहू, सौरभ दुबे, नोमेश रामटेके, साहिल भट्ट मौजूद थे।

बीएन योगी को पारिश्रमिक कार्य से 3 वर्ष के लिए किया गया हूं वंचित

सिटी कॉर्डिनेटर बनकर बीएन योगी जो दिल्ली ब्रीफ़िंग के लिए हवाई यात्रा से गए थे, और आज जिनकी लापरवाही की वजह से नीट परीक्षा में महागड़बड़ी हुई। उन्हें 13 अक्टूबर 2022 को मूल्यांकन कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने के मामले में 3 वर्ष के लिए पारिश्रमिक कार्य से वंचित कर दिया गया है। बावजूद बीएन योगी को नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा की जवाबदारी देना समझ से परे हैं। दरअसल छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2024 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 29 मूल्यांकन केंद्रों में कराया गया था, इनमें से जिन मूल्यांकनकर्ताओं ने सौपे गए कार्य के प्रति गम्भीर लापरवाही बरती थी, उन्हें गुण दोष के आधार पर मंडल समितियों द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार अलग अलग श्रेणीवार शास्ति अधिरोपित किया गया था। जिसमें भूपेश्वर नाथ योगी द्वारा मूल्यांकन में छात्रों के 20 से 40 अंकों की वृद्धि की गई थी, जिसके बाद उन्हें मंडल के सभी पारिश्रमिक कार्य से तीन वर्ष के लिए वंचित किया गया था।

जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में बुजुर्ग युवा महिलाओं ने बढ़-कर कर किया मतदान

शांतिपूर्ण माहौल में हुआ मतदान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम और संख्या	अनुमानित मतदाता टर्नआउट रुझान
नवागढ़ - 70	67.02%
पाटन - 62	71.23%
बेमेतरा - 69	71.33%
भिलाई नगर - 65	59.86%
वैशाली नगर - 66	63.84%
साजा - 68	69.01%

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बेमेतरा जिले के नवागढ़ साजा एवं बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता महिलाओं बुजुर्गों एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया जिसके कारण सभी जगह मतदान अच्छा होने की संभावना बनी हुई है यद्यपि अभी तक अंतिम मतदान की प्रतिशत जारी नहीं हुआ है किंतु समाचार लिखे जाने तक जिले में करीब बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में 70 प्रतिशत नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 67तथा साजा विधानसभा क्षेत्र में 69प्रतिशत मतदान हो चुका था समाचार लिखे जाने तक पुरे जिले में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा में सुबह 7:00 बजे से मतदान सभी मतदान केदो में प्रारंभ हो गया था सुबह से ही शुरुआती दौर पर मतदान के प्रतिशत बढ़ रहा था क्योंकि मतदाता शुरू शुरू में अधिक आए लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ने लगा मतदाताओं की संख्या भी तेज धूप के कम होने लगा सुबह मतदान की स्थिति यह थी कि लोगों को लाइन में आकर अपने मतदान के पारी का इंतजार करना पड़ा चुनाव के प्रति लोगों के रुझान इस बात से पता चलता है कि जिसकी उम्र 18साल युवा से लेकर 95 वर्ष की वरिष्ठ महिला भी अपने परिवार के साथ मतदान करने के लिए मतदान केंद्र में पहुंची हुई थी बुजुर्गों मतदाताओं के लिए शासन जिला निर्वाचन के द्वारा व्हीलचेयर की व्यवस्था किया गया था।

बुजुर्ग ने भी किया मतदान

90 वर्षीय बुजुर्ग महिला मतदाता रोहनी बाई ने किया मतदान मतदान केंद्र पर व्यवस्था की तारीफ़ की । ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ में मतदान निर्धारित समय पर शुरू हुआ। मतदान शांतिपूर्ण चल रहा है। 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला मतदाता रोहनी बाई अग्रवाल ने क्रमांक 21 नवीन स्कूल मतदान केंद्र पर मतदान किया। उनके पुत्र संजय मतदान केंद्र लेकर आये। अग्रवाल ने बताया कि इस बार मतदान केंद्र में अच्छी व्यवस्था है। छाव,पानी, बैठने की भी व्यवस्था की गयी है।

93 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता झब्बूलाल ने किया मतदान

ज़िले की विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के सिंघोरी मतदान केंद्र पर 93 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता झब्बूलाल ने मतदान किया। बेमेतरा के कृषि उपज मंडी मतदान केंद्र पर दिव्यांग मतदाता हीरालाल पांडे ने पूरे उत्साह से मतदान किया। उन्होंने सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली। अंगुली में अमितस्याही दिखाई। पंचो बाई यादव उम्र 80 वर्ष ने मतदान किया।

अरमुर कसा गांव के ग्रामीण कलेक्टर से मिलकर मिडिल स्कूल खोलने की मांग की

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कुसुमकसा जनपद सदस्य संजय बैंस के नेतृत्व में अरमुर कसा गांव के ग्रामीण जन मिले कलेक्टर से मिलकर मिडिल स्कूल खोलने की मांग पत्र प्रेषित किए। ग्राम पंचायत के सरपंच सरोज बाई बालेंद्र ने बताया की हमारे गांव के बच्चे पढ़ने के लिए दूसरे गांव पथरा टोला जाते हैं। यह गाँव से नेशनल हाइवे सड़क गुजरता है इससे बच्चों के मन में दुर्घटना का भय बना रहता है और बरसात के दिनों में बच्चों को नाला पार करना पड़ता है । बरसात के दिनों में ज्यादा पानी से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और उनका अध्यापन का काम प्रभावित होता है। समस्या को समझते हुए संजय बैंस ने जिलाधीश से चर्चा उपरांत शासन स्तर पर प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात कही। अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करने का आश्वासन जिलाधीश ने दिया ग्रामीण लोग जनपद सदस्य संजय बैस के साथ जिला शिक्षा अधिकारी से भी सौजन्य भेंट किए और उनसे भी मिडिल स्कूल ग्राम पंचायत अरमुरकसा खोलने के लिए चर्चा हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि हम अपने विभाग की तरफ से शासन स्तर पर तुरंत प्रस्ताव भेज रहे है। आप लोगो को मांग वाजिब है हम हर संभव प्रयास करेंगे। जनपद सदस्य संजय बैंस ने बताया की वर्षो पुरानी मांग को लेकर हमारे जनपद क्षेत्र के साथियों के साथ जिलाधीश से चर्चा हुआ बहुत ही विनम्रता से हमारी मांग को सुने हमे उम्मीद है इस वर्ष से ही अरमुरकसा ग्राम में मिडिल स्कूल संचालित होगा। इस अवसर संतोष जैन, सरपंच गणेश श्वेता, पुष्पजीत बैंस अलीम भाई, शमशेर खान, हलधर गोरे, उप सरपंच दयालु राम भंडारी, लालती बाई, पंच रतन लाल ग्राम पटेल बलदेव दास बिसाहू राम परदेशी राम उपस्थित रहे।

लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 का तीसरा और अंतिम चरण हुआ सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

लोकतंत्र के महापर्व अंतर्गत लोकसभा चुनाव 2024 में छत्तीसगढ़ प्रदेश दुर्ग संसदीय क्षेत्र में भाजपा कांग्रेस के मध्य सीधे आमने-सामने का संघर्ष हो रहा है । दोनों दलों ने घर-घर सम्पर्क कर जनता से अपील करते हुए अपने प्रत्याशी को विजयी बनाने में एड़ी चोटी का जोर पूरे जोश से लगाया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में तीन चरणों में सम्पन्न होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे और अंतिम चरण का मतदान 07/05/2024 मंगलवार सुबह 07:00 बजे से प्रारंभ हुआ। ज्ञात हो कि पाटन विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कुल मतदाता संख्या 2लाख 16हजार 274 है, जिसमें नगरपालिका कुम्हारी में कुल 29 बूथों के अंतर्गत दोनों केन्द्र के कुल 16 बूथ में नगर पालिका क्षेत्र स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल और शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बाजार चौक एवं ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केन्द्र परसदा, दो बूथ, कुगदा, 5बूथ, जंजगिरी 4 बूथ एवं रामपुर (चोरहा) 2 में भारी संख्या में शान्तिपूर्ण ढंग से मतदाताओं ने मतदान किया। सुबह से ही मतदाताओं में मतदान करने का भारी उत्साह देखा गया। उन्होंने ईवीएम में बटन दबाकर अपने अमूल्य वोट डाल कर लोकतंत्र के महापर्व का उत्सव मनाया। इस चुनावी प्रकिया में कामकाजी मतदाताओं की संख्या सुबह के समय में अधिक रही। दिव्यांग और वयोवृद्धों में मतदान करने की ललक दिखी तो वहीं नये युवा मतदाता जो पहली बार मतदान करने पहुंचे थे उनमें भी अत्यंत उत्साह देखा गया। लोग मतदान करने समय से पहले ही लाइनों में खड़े होकर अपने बारी की प्रतीक्षा करते रहे जैसे ही मतदान की बारी आई चेहरों में एक अलग उत्साह नजर आया। हंसते मुस्कुराते पोलिंग बूथ के बाहर निकलते ही उंगलियों में लगे अमिट स्याही दिखाकर लोकतंत्र के पर्व को उत्साह पूर्वक मानने की प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दिखे। इससे पहले तापमान को ध्यान में रखते हुए नगर प्रशासन द्वारा प्रत्येक पोलिंग बूथों पर मतदाताओं के लिए वृहद स्तर पर सुविधाओं की व्यवस्था की गई। बुजुर्ग व विकलांगों के लिए दिव्यांग एवं वृद्धजन रथ व व्हीलचेयर जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। दोपहर की गरमी के कारण भीड़ कहीं पर कम देखी गई। दूसरी ओर सेल्फी ज़ोन में भी सेल्फी पोज देते हुए मतदाता प्रसन्नचित्त दिखाई दे रहे थे। जो कि शाम होते ही और भी बढ़ गई। वोटरों की संख्या में काफ़ी वृद्धि देखी गई। इससे पहले राजनैतिक दलों के समर्थकों द्वारा मतदाताओं को रिझाने के लिए भरसक प्रयास किया गया। भाजपा कांग्रेस दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता मतदान केंद के बाहर शाम तक डटे रहे। वहीं मतदान के बाद खुशी जताते हुए दोनों दलों के समर्थकों द्वारा अपने अपने पक्ष में अधिक मतदान के दावे भी किये गए।

32 साल की उम्र में सड़क हादसे में हाथ पैर चलना बंद, मतदान के दौरान छलका दर्द

कुम्हारी । वार्ड क्रमांक 3 निवासी गोपाल यादव की बेमेतरा रोड में एक सड़क हादसे के बाद गंभीर अवस्था मे हॉस्पिटल लाया गया जहां एक महीने तक कोमा रहने के बाद होश आया जिसमें उसे पता चला कि उसके सिर पर गंभीर चोट लगी थी एवं उनके दाहिने हाथ पैर ने काम करना बंद कर दिया, निजी हॉस्पिटल में ईलाज में अब तक उनके 16 लाख रुपये खर्च हो गए लेकिन अब भी उनका दाहिना हाथ व पैर काम नही करता। अब घर वाले ही उनके बैसाखी के रूप में काम कर रहे है। उन्होंने बताया कि इस हादसे के बाद उनका सब कुछ छिन गया लेकिन वह समझते है कि लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लेकर जिम्मेदार नागरिक के समान मतदान करे जिससे लोकतंत्र मजबूत हो।

चैन माउंटेन पोकलेन व जेसीबी की मदद से शुरू हुई गुरूनाला की सफाई

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दिये निर्देश कहा-बारिश के पहले पूर्ण करे

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

गुरूनाला का सफाई कार्य प्रारंभ हो गया है गुरूनाला का विभागीय अधिकारियों व जनप्रनिधियों की उपस्थिति में जेसीबी व पोकलैन के मदद से गुरूनाला का सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जो बरसात पूर्व सफाई कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शहर की निचली बस्तियों में बरसात के मौसम में होने वाले समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शहर के सबसे बड़ा नाला गुरूनाला का बरसात पूर्व साफ-सफाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दिये निर्देश

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि कवर्धा शहर के वार्ड क्रं. 25, 26 व 27 की निचली बस्ती एवं अन्य वार्ड जहां बरसात के मौसम में गुरूनाला का पानी वार्ड में निवासरत लोगों के घर तक पहुंच जाता है इन समस्याओं से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा था कि बरसात पूर्व नाला का सफाई किया जावे ताकि बरसात के मौसम में किसी भी वार्डो के निचली बस्तियों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। उन्होनें बताया कि गुरूनाला की सफाई कार्य हेतु पालिका टीम जुटी हुआ है साथ ही शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, शहर मण्डल उपाध्यक्ष श्रीकान्त उपाध्याय, पार्षद सुनील साहू, पार्षद प्रतिनिधि अनिल साहू, सीएमओ नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे के साथ सभी टीम उपस्थित रहे।

नगर पालिका की टीम जुटी सफाई में

नगर पालिका परिषद कवर्धा की टीम कवर्धा शहर का सबसे बड़ा गुरूनाला का साफ-सफाई कार्य में जुटा हुआ है जेसीबी के साथ-साथ सफाई कर्मियों द्वारा नाला का सफाई कार्य किये जाने में लगा हुआ है। गुरूनाला का सफाई बरसात पूर्व किया जाता है गुरूनाला के आसपास लोगों द्वारा मलबा, मिट्टी फेंका जाता है जिसके कारण नाला पट जाता है तथा कुछेक लोगों द्वारा किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाया जाकर राजस्व विभाग द्वारा चिन्हांकन करते हुए साफ-सफाई कार्य किया जा रहा है ताकि बारिश के मौसम में पानी का दबाव अधिक होने के कारण शहर की निचली बस्तियों में पानी भरने की समस्याओं से निजात मिल सकेगा।

वार्ड की छोटी-बड़ी नालियों से आता है पानी

गुरूनाला कवर्धा शहर का सबसे बड़ा नाला है वार्ड क्रं. 08 शिक्षक नगर डबरी से शुरू होकर यह नाला शहर वार्डो से गुजरते हुए रायपुर रोड़ के आगे तक मिलता है इस नाला में शहर में निर्मित छोटे-बड़े नालियों का गंदा पानी आकर मिलता है बरसात के मौसम में वर्षा के पानी का दबाव अधिक होने के कारण बरसात का पानी घरो तक घुस जाता है इसलिए प्रतिवर्ष वर्षा पूर्व इस गुरू नाला की सफाई होती है इस वर्ष भी सफाई कार्य जारी है।

बरसात पूर्व हो जायेगा नाला की सफाई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने बताया कि बड़े बडे जलीय पौधे, मलबे से गुरूनाला पट चुका है जिसे हटाये जाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है गुरूनाला में जेसीबी मशीन, पोकलेन मशीन व सफाई कर्मचारियों को उतारा गया है मानव बल व मशीनों की मदद से पूरा गुरूनाला का सफाई कार्य किया जायेगा। ताकि बरसात पूर्व नाला का पूर्ण सफाई हो सके व निचली बस्तियों ने जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।

नगर में पानी की समस्या को देखते हुए आम नागरिक काफी परेशान

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर में पानी की समस्या को देखते हुए आम नागरिकों को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है। नगर के लगभग हर वार्ड में पानी की समस्या बनी हुई है, नगर पालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है । अभी इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 25 में पानी की समस्या बन गई है जो बोर हुए हैं वहां से पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। बताया जा रहा है कि वाटर लेवल कम होने की वजह से यह स्थिति बन गई है। साथ ही यह भी कहा गया कि कई लोग पानी का दुरुपयोग करते हैं व्यर्थ में पानी बहता रहता है लेकिन नल बंद नहीं किया जाता इस पर सबको ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी क्रम में राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने जिला कलेक्टर का ध्यान पानी की कमी के संदर्भ में उठाया उन्होंने आग्रह किया कि वार्ड क्रमांक 25 में दो बोर शीघ्र करवाया जाए ताकि वार्ड वासियों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। व्यापारी संघ के आग्रह पर जिला कलेक्टर ने मौके को देखते हुए दो बोर कराने की सहमति दे दी है। एक बोर, न्यू मार्केट क्षेत्र में किया जाएगा तथा दूसरा बोर सीएमओ नगरपालिका सर्वे के बाद स्थान का चयन करेंगे। व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी के आगरा पर कलेक्टर ने जो त्वरित निर्णय लिया है तथा प्रभावित क्षेत्र में बोर करने की सहमति दी है इस पर क्षेत्र वासियों ने व्यापारी संघ अध्यक्ष सहित जिला कलेक्टर का भी आभार माना है माना जा रहा है कि शीघ्र ही बोर करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी।

नगर पंचायत दाढ़ी में मतदान केन्द्र छत्तीसगढ़ परंपरा के अनुरूप

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत दाढ़ी सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी के द्वारा मतदान केंद्र 211को ऐतिहासिक बनाने के लिए विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुरूप सजाया गया है जो आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा। जिसे लोगों के द्वारा खूब सराहा गया है। नगर पंचायत के द्वारा गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्र परिसर में शीतल पेयजल, ओ आर एस, शरबत की व्यवस्था की गई है। सेल्फी जोन भी बनाया गया। जहां मतदान देने के बाद सेल्फी ले रहे हैं और लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नगर के वरिष्ठ डॉक्टर डीपी दुबे ने भी मतदान करने के बाद सेल्फी लिए और लोगों को संदेश दिए की मतदान करे। आपकी वोट आपकी ताकत है। नगर पंचायत सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आदर्श मतदान केंद्र 211 को छत्तीसगढ़ की विवाह परंपरा एवं ईको ग्रीन थीम रखकर मतदान केंद्र को आकर्षक रूप से सजाया गया है जिसे क्षेत्र की मतदातागण मतदान करने के पश्चात मतदान केंद्र के सजावट को देखने पहुंच रहे हैं। मतदाताओं को नगर पंचायत के अधिकारियों के टीम के द्वारा घर घर जाकर उनको वोट की अहमियत और उसकी ताकत को बताया गया। जिससे प्रेरित होकर मतदातागण बड़ी संख्या में मतदान करने पहुंच रहे हैं। दोपहर 2:00 बजे तक लगभग 60 प्रतिशत मतदान हो चुका है। उम्मीद है कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष और मतदान प्रतिशत बढ़ेगी।

पोलेश्वरी सोनी ने जन्मदिन पर अपने स्कूल में लगाए पौधे

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के सहयोग से पोलेश्वरी सोनी ने अपने जन्मदिन पर आर्यन पब्लिक स्कूल कठिया में बेल के पौधे लगाकर सुरक्षा का लिया संकल्प। स्कूल प्रबंधक बसंत सोनी ने संगठन के द्वारा स्कूलों में जाकर के बच्चों को पेड़ -पौधों की उपयोगिता एवं लाभ के संबंध में समय-समय पर जानकारी प्रदान की जाती है जिससे स्कूली बच्चों में पर्यावरण एवं पेड़ पौधे लगाने के प्रति जागरूकता फैल रही है। सोनी ने आगे बताया कि मैं भी एक शिक्षक होने के नाते स्कूली बच्चों को जन्मदिन के अवसर पर पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित करता हूं एवं जिस बच्चे का जन्मदिन रहता है उस दिन स्कूल परिसर में या खुले स्थान में एक पेड़ अवश्य लगवाता हूं। वृक्षारोपण में बसंत सोनी संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, सचिव गणेश साहू, सदस्यगण परदेसी साहू, अक्षय, प्रकाश, कृष्णा, डिकेन्द्र साहू, खोमन चंद्राकर, सुनिल बल्लू, चम्मन निषाद, रामकृष्ण सेन, प्रियंका, हेमा साहू उपस्थित रहे।

सक्ती जिले में गांव वालों ने किया मतदान का बहिष्कार कलेक्टर, प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे मौके पर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

7 मई 2024 को हो रहे लोकसभा के निर्वाचन में शक्ति जिले के शक्ति विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सकरेली (बा.) के ग्रामीणों ने अपनी पूर्व निर्धारित सूचना के अनुसार 7 मई को सुबह से ही मतदान का बहिष्कार कर दिया है, तथा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सकरेली ग्राम पंचायत में लगभग चार मतदान केंद्र हैं, तथा इन मतदान केदो में सुबह से ही इक्का-दुक्का लोगों ने ही वोट डाले हैं, तथा सभी ग्रामीण एकजुट होकर मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं, एवं मामले की सूचना पाकर शक्ति जिले के कलेक्टर एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं, किंतु ग्रामीणों का कहना है कि हमारी मांगों को पहले पूरा किया जाए उसके बाद हम सभी वोट डालेंगे, मामला सकरेली ग्राम पंचायत के अंतर्गत नेशनल हाईवे में स्थित सकरेली समपार रेलवे फाटक को बंद करने का है, जिसे पूर्व में रेलवे ने बंद करने का आदेश जारी कर दिया था, किंतु बाद में ग्रामीणों के विरोध के बाद एवं जिला प्रशासन के हस्तक्षेप पर इस फाटक को अस्थाई रूप से बंद करने के आदेश को स्थगित कर दिया गया किंतु ग्रामीणों का कहना है कि जब तक अंडरग्राउंड ब्रिज नहीं बन जाता तब तक इस फाटक को बंद न किया जाए क्योंकि उन्हें 3 किलोमीटर की अतिरिक्त यात्रा करनी होगी, वहीं ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए 6 मई को ही सक्ति कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे बिलासपुर को एक पत्र प्रेषित करते हुए ग्राम पंचायत सकरेली के ग्रामीणों की जन भावनाओं से अवगत भी कराया है, तथा उपरोक्त अंडरग्राउंड ब्रिज के निर्माण के अति आवश्यकता बताई है किंतु इसके बावजूद ग्रामीण मानने को तैयार नहीं है तथा देखना है अब आगे क्या होता है।

जिले में मतदान को लेकर भारी उत्साह सुबह 7 बजे से ही लोग लगे कतारो में

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

7 मई 2024 को जांजगीर- चांपा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सक्ति जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से ही वोट डालने के लिए लोगों की कतारे लग गई, तथा शक्ति जिले में बंपर वोटिंग का अनुमान लगाया जा रहा है, जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास टोपनो के निर्देशन में जहां चुनावी अमला एवं प्रशासनिक अमला पूरे चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सजग नजर आया तो वहीं मतदान केदो में भी लोग स्वस्पूर्त जाकर वोट डालते हुए अपनी सेल्फी खिंचवा रहे हैं एवं सोशल मीडिया पर उसे साझा कर रहे हैं, सक्ती जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान करने हेतु मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा हैं। मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी कतारे लग रही है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु लगातार विशेष अभियान चलाये गये थे। जिसके परिणाम स्वरूप मतदाताओं में मतदान करने हेतु विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है और आज माकपोल की प्रक्रिया के बाद सुबह से ही मतदान केंद्रों में मतदाता लाइनों में लगकर मतदान किया।

जैजैपुर की बुजुर्ग शांति बाई ने अपनी बहु, नाती बहु और परपोती के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर किया मतदान

सक्ती। लोकसभा चुनाई तिहार 2024 के तहत आज जिले में सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लेने जैजैपुर क्षेत्र के ग्राम करमनडीह के एक परिवार में कुछ ऐसा उत्साह दिखा कि करमनडीह निवासी बुजुर्ग शांति बाई ने अपनी बहू, नाती बहु और परपोती के साथ मतदान केंद्र क्रमांक 161 में सभी ने साथ पहुंचकर मतदान किया। साथ ही बुजुर्ग श्रीमती शांति बाई ने कहा कि अपने परिवार के साथ मिलकर हमने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है उससे उन्हें बहुत खुशी हो रही है। प्रशासन द्वारा मतदाताओं के लिए किए गए सुविधाओं की भी उन्होंने प्रशंसा की है।

जैन महिला मण्डल ने केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड में यात्रियों को पिलाई छाछ

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जैन संघटना रायगढ़ की महिला ईकाई समय-समय पर जीव सेवा व जनसेवा के कार्य करती रहती है। इसी कड़ी में आज महिला मंडल ने स्थानीय केवडाबाड़ी बस स्टैंड में यात्रियों व राहगीरों को ठंडा बटर मिल्क (छाछ) पिलाकर उन्हें भीषण गर्मी से कुछ क्षणों के लिये राहत पहुंचाई। आज के इस सेवा कार्य में जयंती सेठिया, श्वेता शाह, रीटा जैन, निशा मेहता, सारिका जैन, नूतन जैन, विजया सेठिया, भावना सेठिया, सविता चैरड़िया,अल्पना गांधी, अपूर्व जैन एवं आशीष पंचाल शामिल रहे। व्यवस्था के संचालन में गंगा स्वीट्स के पारसमल सेठिया का उल्लेखनीय योगदान रहा।

लोकसभा निर्वाचन में युवा-युवतियों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिए

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा छत्तीसगढ़ में अंतिम चरण का मतदान हुआ जिसमें युवा एवं युवतियो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए मतदान के दिन मौसम ने खुलकर साथ दिया, सुबह 10:00 यहां पर वर्षा भी हुई दोपहर 12:00 तक बदली छाई रही वहीं पर दोपहर 2:00 बजे के बाद सूर्य ने अपना भीष्ण गर्मी दिखाई जो की 44 डिग्री पार करने के उपरांत भी लोग अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपना मत का उपयोग किया। इस तरह से पूरे नगर पंचायत जैजैपुर में मतदाताओं ने खुलकर अपना मताधिकार का प्रयोग किया इस तरह से जैजैपुर में सुख शांति पूर्वक मतदान हुआ, यह जाजगीर आरक्षीत सीट होने के उपरांत भी यहां पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी में दिखाई पड़ रही है ? जाजगीर लोकसभा, क्षेत्र में 18 प्रत्याशियों ने अपना किस्मत आजमाएं मुख्य मुकाबला कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी के मध्य ही होने जा रहा है अब देखते हैं कि केंद्र में किसकी सरकार बनती है इस प्रकार से महिलाऐ एव पुरूष ने अपने घर से निकलकर अपने मताधिकार का खुलकर प्रयोग किया। जहां सभी मतदान केदो में सुबह से ही लंबी-लंबी कतारे देखने को मिली और देखते ही देखते कारवा मतदान केंद्र की ओर मतदाताओं का रुझान काफी संख्या में देखने को मिला। इस तरह से सभी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का खुलकर प्रयोग किया।

पुलिस पेट्रोलिंग ने कछार में अवैध बिक्री के लिए शराब ले जा रहे व्यक्ति को पकड़ा

आरोपी से 07 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

भूपदेवपुर पुलिस पेट्रोलिंग द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम कछार में शासकीय स्कूल पानी टंकी के पास अवैध बिक्री के लिए पैदल शराब लेकर जा रहे यादराम मांझी पिता स्वर्गीय फागुलाल मांझी उम्र 37 साल निवासी ग्राम कछार थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़ को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से प्लास्टिक जरिकेन और प्लास्टिक बोतल में करीब 07 लीटर अवैध महुआ शराब कीमती 700 रूपये का जप्त किया गया है। आरोपित पर थाना भूपदेवपुर में आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है।

शहर सहित सक्ति जिले के मतदान केंद्रो में बेहतर व्यवस्थाएं

सक्ती। सक्ति जिले के कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास टोपनों के निर्देशन में इस वर्ष सक्ति शहर सहित जिले के सभी मतदान केदो में आने वाले मतदाताओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गई तथा प्रशासनिक एवं जन सहयोग से भी जहां मतदान केंद्रो को बेहतर बनाया गया एवं वहां बैठने की व्यवस्था, दिव्यांगों के लिए सुविधाजनक वोट डालने की व्यवस्था एवं ठंडे पानी- शरबत की भी व्यवस्था की गई, जिससे मतदाता भी प्रसन्न नजर आए

जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदान करने सुबह से ही लग रही भीड़

कोरबा। कोरबा जिले के सभी मतदान केंद्रों में सुबह से ही भीड़ देखी जा रही है। कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत, उनकी धर्मपत्नी डॉ. रूपल ठाकुर, पुलिस अधीक्षक सिद्दार्थ तिवारी, निगमायुक्त प्रतिष्ठा ममगई, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने रामपुर पीडब्ल्यूडी आदर्श मतदान केंद्र 127 में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने सभी से वोट डालने की अपील करते हुए सेल्फी भी ली। अपील करते हुए कहा है कि वे भी बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा ले।

राजमिस्त्री लडख़ड़ाकर गिरा, अस्पताल में मौत

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले में घर से निर्माणाधीन मकान में काम करने पहुंचा एक राजमिस्त्री अचानक लडख़ड़ाकर गिर गया। उसे मौके पर मौजूद मजदूरों ने आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां थोड़ी ही देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। मृतक पूरी तरह से स्वस्थ था। वह बीते एक माह से लगातार धूप में काम कर रहा था। आशंका जताई जा रही है कि लू की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद वस्तुस्थिति स्पष्ट होगी।सिविल लाइन रामपुर थानांतर्गत खरमोरा में जगदेव यादव 58 वर्ष परिवार सहित निवास करता था। पेशे से राजमिस्त्री का काम करने वाला जगदेव बीते एक माह से खरमोरा में निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। वह प्रतिदिन की तरह करीब आठ बजे घर से काम करने निकला। वह निर्माण स्थल पर पहुंचने के बाद बैठा हुआ था। थोड़ी देर बाद जैसे ही जगदेव खड़ा हुआ, वह लडख़ड़ाकर गिर गया। जिसकी जानकारी मौके पर मौजूद उसके साले ने स्वजनों को दी। वह अपने जीजा को बिना समय गंवाएं मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मामले की सूचना मिलने पर अस्पताल पुलिस ने परिजनों का बयान दर्ज किया। इस दौरान मृतक के पुत्र ने बताया कि उसके पिता पूरी तरह से स्वस्थ थे। वे बीते एक माह से तेज धूप में भी मकान निर्माण का काम कर रहे थे। संभवतः उनकी मौत लू की चपेट में आने से हुई होगी। हालांकि इस बात की पुष्टि चिकित्सकों ने नहीं की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण की वास्तविक जानकारी सामने आएगी।

मारवाड़ी युवा मंच सक्ती शाखा ने जेएलएनडी कॉलेज मतदान केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिलाई शरबत

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सक्ति संजय सिंह के आग्रह पर मारवाड़ी युवा मंच की शक्ति शाखा ने शहर के जे एल एन डी कॉलेज मतदान केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह से ही मतदाताओं को शरबत एवं ठंडा पानी पिलाया, इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच सक्ति शाखा के संरक्षक हरिओम अग्रवाल, संजय रामचंद्र, कन्हैया गोयल, महेंद्र जिंदल, पूर्व शाखा अध्यक्ष मनीष कथूरिया, सक्ति शाखा अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल साइ कंप्यूटर, गजेंद्र डालमिया गज्जू, विशाल शर्मा, प्रकाश चंद अग्रवाल, सुधीर सराफ, मानस अग्रवाल, कैलाश चंद्र अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल राजू, रवि अग्रवाल अशोका, सुमित सराफ सहित काफी संख्या में मंच के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

मालगाड़ी हुई बेपटरी, छह घंटे कोयला परिवहन रहा बाधित

कोरबा। जूनाडीह साइडिंग से गेवरारोड रेलवे स्टेशन के मध्य एक कोयला लोड मालगाड़ी बेपटरी हो गई। घटना के बाद रेलवे व एसईसीएल प्रबंधन में हडकंप मच गया। इससे छह घंटे रेल लाइन पर कोयला परिवहन बाधित रहा। बताया जा रहा है कि जुनाडीह साइडिंग से मालगाड़ी के वैगनों में कोयला ढलान के बाद गाड़ी को आगे बढ़ाया गया।गेवरारोड रेलवे स्टेशन से पहले मालगाड़ी आगे चलकर दो वैगनों का पहिए पटरी से उतर गए। कुछ दूरी पर जाने के बाद लोको पायलट को कुछ अनहोनी महसूस किया, तब मालगाड़ी रोकी। तब तक बेपटरी मालगाड़ी लगभग 100 मीटर दूरी तक घसीटती रही। इसकी वजह से रेल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गया।

सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत रायगढ़-हमीरपुर मार्ग में हुआ दर्दनाक हादसा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सड़क दुर्घटनाओं के लिये अभिशप्त माने जाने वाले संबलपुरी मार्ग पर सोमवार की दोपहर एक बार फिर ट्रेलर की चपेट में आकर बाईक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना में बाईक सवार एक अन्य युवक भी घायल हुआ है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक तमनार थाना अंतर्गत ग्राम कोडकेल निवासी अशोक पटेल उम्र 33 साल सोमवार की पूर्वान्ह अपनी बुलेट मोटर सायकल पर कुछ काम से रायगढ़ आने के लिये निकला था। बताया जा रहा है कि उसके घर में किसी का शादी समारोह का आयोजन होना है। जिसके लिये कुछ सामान लेने के लिये वह रायगढ़ के लिये निकला। दोपहर करीब डेढ बजे जब वह संबलपुरी के पास पहुंचा उसी समय सामने से आ रहे बाईक सवार सुंदर सिंह चौधरी से उसकी बाईक भीड गई और आमने-सामने की टक्कर के बाद अशोक पटेल सडक की ओर जा गिरा, संयोग से उसी समय सामने से आ रहे ट्रेलर के पहियों के नीचे कुचलकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर दोनों तरफवाहनों की कतारे लगनी शुरू हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर चक्रधर नगर थाना प्रभारी प्रशांत राव आहेर अपने हमराह स्टाफके साथ मौके पर पहुचें और घायल बाईक सवार को तत्काल मेडिकल कालेज उपचार हेतु भिजवाने के बाद मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पश्चात शव को पीएम के लिये भिजवाया तथा इस मार्ग पर आवागमन शुरू कराया।

जेसीआई व काशी स्पाइन केयर रायपुर की पहल

अग्राहो भवन में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा 5 मई को अग्रोहा भवन रायगढ़ में काशी स्पाइन केयर रायपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ विमल अग्रवाल के माध्यम से विशाल एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। डॉ अग्रवाल द्वारा उक्त शिविर में रीढ़ की हड्डी एवं नसों से संबंधित बीमारियों से ग्रस्त लोगों का यथासंभव समुचित उपचार करते हुए उनकी बीमारियों की जांच की गई एवं उनके रोग के अनुसार उन्हें चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। उक्त निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से लगभग 150 से भी अधिक लोगों का इलाज किया गया। प्रातः 9 बजे से शुरू हुए इस चिकित्सा शिविर में रात लगभग 10 बजे तक मरीजों का इलाज किया गया। इस चिकित्सा शहर में न केवल रायगढ़ शहर अपितु आसपास के शहरों जैसे सक्ति, खरसिया, सारंगढ़, पत्थलगांव, झारसुगुड़ा, बेलपहाड़, ब्राजनगर, एवं आसपास के अनेक गांवों से भी मरीज आए हुए थे। उपरोक्त चिकित्सा शिविर को सफल बनाने हेतु इस कार्यक्रम के प्रोग्राम डायरेक्टर जेसी अभिषेक अग्रवाल (शंकर मिल स्टोर्स सुभाष चौक) एवं उनकी धर्मपत्नी जेसीरेट निर्मल अग्रवाल पिछले काफी दिनों से जी जान से लगे हुए थे। उनकी तथा जेसीआई के अन्य सदस्यों की मेहनत से यह चिकित्सा शिविर मरीजों हेतु अत्यंत सफल साबित हुआ एवं बाहर से आए हुए मरीजों का कहना था कि इस तरह के चिकित्सा से संस्था को लगातार करते रहने चाहिए ताकि आम जनों को इसका अधिक से अधिक फायदा मिल सके।

इस शहर में संस्था की ओर से जेसीआई महिला विंग की अध्यक्षा रेनू गोयल सचिव शालिनी मोदी चंचल अग्रवाल तथा जेसीआई रायगढ़ सिटी की तरफ से जेसी नितिन शर्मा जेसी राहुल अग्रवाल जेसी अमन अग्रवाल जेसी सुमित अग्रवाल जेसी दिनेश गोयल जेसी नितेश अग्रवाल जेसी संजय अग्रवाल जेसी विक्रम अग्रवाल जेसी विकास अग्रवाल रानी सती जेसी विकास सिंघल जेसी सचिन अग्रवाल जेसी नवीन अग्रवाल जेसी गुलशन अग्रवाल एवं संस्था के पीआरओ जेसी सुमन दत्ता ने विशेष रूप से अपना समय एवं सहयोग देकर उक्त शिविर को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया।

रामनाथ भीमसेन भवन में 11 जून से युवतियों के लिए आयोजित होगा 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

श्री रामनाथ भीमसेन भवन में आगामी 11 जून से 21 दिवसीय लड़कियों के लिए विशेष अलग-अलग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इसमें उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की संयोजक प्रियंका अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि Vigor और Verve मध्य भारत का पहला फिनिशिंग स्कूल है,तथा यह 21 दिवसीय आवासीय कार्यक्रम आज की लड़कियों को कल की निपुण महिला बनाना है,तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गृह प्रबंधन, बिल्कुल शुरुआत से खाना बनाना और कन्फेक्शनरी, मेकअप और स्वयं को संवारना, कला, शिल्प और रंगोली, नृत्य एवं फिटनेस, ड्राइविंग और सड़क सुरक्षा, आत्मविश्वास की एबीसी, टेबल शिष्टाचार और स्टाइलिंग, सामाजिक शिष्टाचार, जीवन परिवर्तन कौशल, व्यक्तिगत प्रशिक्षण, खाने की कला, समय, धन और संबंध प्रबंधन है, विगोर एंड वर्व स्कूल रायपुर में बैच प्रारंभ - 11 जून 2024 से होंगा, प्रियंका अग्रवाल ने बताया की इसके लिए अभी ही नामांकन कर सकते है, एवं सीमित सीटें ही उपलब्ध है, उपरोक्त कार्यक्रम से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर-8085932800 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है, एवं उपरोक्त कार्यक्रम स्थानः श्री रामनाथ भीमसेन भवन, समता कॉलोनी, रायपुर में होंगा।

लोकतंत्र में सहभागिता निभाने हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

- अपरान्ह 5 बजे तक अनंतिम आंकड़े अनुसार जिले में 65.24 प्रतिशत रहा मतदान

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा/बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मंगलवार 7 मई को जिले के हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभाने उत्साह दिखाया। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए मतदाताओं की कतार लग गई थी। सभी मतदाताओं ने कतार में लगकर बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह क्रम मतदान समाप्ति तक चलता रहा। प्राप्त अनंतिम आंकड़े अनुसार शाम 5 बजे तक जिले का मतदान बिलाईगढ़ विधानसभा सहित प्रतिशत 65.24 रहा। शाम 5 बजे के बाद भी जो मतदाता मतदान केंद्र परिसर के अंदर पहुंच गए वे कतार में मतदान के लिए खड़े हुए है।अनंतिम आंकड़े के अनुसार जांजगीर चांपा क्षेत्र अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 62.16 प्रतिशत,इसके साथ ही विधानसभा बिलाईगढ में 64.23 प्रतिशत रहा। इसी तरह रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 68.66 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में 65.91 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए स्कॉउट गाईड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में तथा पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ मदद की। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। सेल्फी जोन में फोटो खींचाकर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्था का लगातार निरीक्षण करते रहे। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जिले में 34 आदर्श एवं 239 संगवारी मतदान केन्द्र केन्द्र बनाए गए थे। संगवारी मतदान केंद्रों में मतदान दल संपूर्ण रूप से महिला अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इन मतदान केन्द्रों में महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया और उन्होंने संगवारी मतदान केन्द्र की प्रशंसा की। इसी तरह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 1-1 दिव्यांग एवं में 1-1 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें युवा मतदान केंद्रों का संचालन युवा कर्मचारी द्वारा तथा दिव्यांग मतदान केंद्र का संचालन दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी द्वारा किया जाता है।

मतदान करने में दिव्यांग व बुजुर्ग भी नहीं रहे आगे- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे मतदाता जो मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में असमर्थ थे, उन्हें चिन्हांकित कर होम वोटिंग की सुविधा दी गई। इसके बाद भी मतदान केन्द्रों पर बड़ी संख्या में बुजुर्ग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। आयोग द्वारा ऐसे बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी और स्कॉउट-गाईड,एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में, तो कहीं पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ उनकी मदद भी की। इसी तरह दिव्यांग मतदाताओं ने भी कठिनाईयों को दरकिनार कर मतदान केन्द्रों में पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नये मतदाताओं ने पहली बार किया मतदान-18 वर्ष के ऐसे युवा जिन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाया था जिनमे अधिकांश कॉलेज के छात्रों ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। पहली बार मतदान करने पर उन युवाओं के चेहरे पर खुशियां दिखी। विशेष थींम पर बने मतदान केंद्र रहे आकर्षण का केंद्र- इस बार आदर्श मतदान केंद्रों को विशेष थींम पर सजाया गया था जो मतदाताओ के लिए आकर्षण का केंद्र रहा जहां सेल्फी पॉइंट में मतदाता उत्साह के साथ फोटो खिंचाए।

महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बनाए गए संगवारी मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंची। संगवारी मतदान केन्द्रों के महिला मतदान दलों द्वारा मतदान कराया गया। इन मतदान केन्द्रों में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया और संगवारी मतदान केन्द्र की प्रशंसा की।

ढलते शाम के साथ हवा व मंद बरिश ने किया प्रभावित

मतदान के सुबह सात बजे से ही बादल का धूप छाव का खेल चलता रहा जिसके कारण मतदाताओं को अन्य दिनों के मुकाबले 7 मई को भीषण धूप व गर्म हवा का असर अपेक्षाकृत प्रभावित नही किया जिसके कारण सुबह सुबह मतदान करने वालों की संख्या सबसे अधिक देखी गई परंतु शाम 4.30 बजे के बाद तेज हवा के बाद शाम 5 बजे के बाद लगातार बूँदाबादी की बरिश ने वोटिंग के शाम के डेढ घंटे पहले आने वाले मतदाताओं को काफी हद तक प्रभवित भी किया जिसके कारण भाटापारा के अधिकांश मतदान केंद्रों मे मतदाताओं की भीड का अभाव रहा।

मतदान को लेकर उत्साह, तिल्दा के सचिव धनेश साहू का सराहनीय पहल दिखा

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव का तृतीय चरण का मतदान मंगलवार 07 मई को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के सभी मतदान केंद्रों में उत्साह भरा रहा। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में कलेक्टर के एल चौहान दिव्यांग मतदाताओं को लेने दिव्यांग रथ में लेकर पोलिंग बूथ पर लाते हुए दिखे। युवाओं, बुजुर्गों सहित महिलाओं में मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। तहसील लवन अंतर्गत डोंगरा, तिल्दा, डोंगरीडीह, लवन, लाटा, सिरियाडीह, कोयदा सहित जिले के सभी मतदान केंद्रों में जिला प्रशासन के चाक चौबंद व्यवस्था के बीच मतदान शान्ति पूर्ण तरीके से जारी रहा। ग्राम इलाकों में पलायन के चलते मतदान के प्रतिशत में विधानसभा के अपेक्षा लोकसभा में गिरावट रहा। बहुत सारे मतदाता पलायन क्षेत्रों से एक दिन पहले पहुँच कर अपने मतदान केंद्रों में मतदान कर लोकतंत्र के सहभागी बने। तिल्दा में दो मतदान केंद्रों में महिलाओं एवं पुरुषों की भीड़ सुबह से लगा रहा। चुनाव व्यवस्था प्रभारी ग्राम पंचायत सचिव धनेश साहू का योगदान सराहनीय रहा। मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर सहित पानी सहित पंडाल की व्यवस्था कराए गए थे।सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स की तैनाती रहा। सचिव के साथ ड्यूटी में सुरेंद्र बंजारे, कोटवार अमृतलाल चौहान, सहित पीठासीन अधिकारियो पूरी निष्ठा के साथ अपने अपने दायित्वों का निर्वहन कर चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए। तिल्दा में दोनों मतदान केंद्रों को मिलाकर 18 सौ से ऊपर मतदाताओं की संख्या सूची में शामिल रहा जहां निर्धारित समय अवधि तक संभावित 13 सौ मतदाताओं का मतदान होने के आसार रहा।

बाल विवाह रोकने के लिए जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई टीम

अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन सतर्क

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन अक्षय तृतीया के अवसर पर अधिक बाल विवाह होने की संभावना को रोकने के लिए सतर्क है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में बाल विवाह के रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति गठित का गठन किया है। बाल विवाह रोकने के लिए जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर टीम बनाई गई है। टीम के सदस्य द्वारा संभावित बाल विवाह को रोकने अपने आसपास निगरानी की जा रही है। साथ ही बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से बाल विवाह रोकने के लिए बाल विवाह की सूचना मिलने पर दूरभाष क्रमांक 07744-220405 एवं चाईल्ड हेल्प लाईन टोल फ्री नंबर 1098 संपर्क करने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने जिले के जनप्रनिधियों एवं स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों से बाल विवाह को रोकने में सहयोग की अपील की है। कलेक्टर अग्रवाल ने जिले स्तर से बाल संरक्षण समितियों, बाल विकास परियोजना अधिकारी सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारिओं को सतर्क रहकर बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अक्षय तृतीया के पर्व के दिन ग्राम एवं शहरों में अधिक संख्या में बाल विवाह होने की भी संभावना बनी रहती है, जो एक कानून अपराध है। जिसे रोकने के लिए विकासखण्ड स्तरीय बाल विवाह रोकथाम गठित समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बाल विवाह रोकथाम समिति में ग्राम के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन, शिक्षक, पंच अन्य शामिल है। जिन्हें बाल विवाह होने की स्थिति में तत्काल सूचित किया जा सकता है। बाल विवाह कराये जाने पर बाल विवाह में शामिल परिजनों सहित विवाह करने वाले संस्थान, पुरोहित, टेन्ट हाऊस, प्रिंटिंग प्रेस, नाई, बैंड बाजा बजाने वाले व्यक्ति से लेकर खाना बनाने वाले एवं सगे संबंधी के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधान अनुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बाल विवाह हेतु वर के लिए निर्धारित आयु 21 वर्ष तथा वधु के लिए 18 वर्ष से कम उम्र में शादी करने एवं करवाने की स्थिति में सभी शामिल लोग अपराध की श्रेणी में आयेंगे।

सांकरदाहरा समिति के भुनेश्वर साहू अध्यक्ष मनोनित

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के प्रसिद्ध मोक्षधाम सांकरदाहरा विकास समिति का पुनर्गठन किया गया है। पूर्व कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर दास साहू को अध्यक्ष मनोनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि सांकरदहरा विकास समिति के सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष होता है तीन वर्ष बाद बैठक आयोजित कर फिर नए अध्यक्ष और सदस्यों को 3 वर्ष के लिए चुना जाता है। इसी तारतम्य में सर्वसहमति से नवनिर्वाचित पधाधिकारियो का चुनाव कर नए अध्यक्ष और सदस्यों का चुनाव किया गया है। जिसमे समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पद के बतौर पूर्व कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर दास साहू को अध्यक्ष मनोनित किया गया है। इसी प्रकार संरक्षकगण में दयालदास साहू भागवत साहू, कंवल दास साहू, हरिराम पुजेरी, पुरन पटेल व कमलनारायण वैष्णव सहित ग्राम के प्रमुखगण को बनाया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में उपाध्यक्ष दुलेश ठाकुर और नंदकुमार साहू सचिव. मानदास साहू, सहसचिव नागेश्वर देवांगन, कोषाध्यक्ष भागवत लाल निषाद अंकेक्षक टोमन लाल पटेल को चुना गया है। इसी प्रकार अन्य निर्वाचित वरिष्ठ सदस्यगण में भुवन दास साहू, राजू वैष्णव, तुका साहू, रामरतन, बहल, हरि राम, कान्ति लाल, टोहल निषाद, सुरेश माली, समिति प्रचारक नरसिंह यादव आदि सदस्यगण को शामिल किया गया है। नव निर्वाचित सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आगामी दिनों किया जाएगा।

मजदूर का बैलेट पोस्टल पेपर जारी कर मतदान से किया वंचित

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



मतदान से वंचित होने को लेकर बुध क्र.99 के अनुक्रामक 278 मतदाता दुलारी ध्रुव ने पीठासीन अधिकारी बुथ क्रमांक 99 को लिखित शिकायत दर्ज कराया है जिसमे उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि वह अपना मताधिकार का उपयोग करने हेतु चीट लेकर अपना वोट डालने गया था जिसमे पिठासीन अधिकारी द्वारा मुझे जानकारी दिया गया कि आपका बैलेट पोस्टल पेपर जारी किया गया है जब कि मैं किसी प्रकार की कोई सरकारी जाब मे नही हूँ मैं एक मजदूर हूँ जो की मजदूरी करती हूँ मेरे को पोस्ट बैंलेट कि कोई जानकरी भी नही है! जिसके कारण मुझे लोकतंत्र का सबसे बडा अधिकार मतदान करने से वंचित किया गया है उक्त मामले मे निष्पक्ष जाँच कर जो भी जवाबदार अधिकृत पदाधिकारी हो उचित कारवाई करने की माँग रखा गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन, 20 यूनिट हुआ रक्तदान

- रक्तदान सबसे बड़ा दान, हमेशा रक्तदान कों रहे आगे : डॉक्टर विनोद चंद्रवंशी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवँ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज के आदेशानुसार एवँ खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन एवं डॉ सतीश शर्मा एमडी पैथोलॉजी एवं डॉ सतीश चंद्रवंशी डीएचओ की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में विशेष रक्तदान शिविर एवं स्टेट से आये डॉक्टर डॉ ताराचंद पैथोलॉजिस्ट मेडिकल कॉलेज रायपुर के माध्यम से कुल 20 गर्भवती माताओ प्रथम तिमाही का चिन्हित कर स्वास्थ्य जाँच का आयोजन किया गया तथा कवर्धा विकासखंड के सभी मितानिन प्रशिक्षक एवं समन्वयक और जिला समन्वयक तथा समस्त सुपरवाइजर का मीटिंग के द्वारा लिया गया। इस रक्तदान शिविर में कुल 20 यूनिट रक्तदान किया गया जिसका शुभारंभ हमारे बीएमओ डॉ विनोद चंद्रवंशी के द्वारा अपना रक्तदान खुद स्वयं देकर किया गया। गौरव एवं खुशी की बात यह है कि पहली बार हमारे विभिन्न मितानिन ट्रेनर दीदियों के द्वारा रक्तदान शिविर में रक्तदान करने का विशेष सुअवसर प्राप्त हुआ। डॉक्टर विनोद चंद्रवंशी नें कहां की हम सबको हर समय रक्तदान कों प्रेरित करते रहना चाहिए, रक्तदान सबसे बड़ा दान है, हर समय रक्तदान करने के लिए एक दूसरे कों प्रेरित करे, जिससे बहुमूल्य मानव जीवन कों बचाया जा सके,इस मौके पर सभी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

प्रमोद जैन प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन

ज्योति गुप्ता संचालिका. शांतिनिकेतन महाविधालय, रायपुर

मुकेश गुप्ता, संचालक - शांतिनिकेतन महाविद्यालय, रायपुर

अमेजन डॉट इन की ग्रेट समर सेल का आनंद लें

रायपुर। गर्मी की तपन बढ़ने के साथ अमेज़ॅन इंडिया ग्रेटसमर सेल के साथ वापस आ गया है। यहां आपको मिलती है शानदार डील्स और ऑफर्स के साथ कस्टमर्स आईसीआईसीआई बैंक, बॉबकार्ड और वनकार्ड क्रेडिट/ डेबिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10 प्रतिशत इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट के अलावा ढेर सारे अफोर्डेबल फाइनेंस ऑप्शन, डेबिट और क्रेडिट कार्ड और बजाज फिनसर्व पर नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर, अन्य प्रमुख क्रेडिट/ डेबिट कार्ड पर आकर्षक ऑफर और भी बहुत कुछ पा सकते हैं ।

कम जल आवश्यकता वाले फसलें मक्का, लघुधान्य-रागी, कोदो, कुटकी एवं दलहन, तिलहनी फसलों की कार्ययोजना तैयार

धान की फसल के स्थान पर गेहूं, मक्का, रागी एवं लघुधान्य फसलों को बढ़ावा देने किसानों को करें प्रेरित

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने फसल विविधीकरण के लिए कार्ययोजना बनाकर किसानों को जानकारी देने कहा। उन्होंने कहा कि रबी फसलों में धान की फसल के स्थान पर गेहूं, मक्का, रागी एवं लघुधान्य फसलों को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित करें। जिससे ग्रीष्मकाल में वाटर लेवल बना रहे। वर्तमान में सतही एवं भूमिगत जल का घटता हुआ जल स्तर एक गंभीर समस्या है। जिले की कृषि में प्रमुख फसल धान है, जिसके लिये सर्वाधिक जल की आवश्यकता होती है। वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार 1 किलो ग्राम चावल उत्पादन हेतु औसत 1432 लीटर जल की आवश्यकता होती है। फसलों में जल मांग के अनुसार धान में 140-150 सेमी हाईब्रिड मक्का को 50-60 सेमी, दलहन फसलों को 25-30 सेमी, सोयाबीन को 60-70 सेमी, तिल को 30 से 36 सेमी, गेहूं को 45-50 सेमी एवं गन्ना को 180-200 सेमी की आवश्यकता होती है। घटते हुए भूमिगत जल का प्रमुख कारण नलकूपों के माध्यम से अन्धाधुंध दोहन एवं सर्वाधिक जल आवश्यकता वाले धान की फसल है। जिले में कुल 29380 नलकूपों द्वारा फसलों की सिंचाई की जाती है। कलेक्टर के निर्देश पर भूमि की स्थलाकृति, प्रकार, संस्थापना को ध्यान में रखते हुए फसल चक्र परिवर्तन, फसल विविधीकरण के माध्यम से जल संरक्षण के प्रयास किये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आगामी खरीफ फसल में धान की खेती के 176044 में से 171110 हेक्टेयर (4934 हेक्टेयर कम) कम जल आवश्यकता वाले फसलें मक्का, लघुधान्य-रागी, कोदो, कुटकी एवं दलहन, तिलहनी फसलों की कार्ययोजना तैयार की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के लिये आवश्यक आदान सामग्री बीज, उर्वरक, जैव उर्वरक, पौध सरंक्षण औषधि एवं कृषि यंत्रों की व्यवस्था की जा रही है। उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे ने बताया कि कृषि अर्थव्यवस्था पर आधारित राजनांदगांव जिले में खरीफ वर्ष 2023 में 181234 हेक्टेयर एवं रबी वर्ष 2023-24 में 82800 हेक्टेयर कुल 264034 हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की खेती की जाती है। जिले की फसल सघनता 146 प्रतिशत है। वर्तमान रबी वर्ष में अनाज फसलों में गेहूं, मक्का, रागी एवं ग्रीष्मकालीन धान की कुल 18477 हेक्टेयर, दलहन फसलों में चना, मटर, मसूर, मूंग, उड़द एवं तिवरा फसलें की 64.781 हेक्टेयर, तिलहन फसलों की 1586 हेक्टेयर में से राई, सरसों, अलसी एवं कुसुम फसल तथा गन्ना व शाकसब्जियों की 4055 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती की गई है। खरीफ वर्ष 2023 में अनाज फसलों में धान, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी की 176855 हेक्टेयर, दलहन फसलों में अरहर, मूंग, उड़द की 962 हेक्टेयर, तिलहन फसलों में सोयाबीन, तिल की 2205 हेक्टेयर, हरी सब्जी एवं अन्य फसलों की 2482 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती की गई थी। जिले में खरीफ सिंचित फसलों का क्षेत्रफल 85844 हेक्टेयर 46.96 प्रतिशत एवं रबी में 32810 हेक्टेयर 36.9 प्रतिशत है। स्त्रोतवार सिंचित क्षेत्र के अनुसार नहरों से 45810 हेक्टेयर, तालाबों से 425, नलकूपों से 60440, कुंओं से 3777 एवं अन्य साधनों से 8202 हेक्टेयर सिंचाई की जाती है। जिले की सामान्य वर्षा 1194 मि.मी. है। वर्ष 2019-20 में 932.7 मि.मी., 2020-21 में 964.1 मि.मी., वर्ष 2021-22 में 1015.6 मि.मी., 2022-23 में 1412.1 मि.मी., 2023-24 में 1163 मि.मी. वर्षा हुई थी।

ग्राम पंचायत कोदवा में शादी के मंडप से जाकर दुल्हन ने अपना मत का प्रयोग किया

भाटापारा। लोकसभा निर्वाचन मतदान केंद्र क्रमांक 129 भाटापारा विधानसभा के ग्राम पंचायत कोदवा में शादी के मंडप से जाकर दुल्हन ने अपना मत का प्रयोग किया सीमा वर्मा पिता हेतराम वर्मा जिनका शादी का कार्यक्रम चल रहा है। जिसका बरात आगमन होने वाला है लेकिन उन्होंने अपने एक शब्द नागरिक होने के नाते मजबूत लोकतंत्र के न्यू रखने के लिए मतदान केंद्र में पहुंचकर अपना मत का प्रयोग किया इसी तरह क्षेत्र के कोनी, बगबुढ़वा, फरहाद, खपरी, भोथीडिह, निपानिया, सिंगारपुर, के सभी मतदान केंद्रों में बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ, और लोगों ने अपना भीष्म गर्मी के बीच मत का दान करने के लिए बढ़चर कर हिस्सा लिया।

जून के अंत तक बंद हो जाएगा कपिल शर्मा शो, कीकू शारदा ने दी अपडेट

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' मार्च के अंत में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर शुरू हुआ था। अब इसके रैपअप की खबरें आ रही हैं। इतनी जल्दी इस शो के बंद होने को लेकर हर कोई हैरान है। कहा जा रहा है कि कम व्यूअरशिप की वजह से दिग्गज कॉमेडियन कपिल शर्मा का ये शो बंद किया जा रहा है। इस बीच, शो के मुख्य कलाकार कीकू शारदा ने रिएक्शन दी है। कीकू ने 'न्यूज 18 शोशा' के साथ कहा कि हम लोग 13 एपिसोड कर चुके हैं और दूसरा सीजन भी जल्द आएगा। हमने पहले सीजन के लिए रैपअप किया है। यह हमेशा से ऐसा ही होने वाला था। हमने अगले सीजन के लिए पहले ही प्लान कर लिया है और वह जल्द ही आएगा। यह ज्यादा बड़ा गैप नहीं होने वाला है। टेलीविजन पर यह ज्यादा लंबा चलता है लेकिन यह दूसरे फॉर्मेट की बात है। यह भी दिलचस्प है। यह अभी एक छोटा गैप है और जल्द ही दूसरा सीजन लेकर आएंगे। यह रैपअप की तरह सुनाई दे रहा है क्योंकि हमने इसे बनाया है लेकिन यह टेंपरेरी है और हम जल्द ही फिर से शुरू करेंगे। बता दें शो की होस्ट एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सेट से सीजन रैप की तस्वीरें शेयर की थीं। इसके बाद यह खबर सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई।
शो की बात करें तो यह 30 मार्च से शुरू हुआ था। सबसे पहले एपिसोड में रणबीर कपूर, उनकी मां नीतू कपूर और बहन रिद्धिमा कपूर साहनी आए थे। दूसरे एपिसोड में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने धमाल मचाया था। इसके बाद दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा और निर्देशक इम्तियाज अली अपनी फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' का प्रमोशन करने आए थे। फिर चौथे एपिसोड में कौशल बंधु विक्की और सनी पहुंचे थे। पिछले एपिसोड में सुपरस्टार आमिर खान आए थे। आमिर ने आज तक के इतिहास में पहली दफा कपिल के शो में शिरकत की और कई राज खोले। अब सनी और बॉबी देओल वाला एपिसोड आने वाला है। उल्लेखनीय है कि इस शो के माध्यम से फैंस को 6 साल के बाद कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी फिर से साथ देखने को मिल रही है।

बदतमीज़ गिल में अपारशक्ति खुराना के साथ नजर आएंगी वाणी कपूर



वाणी कपूर फिल्म निर्माता नवजोत गुलाटी की आगामी फिल्म बदतमीज गिल में मुख्य भूमिका निभाएंगी। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसे आधुनिक युग की नाटकीयता के रूप में वर्णित किया गया है, यह फिल्म एक लड़की (कपूर) और उसके परिवार के बारे में है जो बरेली और लंदन में स्थित है। इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही बरेली में शुरू होगी, जिसमें कपूर के भाई की भूमिका में जुबली स्टार अपारशक्ति खुराना और उनके पिता की भूमिका में अनुभवी अभिनेता परेश रावल भी होंगे। निर्माता निकी भगनानी और विक्की भगनानी ने एक बयान में कहा, हमें एक खूबसूरत, आत्मविश्वासी लड़की की ज़रूरत थी जो अपने परिवार और अपने दोस्तों के लिए दंगा बन सके। वाणी असल जिंदगी में यही शख्स हैं। इसलिए, जब हम उनसे मिले, तो हमें पता था कि हमें अपना मार्ग मिल गया है! वह अपनी उपस्थिति से स्क्रीन को जगमगा देंगी और उम्मीद है कि हम अपनी फिल्म से ढेर सारे लोगों का मनोरंजन करेंगे। बदतमीज़ गिल का निर्माण निकी भगनानी और विक्की भगनानी, अंकुर तकरानी और अक्षद घोने द्वारा किया गया है। गुलाटी को रनिंग शादी और गिन्नी वेड्स सनी जैसी फिल्में लिखने के लिए जाना जाता है।

क्रैश डाइट पर विश्वास नहीं, बैलेंस डाइट को करती हूं फॉलो

एक्ट्रेस सैयामी खेर क्रैश डाइट में विश्वास नहीं करती हैं। वह घर का बना खाना पसंद करती हैं और महीनों तक एक ही चीज को खा सकती हैं। क्रैश डाइट में आप सामान्य से बहुत कम खाना खाते हैं। सैयामी ने कहा, मैं बिल्कुल भी ऐसी इंसान नहीं हूं, जो इन क्रैश डाइट पर विश्वास करती हो। मैं बैलेंस डाइट को फॉलो करती हूं। मुझे घर का बना खाना पसंद है। मैं जिस प्रोफेशन में हूं, उसमें ऐसा करना मुश्किल है क्योंकि मैं ट्रैवल करती रहती हूं। लेकिन, मेरी कोशिश होती है कि मैं घर का बना खाना खाऊं और दिन में ज्यादातर दाल, सब्जी, चिकन और रोटी होती है और रात में सलाद, सूप और ग्रिल्ड चिकन होता है। यह कुछ ऐसा है जो मैं लंबे समय से कर रही हूं। एक्ट्रेस ने बताया कि क्यों उनके करीबी उनके खान-पान की आदतों का मजाक उड़ाते हैं। उन्होंने कहा, हर कोई मेरा मजाक उड़ाता है क्योंकि मैं बोरिंग खाना खाने वाली लड़की हूं। मैं एक ही चीज चार महीने तक खा सकती हूं।

गुड बैड अग्ली में तीन अलग-अलग लुक में धमाल मचाने को तैयार अजित

साउथ सुपरस्टार अजित कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म विदा मुयार्ची के निर्माण में व्यस्त हैं। बीते कुछ समय पहले अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म गुड बैड अग्ली की जानकारी साझा की थी। अभिनेता अपनी नई फिल्म के लिए निर्देशक अधिक रविचंद्रन के साथ सहयोग कर रहे हैं। वे जल्द ही अपने दूसरे प्रोजेक्ट गुड बैड अग्ली पर काम शुरू करेंगे। अब इस फिल्म से अभिनेता के लुक पर बड़ी जानकारी सामने आई है। निर्माताओं ने कुछ समय पहले फिल्म का पहला पोस्टर और शीर्षक जारी किया था, जिसके बाद से फैंस के बीच उत्साह बढ़ गया था। प्रशंसक इस परियोजना के बारे में अधिक जानने के लिए उत्सुक हैं। वहीं अब फिल्म में अभिनेता के किरदार को लेकर नई जानकारियां सामने आई। इससे पहले खबर आई थी कि अजित अधिक रविचंद्रन की फिल्म गुड बैड अग्ली में ट्रिपल रोल निभाएंगे। अजित तीन किरदार निभाएंगे, इस पर चर्चा पहले से ही है, लेकिन अब वे तीनों किरदार कैसे होंगे, इसका खुलासा हो चुका है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित फिल्म में तीन अलग-अलग लुक में होंगे। नमक और काली मिर्च वाले लुक के अलावा अजित कथित तौर पर काले बालों के साथ एक युवा लुक में नजर आएंगे और कुछ हिस्सों में वे पोनीटेल के साथ नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि निर्देशक अधिक रविचंद्रन ने अजित के लिए एक ठोस चरित्र-चित्रण तैयार किया है। मुख्य महिला किरदार के बारे में विवरण अभी तक सामने नहीं आया है। कुछ दिन पहले अफवाह उड़ी थी कि श्रीलीला इस बड़ी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, लेकिन अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। कहा जा रहा है कि फिल्म का नाम अभिनेता के किरदारों का परिचय देता है। गुड बैड अग्ली अभिनेता के तीन किरदार की झलक है। तीनों किरदारों में खरा उतरने के लिए अभिनेता पूरी मेहनत कर रहे हैं और तैयारी में लगे हुए हैं। यह 18 साल बाद होगा, जब अभिनेता का दर्शकों को ट्रिपल रोल देखने को मिलेगा। अजित को तीन अलग-अलग भूमिकाओं में देखने की खबर ने इस बीच आगामी फिल्म के लिए प्रत्याशा बढ़ा दी है।

तारीखों के चलते करीना कपूर ने छोड़ी टॉक्सिक

करीना कपूर खान केजीएफ स्टार यश की अगली फिल्म टॉक्सिक- ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में उनकी बहन की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार थीं, लेकिन अब ताजा चर्चा यह है कि क्रू अभिनेत्री फिल्म से बाहर हो गई है। वैसे इन दोनों सितारों को भाई-बहन के रूप में एक साथ एक फ्रेम में देखना सुखद होता लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, बेबो ने डेट के मुद्दों के कारण वयस्कों के लिए टॉक्सिक- ए फेयरीटेल छोड़ दी है। टॉक्सिक के निर्माता इसे एक अखिल भारतीय फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं, और वे बेबो के प्रतिस्थापन के रूप में एक नए चेहरे को कास्ट करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि कियारा आडवाणी को यश की नायिका के रूप में फाइनल किया गया है और इस असामान्य जोड़ी ने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है। केजीएफ स्टार ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की घोषणा के लिए टोपी पहने और सिगार पकड़े हुए वीडियो साझा किया, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह फिल्म ड्रग माफिया पर आधारित है और एक एक्शन थ्रिलर है।

सिर्फ मशहूर होना मेरा मकसद नहीं

यामी गौतम इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने कई चर्चित फिल्मों में काम किया है, इसके अलावा ओटीटी पर भी उनका दबदबा दिखा है। हर नए किरदार में वह खुद को बखूबी ढालने में माहिर हैं। बीते दिनों आई उनकी फिल्म आर्टिकल 370 खूब पसंद की गई। हाल ही में यामी ने पारंपरिक सिनेमा और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बीच चल रही मौजूदा चर्चा पर अपने विचार साझा किए। कुछ कलाकार माध्यम को प्राथमिकता देते हैं। मगर, उन सभी के विपरीत यामी गौतम की प्राथमिकता उनकी भूमिकाएं रही हैं, जिन्हें वे अब तक निभाती रही हैं।
यामी का कहना है, मैंने कभी भी अपनी कोई फिल्म यह सोचकर नहीं चुनी कि यह ओटीटी या थिएटर के लिए बहुत अच्छी है। मैंने उन्हें उस तरह से चुना जैसे वे थीं और जो भूमिकाएं मैं निभाना चाहती थी। यामी गौतम ने ओटीटी प्लेटफॉर्म की मौजूदगी के बीच बड़े पर्दे के प्रति अपना लगाव जाहिर किया। उन्होंने स्वीकार किया कि खुद को सिनेमाघरों में देखना उनके दिल के करीब का मामला रहा है। अभिनेत्री ने कहा कि उस क्षण में कुछ खास होता है, जब रोशनी कम हो जाती है, प्रोजेक्टर चालू हो जाता है और दर्शक सिर्फ और सिर्फ उस फिल्म का लुत्फ उठाते हैं। काम के प्रति जुनून और कला के प्रति यामी के मन में जो सम्मान है, वह याद दिलाता है कि सिनेमा स्क्रीन और किसी भी माध्यम से परे होता है।
यामी गौतम का कहना है कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए कहानी कहने के नए तरीकों को आजमाने के लिए भी तैयार हैं। इंडस्ट्री में आए बदलाव के साथ वह अलग रास्ते अपनाने की भी इच्छुक हैं। यामी का कहना है कि उनकी मकसद सिर्फ मशहूर होना नहीं, बल्कि शानदार कहानी पेश करना भी है।

मैं अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहा हूं

दो फिल्मों से ही बॉलिवुड में अपनी पहचान बनाने वाले ऐक्टर आयुष शर्मा इस बार भी ऐक्शन, ड्रामा से भरपूर फिल्म रुसलान में नजर आ रहे हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने अपनी ऐक्टिंग प्रोजेक्ट व करियर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने सलमान खान से मनमुटाव होने की खबरों को निराधार बताया। साथ ही अपनी पहचान बनाने की बात भी कही।

अपने नाम से पहचाने जाने की कोशिश कर रहा

सलमान खान ने बहुतों को मौका दिया। मुझे भी दिया। उसका फायदा उठाना हमारा काम है। यह बात सही है कि एक बड़े पेड़ के नीचे अगर कोई छोटा पौधा है तो उसको धूप तो कम मिलेगी ही। अगर धूप चाहिए तो आपको उस पेड़ से थोड़ा दूर जाना होगा, तभी धूप मिलेगी और तभी आप पनप पाएंगे। ऐसा नहीं है कि मैं उनसे अलग होना चाहता हूं। दिल से मैं उनके साथ हमेशा जुड़ा हूं। हां, यह है कि अब मैं अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहा हूं, ताकि अपना काम करूं और अपने नाम से जाना जाऊं।

मेरी कहानी तो अभी शुरू हुई है

मैं हिट और फ्लॉप के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। कोशिश रहती है कि मैं अपना काम पूरी ईमानदारी से करूं। अभी तो मेरी कहानी शुरू हुई है। यह तीसरी फिल्म है और हर फिल्म में मैंने अलग तरह का किरदार निभाया है। अभी मुझे पारिवारिक, कॉमिडी हर तरह के रोल करने है इसलिए मैं ज्यादा नहीं सोचता, बस काम करते रहना चाहता हूं। इसके अलावा, मैं तनाव को नेगेटिव नहीं लेता। जब प्रेशर आता है तो मेरे अंदर और अच्छा काम करने की ललक बढ़ जाती है। फिल्म रुसलान में एक सीन है, जिसको मैंने -6 डिग्री में बिना कपड़ों के शूट किया है। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि हीरोगीरी भारी पड़ गई।

बिना मेहनत के कुछ नहीं मिलता

अगर लगता है कि पहली फिल्म में लोगों को काम पसंद नहीं आया तो फिर हमारा काम बनता है कि अपने ऊपर मेहनत करना, हुनर को और निखारने की कोशिश करना। हरेक इंसान अगर अपने आप पर काम करे तो उसके लिए कोई भी काम मुश्किल नहीं है। पहली फिल्म के बाद मैंने अपनी फिटनेस पर काम किया। आज बहुत से लोग काम कर रहे हैं लेकिन हर कोई खुद को हीरो नहीं बोल सकता। जहां तक मेरी बात है तो मैं एक खास परिवार का हिस्सा हूं इसलिए दर्शक मेरी फिल्म देखेंगे ही ऐसा जरूरी नहीं है। दर्शकों के दिलों तक पहुंचने के लिए मुझे खुद मेहनत करनी होगी। मेरे लिए ऑडियंस का प्यार बहुत मायने रखता है। अगर वह आपको प्यार कर रहे हैं तो फिर आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

बिग बॉस ओटीटी 3 से जुड़ीं डेलबर आर्या

सलमान खान के जरिए होस्ट किया जाने वाला रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 सुर्खियों में है। बिग बॉस ओटीटी 3 की शुरुआत 3 जून से जियो सिनेमा पर होगी। शो की शुरुआत को लेकर आए अपडेट के बाद से ही इसके कंटेस्टेंट्स को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। अब रिपोर्ट्स की मानें तो इससे एक पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री का नाम जुड़ गया है। वो अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि डेलबर आर्या हैं। हालांकि, इन खबरों पर अभी आधिकारिक मुहर लगना बाकी है।

18 साल की कनिष्का जैन ने पहला और 100 साल के पहाड़ी कोरवा तेजन राम, 95 की सुबासो ने किया मतदान

102 वर्षीय मझियो ने भी अपने मत का किया प्रयोग, लोगों में दिखा भारी उत्साह

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले के तीनों विधान सभा में प्रातः 7 बजे से ही मतदान प्रारंभ हो गया। सबेरे 100 साल के बुजुर्ग पहाड़ी कोरवा तेजन राम पहाड़िया एनएसएस छात्र-छात्रों के साथ मतदान केन्द्र भितघरा पहंचे और मतदान किया। ऐसी ही तस्वीर मतदान केन्द्र पण्डरीपानी से आई है। जिसमें 95 वर्षीय पहाड़ी कोरवा महिला सुबासो मतदान करने पहुंची। तस्वीर में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवक छात्राएं उन्हें व्हील चेयर पर ले जाती हुई दिखाई पड़ रही है। बुजुर्ग महिलाओं में वोट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वोट डालने के लिए 85 वर्षीय बसंती चौहान मतदान केन्द्र पण्डरीपानी पहुंची। मतदान केन्द्र भितघरा में 102 वर्ष की बुजुर्ग महिला मझियों नाग ने भी अपने मत का प्रयोग किया। मतदान करने आए इन बुजुर्गों का कहना है कि यह उनका कर्तव्य नहीं बल्कि उनका धर्म है। इसे हर हाल में पूरा करना चाहिए। जब तक वे जीवित है इसका पालन करते रहेगें। उनका कहना है कि एक वोट भी निर्णायक हो सकता है। इसलिए समाज के हित के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इसके साथ ही जशपुर जिला मुख्यालय में कनिष्का जैन ने पहली बार मतदान करके अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग किया।

92 की फिलोमिन, 83 की मरियम, 86 की करूणा

विधानसभा कुनकुरी के मतदान केन्द्र 40 प्राथमिक शाला जोकबहला पहुंचकर 92 वर्षीय महिला फिलोमिना तिर्की ने मतदान किया। तस्वीर में फिलोमिन तिर्की को व्हील चेयर पर स्काउट गाइट की वांलिटियर मतदान केन्द्र ले जाते हुए दिखाई दे रही हैं। जशपुर विधानसभा के मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला पुरनानगर पहुंचकर 86 वर्षीय करूणा टोपनो और केन्द्र क्रमांक 252 फरसाबहार पहुंचकर 83 वर्षीय मरियम खलखो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने मतदान करने के बाद ऊंगली दिखाते हुए अपनी खुशी जाहिर की। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के द्वारा बुजुर्गो एवं दिव्यागजनों को मतदान हेतु विशेष सुविधाएं दी जा रही है। जिससे उन्हें मतदान करने में कोई दिक्कत ना हो। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप नोडल एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है।

मतदान का उत्सव, 25 के दिव्यांग केशव पहुंचे बूथ

चुनाव को यूहीं नहीं लोकतंत्र कहा पर्व का जाता है। मतदाता इसमें अपनी भागीदारी निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। चाहे वह युवा हो या वृद्ध या दिव्यांग। सभी को अपने मूल्यवान मताधिकार का प्रयोग करना है। दिव्यांगों का उत्साह भी देखते बन रहा है। ऐसी ही तस्वीर पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र मटपहाड़ से आ रही है। जिसमें 25 वर्षीय दिव्यांग युवा केशव यादव वोट डालने मतदान केन्द्र पहुंचे हैं। उनका कहना है कि वोट प्रत्येक मतदाता की ताकत है। अपने मताधिकार का प्रयोग सभी को करना चाहिए।

प्रशासन के घर आजा संगी का हुआ असर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल के निर्देश और स्वीप नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में किए गए मतदाता जागरूकता अभियान जश- प्रण के तहत मतदाता जागरूकता रैली, विद्यालय एवं महाविद्यालय में कराई गई विभिन्न गतिविधियों, आमंत्रण और घर आजा संगी आदि कार्य म चलाया गया। पलायन किए मतदाताओं के लिए चलाए गए घर आजा संगी कार्य म में पूरे जिला प्रशासन ने फोन करके घर आकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस आमंत्रण का असर जिले के निवासी मतदाता जो बाहर रहकर जीविकोपार्जन कर रहे है को हुआ और वे शहरों से मतदान करने के लिए अपने गांव वापस आ चुके हैं। रिपुसुदन प्रसाद एवं उनकी प ी अनारकली रींवा से, परमात्मा शरण रायपुर से, पूजा उपाध्याय इंदौर से, आत्माशरण उपाध्याय बलरामपुर से अपने मताधिकार का उपयोग करने जशपुर आये है और आज इन सभी ने मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। केरल में रह रहे मजदूर निलेश टोप्पो ने अपने गांव बासनताला आकर अपना वोट दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने वोट डालने के लिए बाहर से आए सभी मतदाताओं को धन्यवाद दिया है।

नागरिकों ने ली जमकर सेल्फियॉ

स्वीप नोडल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जश-प्रण जिले में वृहद स्तर पर चलाया गया। शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न नवाचार भी किए गए हैं। सभी मतदान केन्द्रों में सेल्फी जोन भी बनाया गया हैं। प्रिटेंट प्लेक्स से बने चौकोर सेल्फी जोन बेहद आकर्षक लग रहे हैं। जिस पर प्रेरक वाक्य मेरा वोट मेरी ताकत, मैने भी किया वोट, क्योंकि हर एक वोट जरूरी होता है लिखा हुआ है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सेल्फी को लेकर अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। आमतौर पर देखा जाता है कि लोग मतदान करने के लिए लाईन में खड़े होते हैं। लेकिन सेल्फी लेने के लिए मतदान केन्द्रों में लाईन लगे हुए मतदाता नजर आ रहे हैं। युवाओं और महिलाओं के साथ बुजूर्गों ने भी जमकर सेल्फियॉ ली है। हजारो लोग सेल्फियों को सोशल मीडिया पर लगाकर शेयर कर रहे हैं। इससे यह संदेश भी जाता है कि मैने अपना मतदान कर लिया है, आप भी अवश्य मतदान करें।

कलेक्टर और एसपी ने लाईन लगाकर किया मतदान

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने मतदान केंद्र स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर और एसपी शशि मोहन सिंह ने परिवार सहित मतदान केन्द्र जनपद पंचायत जशपुर पहुंच कर मतदान किया। उन्होंने मतदान पश्चात् सेल्फी जोन में सेल्फी भी खिंचवाई और लोकतंत्र के पर्व में अपनी सहभागिता पर उंगली दिखाते हुए प्रसन्नता जाहिर की। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में मतदान के लिए लगे मतदाताओं के साथ लाईन लगाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सेक्टर अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों की सहायता का ध्यान रखने को कहा। उन्होंने मतदाताओं को दी जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। वोट डालने के लिए इंदौर से आए एक परिवार को उन्होंने धन्यवाद भी दिया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया है। पुलिस अधीक्षक शाशि मोहन सिंह अपनी पत्नी रेखा सिंह और बेटों के साथ वोट डालने मतदान केन्द्र पहुंचे। साथ ही मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी उन्होंने लिया।

फर्स्ट युवा वोटर रूपाली, अंजू और अल्पना

लोकसभा निर्वाचन 2024 में युवा मतदाताओं का मतदान के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से युवतियॉ उत्साह के साथ वोटिंग कर रही हैं और अपने मतदान का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने में भागीदार बन रही हैं। जशपुर विधान सभा क्षेत्र क्रमांक-12 के मतदान केंद्र क्रमांक 154 केराकछार में फर्स्ट युवा वोटर अल्पना तिर्की ने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। फरसाबहार के मतदान केन्द्र क्रमांक 253 और 252 में ऐसे ही युवा मतदाता 19 वर्षीय अंजू खलखो और रूपाली तिर्की ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अंजू खलखो, रूपाली तिर्की और अल्पना तिर्की ने बताया कि उन्हें अपने जीवन में पहली बार मतदान करने का अवसर प्राप्त हुआ है और वे इसको लेकर काफी उत्साहित है। उन्होंने बताया कि उत्साह के कारण वे प्रातः 7.30 बजे ही मतदान केंद्र पहुँच गए थे। पहली बार उन्हें अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने का अवसर मिला है। उन्होंने मतदान केंद्र में बने सेल्फी जोन में अपनी उँगली में लगी अमित स्याही दिखाते हुए फोटो भी ली जिसे वे सोशल मीडिया में वायरल भी करेंगी।

पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने सपरिवार किया मतदान

मतदाताओं से मतदान करने की अपील की

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विधायक पत्थलगांव एवं लोकसभा संयोजक गोमती साय ने सपरिवार सुबह 7.30 बजे माध्यमिक शाला मेंढरबहार (मुंडाडीह) मतदान केंद्र में मतदान किया। विधायक साय ने पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र के 275 मतदान केंद्रों सहित रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओ से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जागरूक मतदाता शीध्र से शीध्र अपने मतदान केंद्र में पहुंच कर मतदान पहले करें उसके बाद अपने अन्य कार्य करें। आपका एक मत बहुमूल्य है जो देश की दिशा एवं दशा तय करेगा।

देमार के पास घटित सडक दुर्घटना का उप पुलिस अधीक्षक यातायात ने किया निरीक्षण

■ दुर्घटना रोकने हेतु सड़क निर्माण एजेंसी एडीबी को लिखा गया पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने पुलिस अधीक्षक आंजेनय वार्ष्णेय के निर्देशन पर में यातायात उप पुलिस अधीक्षक मंणीशंकर चन्द्रा के द्वारा आज 7 मई को प्रातः देमार के पास गिट्टी से भरी ट्रक पलट जाने से नाली निर्माण में लगे मजदूरों के गिट्टी में दब जाने से एक मजदूर का मौके पर ही मौत हो गई तथा अन्य एक मजदूर गंभीर घायल होने से 108 एम्बुलेंश के माध्यम से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। घटित सड़क दुर्घटना के कारणों को जानने के लिए मौके में पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं आसपास के लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की गई। दुर्घटना घटित होने का कारण घटना स्थल के आगे हल्का मोंड़ होने से आरोपी वाहन चालक द्वारा तेजगति से अपने वाहन को ओवरटेक करते हुए रोड किनारे चले जाने से नाली निर्माण के लिए खोदे गये गड्ढे में चक्का चले जाने से अनियंत्रित होकर वाहन पलटना पाया गया।

दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने हेतु मौके पर स्टापर लगवाया गयाए, साथ ही सड़क निर्माण एजेंसी को पत्राचार कर गति अवरोधक एवं ओवरटेक हेतु किये गये रोड मार्किंग के स्थान पर सीधी मार्किंग किये जाने निर्देशित किया गया।

यातायात पुलिस सभी वाहन चालकों एवं आमजनो से अपील करती है कि तेजगति से वाहन चलाते हुए अपने वाहन को ओवरटेक न करें, खाली जगह मिलने पर ही वाहन ओवरटेक करे, अबादी क्षेत्र में वाहन को धीमी चलायें यातायात नियमो का पालन करें यातायात पुलिस का सहयोग करें।

धौराभांठा लिमतरा में श्री साईं शिवालय के नाम पर यौन शोषण का अड्डा चला रहे नन्द बाबा उर्फ नंदकिशोर कुंजाम को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी के ग्राम धौराभांठा लिमतरा में श्री साईं शिवालय के नाम से संस्था का संचालन किया जा रहा था। विकृत मानसिकता वाले नन्द किशोर कुंजाम उर्फ नन्द बाबा तंत्र विद्या, झाड़ फूंक, बंधन करने के नाम से हिंदू परिवारों को अपनें ठिकाने मे बुलाता था और हिन्दू लड़कियों महिलाओ को झाड़ फूंक अंधविश्वास, प्रलोभन देकर कर अपनें जाल में फंसाकर उनका का यौन शोषण करता था उक्त मामले की जानकारी पीडिता देविका (काल्पनिक नाम) ने विश्व हिन्दू परिषद के जिलामंत्री रामचंद देवांगन को दी तब विहिप के जिलामंत्री रामचंद देवांगन और जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल एवम् जिलाकार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर के साथ विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने पीडिता को न्याय दिलाने के लिए दिनरात मेहनत कर नंद बाबा के बारे मे सारी जानकारी खंगाली और पीड़िता के द्वारा बताए गए घटना क्रम को सही पाया। समाज में ऐसी कई अंधविश्वास फैलाने वाले लोग चर्च प्रार्थना सभा के चक्कर में अंधविश्वास और प्रलोभन के कारण यौन शोषण लूट पाट के शिकार हो रहे हैं जिनके खिलाफ़ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी मजबूती से संघर्ष कर रहा है और इसी तारतम्य में ग्राम धौरभाटा के घटना को अंजाम तक पहुंचाने एवं दोषियों को उचित दंड दिलाने अर्जुनी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।

अर्जुनी पुलिस ने तत्काल संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक महोदयआङ्गनेय वार्ष्णेय के दिशा निर्देश पर तत्काल नन्द किशोर कुंजाम उर्फ नन्द बाबा को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आईपीसी की धारा 376, धारा 376, 2(द) के तहत कार्यवाही की और उनके वाहन संख्या सीजी 04 एमबी 6010 को भी जप्त किया गया और जेल भेज दिया गया है। जिलामंत्री रामचंद देवांगन ने बताया कि धौराभाठा में पहले भी नंदकिशोर कुंजाम और ठाकेश्वर बाबा के द्वारा संचालित मजार के अपराधिक गतिविधियों की जानकारी संगठन को प्राप्त हुआ था जिसके संबध में जांच चल रही थी और आज पीड़िता से संपर्क हुआ तो कार्यवाही शुरू कर मजार संचालक नंदकिशोर कुंजाम को जेल भेजा गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी द्वारा अंधविश्वास, प्रलोभन ईलाज के नाम पर चलने वाले प्रार्थना सभा, चर्च, या तंत्र विद्या, झाड़ फूंक करने वालों के खिलाफ़ जिले भर मे अभियान चलाया जा रहा है।

मनरेगा श्रमिकों को मिला 7 लाख 85 हजार मानव दिवस का रोजगार

रोजगार दिवस में श्रमिकों को गांव में उत्पादकता बढ़ाने वाले अवसरों की दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत विभन्न रोजगार मुलक कार्य संचालित किये जा रहे है। इन कार्यों से जिले के 52 हजार 2 सौ 88 श्रमिकों को सीधे लाभ मिला रहा है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष में प्रत्येक परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, उन्हें योजना अतर्गत कम से कम 100 दिनों का गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान, रोजगार के लिए पजीकृत आवेदक को 15 दिवस में कार्य देने, अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिवस के रोजगार के साथ ही ग्राम में जनोपयोगी एवं उत्पादकता बढ़ाने वाले संपत्तियों के सृजन का अवसर दिये जाने की जानकारी श्रमिकों को दी गई। तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि नया तालाब निर्माण, डबरी निर्माण कार्य, सिंचाई नहर नाली निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य भूमि सुधार, डबरी निर्माण कार्य, व्यक्तिगत कुंआ निर्माण कार्य, पुराने जलाशय नाला सफाई एवं पुनरूद्धार कार्य, तालाब गहरीकरण एवं पचरी पीचिंग कार्य, तालाब में इनलेट आउटलेट निर्माण कार्य, जल निकासी कच्ची नाली निर्माण कार्य, मिट्टी सड़क निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य नाडेप टंकी निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य सोकपिट निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य बकरी शेड निर्माण कार्य, सामुदायिक कम्पोस्ट निर्माण कार्य, सामुदायिक नाडेप टैंक निर्माण कार्य, ठोस अपशिष्ट तरल प्रबंधन कार्य, प्रधानमंत्री आवास में 90 दिन मजदूरी कार्य कराये जा रहे हैं। योजना के तहत 28 लाख 43 हजार मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से श्रमिकों द्वारा 7 लाख 85 हजार मानव दिवस सृजित किया गया है। अप्रैल माह से श्रमिकों को प्रति दिवस 243 रूपये का मजदूरी भुगतान किया जा रहा है। रोमा श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि रोजगार दिवस के आयोजन में मनरेगा से जुड़ी समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर की जाने, नवीन जॉब कार्ड, लंबित मजदूरी भुगतान, कार्य मांगने सहित अन्य जानकारी से श्रमिकों को अवगत कराया जाता है, जिससे छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान और श्रमिकों को मजदूरी के लिए कई किलोमीटर का सफर कर जिला मुख्यालय पहुंचने की जरूरत नहीं पड़ती।

विधायक रायमुनी भगत ने कवई पहुंच किया मतदान

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के दौरान जशपुर विधायक रायमुनी भगत अपने गृह ग्राम कवई पहुंच मतदान की है।यहां उन्होंने ग्रामीणों को अपने घरों से निकल मतदान करने का अपील किया है। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जशपुर विधायक रायमुनी भगत परिवारजनों के साथ अपने गृह ग्राम कवई पहुंची और यहां नियमानुसार मतदान किया। जिसके बाद सेल्फी जोन में सेल्फी लेते हुवे विधायक ने आम जनता से अपील किया कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी अपने घरों से बाहर निकल अवश्य ही मतदान करें।

पीएम सूर्यघर योजना में छत्तीसगढ़ को देश का अग्रणी राज्य बनाएं

आरईसी के सीएमडी विवेक देवांगन ने ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में आरईसी (ग्रामीण विद्युतीकरण निगम) के चेयरमेन-एमडी विवेक कुमार देवांगन ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पीएम-सूर्यघर योजना एवं आरडीएसएस योजना के विभिन्न घटकों के कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि इस योजना को प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। शहरी क्षेत्रों में बने पक्के मकानों की छतों में सोलर पैनल लगाकर लोगों को बिजली उत्पादन के लिए प्रेरित करें, इससे उनके घर का बिजली बिल बहुत कम हो जाएगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया स्थित मुख्यालय विद्युत सेवा भवन में 6 मई को आयोजित बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के चेयरमेन पी दयानंद ने की। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक द्वय राजेश कुमार शुक्ला एवं एसके कटियार विशेष रूप से उपस्थित थे। देवांगन ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना, आर.डी.एस.एस का प्रस्तुतिकरण देखा तथा बिंदुवार विषयों की समीक्षा की। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इन दोनो योजनाओं के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ को देश के पाँच अग्रणी राज्यों में शामिल कराने के लिए गंभीरता से प्रयास करेंगे। पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि प्रदेश में 60 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। इनमें से 42 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक की खपत पर हाफ बिजली योजना का लाभ दिया जाता है, उन्हें आधा बिल देना होता है। पीएम सूर्यघर योजना के तहत यदि वे अपने घर की छत पर सोलर प्लांट लगवाते हैं तो उनका बिजली बिल और भी कम हो जाएगा, जिससे उन्हें प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ होगा। आरईसी के सीएमडी देवांगन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे और हर आवेदक से स्वयं संपर्क कर उनकी समस्याओं का निराकरण करें। उन्हें इस योजना के लिए बैंक से वित्तीय ऋण उपलब्ध कराने में सहयोग करें। उन्होंने वेंडरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि प्रति सौ उपभोक्ताओं के बीच एक वेंडर हो। वेंडर से संपर्क स्थापित कर इस प्रक्रिया को 15 से 20 दिन में पूर्ण कराएं ताकि इस योजना के लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त कर लिया जाए। देवांगन ने आरडीएसएस योजना के तहत प्रदेशभर में लगने वाले सभी स्मार्ट मीटर की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, वितरण ट्रांसफॉर्मर और फीडर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, इसके बाद घरेलू उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। देवांगन ने कहा कि स्मार्ट मीटर से पीएम सूर्यघर योजना के लिए अलग से नेट मीटर लगाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। प्रदेश में ऐसी भूमि पर बड़े पैमाने में सोलर परियोजनाएं स्थापित की जाए जहाँ खेती नहीं होती है। वहीं पीएम सूर्यघर योजना के हितग्राहियों की संख्या बढ़ाने के लिए अधिक एजेंसियों द्वारा बड़े पैमाने पर कार्य किया जाए। उन्होंने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के लाइन लॉस एवं बकाया बिलों व लाभ की भी जानकारी ली। बैठक में आरईसी के प्रोजेक्ट हेड प्रदीप फैलोस सहित पॉवर कंपनी के कार्यपालक निदेशक सर्वश्री भीम सिंह कंवर, आरए पाठक, वीके साय, आलोक सिंह, सरोज तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। योजनाओं का पॉवर पाइंट प्रस्तुतिकरण सीई राजेन्द्र प्रसाद एवं एसई एन बिम्बिसार ने किया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक उमेश कुमार मिश्र ने किया।

व्यक्तित्व विकास के लिए अपनी सोच को सकारात्मक बनाएं : ब्रह्मामारी सविता दीदी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि अपने आचरण, व्यवहार और सोच को सकारात्मक बनाकर बुरी आदतों, व्यसनों आदि से स्वयं को मुक्त करना ही सच्चे अर्थों में व्यक्तित्व का विकास करना है। हमारे शारीरिक, बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास के लिए राजयोग की साधना बहुत ही उपयोगी है। ब्रह्माकुमारी सविता दीदी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा मार्ग पर शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आयोजित समर कैम्प में जीवन में नैतिकता विषय पर बोल रही थीं। उन्होंने बच्चों को स्वयं में विशेषताएं भरकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बहुत ही उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जैसे लोग अपने बाह्य स्वरूप को सजाने सँवारने के लिए ब्यूटी पार्लर में जाते है उसी प्रकार अपने आंतरिक स्वरूप को निखारने के लिए ऐसे पार्लर की आवश्यकता है, जहाँ अंतर्मन को दिव्य गुणों और मानवीय मूल्यों से सजाया जा सके। जीवन में सम्मान एवं आज्ञाकारिता का महत्व बतलाते हुए उन्होंने बच्चों से कहा कि हमें अपने बड़ों का आदर करना चाहिए तथा उनकी आज्ञा का पालन करना चाहिए इससे न केवल बड़े-बुजुर्गों की बल्कि भगवान की भी दुआएं मिलती हैं। सविता दीदी ने आगे कहा कि हरेक बच्चे को जीवन में सफल होने के लिए अपना लक्ष्य अवश्य बनाना चाहिए। लक्ष्य निर्धारित करने से आगे बढने् का मार्ग सुनिश्चित हो जाता है। इससे मन यहाँ-वहाँ भटकने की अपेक्षा शान्त चित्त होकर एक ही दिशा में अर्थात लक्ष्य को प्राप्त करने पर विचार करेगा। ऐसा करने से सफलता प्राप्त करना सहज हो जाएगा। जीवन में लक्ष्य नहीं बनाया तो उम्र में बड़े तो हो जाएंगे किन्तु सफल व्यक्ति नहीं कहलाएंगे। उन्होने सभी बच्चों को व्यक्तिगत डायरी रखने का सुझाव देते हुए कहा कि एकान्त में बैठकर रोजाना उसमें अपने मन की बातें लिखने की आदत डालें। इससे मन हल्का रहेगा और आपकी कल्पनाशक्ति बढ़ जाएगी। अगर भाषा अच्छी होगी तो भविष्य में आप अच्छे लेखक या कवि भी बन सकते हैं।

छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है : किरण सिंह देव

प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ अभूतपूर्व जनसमर्थन जुटाया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि बस्तर, काँकेर, राजनांदगाँव और महासमुंद में पहले और दूसरे चरण के मतदान में भाजपा को अपना भरपूर आशीर्वाद देने के बाद अब दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चाँपा और सरगुजा लोकसभा की जनता-जनार्दन ने पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। तीसरे चरण चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह दिखा और 7 लोकसभा सीटों में हुए मतदान लगभग 75 प्रतिशत रहा। श्री देव ने कहा कि शुक्रवार को मतदान के दूसरे चरण में मतदान का भारी प्रतिशत भाजपा के लिए काफी उत्साहजनक हैं और भाजपा का यह विश्वास फलीभूत होने जा रहा है कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में सम्पन्न तीनों चरणों के मतदान के रूझान से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनसमर्थन जुटाया और भाजपा की ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखी है और छत्तीसगढ़ की सभी सीटों पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी। नक्सलवाद, भ्रष्टाचार, कांग्रेस के छलावों, झूठ और दंभपूर्ण अमर्यादित टिप्पणियों के दंश से लहूलुहान छत्तीसगढ़ की जनता ने अब छत्तीसगढ़ को कांग्रेसमुक्त राज्य बनाने के अभियान पर पक्की मुहर लगाई है। देव ने कहा कि एक ओर जहाँ बस्तर, राजनांदगाँव, महासमुंद, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चाँपा में कांग्रेस प्रत्याशियों को लेकर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में ही काफी आक्रोश देखा गया, वहीं अपने शासनकाल में भूपेश सरकार के भ्रष्ट कारनामों ने बिलासपुर और जांजगीर-चाँपा क्षेत्र में जनाक्रोश बढ़ाने का काम किया तो प्रदेश के गृह मंत्री और महासमुंद जिले के प्रभारी मंत्री रहे महासमुंद संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी की कार्यप्रणाली से न केवल कांग्रेस कार्यकर्ता, अपितु साहू समाज में भी काफी आक्रोश साफ नजर आया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिर फोड़ने वाली अपनी ओछी टिप्पणी के लिए नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने जनता की नाराजगी मोल ली तो कवासी लखमा ने लगातार मोदी के खिलाफ न केवल निम्न स्तर के बयान दिए, बल्कि अपने जीतने और मोदी के मरने तक की बात कहकर कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र का शर्मनाक प्रदर्शन किया।

मतदान कर लौट रही युवती की गाज गिरने से मौत

अंबिकापुर। देर शाम मौसम ने फिर ली करवट और गरज चमक के साथ बारिश होने लगी। इधर छत्तीसगढ़ में मंगलवार को तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए मौसम की लुकाछिपी के बीच वोटिंग हुई। सरगुजा में लमगांव क्षेत्र से मतदान कर लौट रही युवती की गाज गिरने से मौत हो गई। भाई और मां भी गाज की चपेट में आने से झुलस गए। युवती को अंबिकापुर मेडिकल कालेज लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और कोरबा में तेज हवाओं के चल रहे अंधड से अंतिम समय का मतदान भी कुछ हद तक प्रभावित हुआ

तीसरे चरण के बाद कांग्रेस ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया

मतदान के बाद साफ हो गया भाजपा से ज्यादा सीटें जीतेंगे : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

तीसरे चरण के मतदान के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भीषण गर्मी की परवाह नहीं करते हुये अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य को मतदान करके निभाया यह छत्तीसगढ़ के मतदाताओं की अपने प्रजातांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूकता को दिखाता है। कांग्रेस पार्टी सभी मतदाताओं का अभिनंदन करती है। तीसरे चरण के साथ ही राज्य के सभी 11 लोकसभा सीटों पर मतदान पूरा हो गया है। सभी 11 सीटों पर कांग्रेस के जीत की संभावनायें प्रबल है। कांग्रेस भाजपा से ज्यादा सीटें जीत रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने बदलाव के लिये मतदान किया है। जनता ने महंगाई, बेरोजगारी, वादाखिलाफी के विरोध मतदान किया। आज मतदान हुये सभी 7 लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के पक्ष में रूझान साफ दिख रहा था। लोग मोदी सरकार की विदाई के लिये भीषण गर्मी में अपने घरों से निकलकर मतदान केन्द्रों तक आये और कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया। पहले दो चरणों से ही साफहो गया था प्रदेश की जनता में मोदी सरकार के लिये आक्रोश है। तीसरे और अंतिम चरण में मतदाताओं के रूख ने पुख्ता कर दिया कि राज्य की जनता मोदी सरकार के 10 साल के कुशासन और वादाखिलाफी से परेशान है। जनता ने अपने मतदान की शक्ति से देश के हालात को बदलने का मन बना लिया था और मतदान केंद्र पहुंचकर भाजपा सरकार के खिलाफ वोट किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ के समान ही पूरे देश में मोदी सरकार के खिलाफ वातावरण है। भारतीय जनता पार्टी के 400 पार का नारा खोखला साबित हो गया।

बुजुर्ग महिला मतदाता बदरा बाई और अंजनी बाई ने किया विशेष वाहन सुविधा दिव्यांग रथ का उपयोग

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बदरा बाई साहू 85 उम्र की बुजुर्ग मतदाता ने साजा विधानसभा क्षेत्र में निःशुल्क विशेष वाहन सुविधा (दिव्यांग रथ) का मतदान हेतु उपयोग किया। बदरा बाई साहू और को अंजनी बाई उम्र के कारण चलने की दिक्क़त थी। निर्वाचन आयोग ने के निर्देश पर ज़िला प्रशासन द्वारा विशेष वाहन सुविधा (दिव्यांग रथ) उपलब्ध करायी है। कोई भी 80 उम्र से अधिक उम्र या दिव्यांग मतदाताओं या 8ह्र से अधिक उम्र या जो चलने में असमर्थ है। निर्वाचन आयोग ने के निर्देश पर ज़िला प्रशासन द्वारा विशेष वाहन सुविधा (दिव्यांग रथ) उपलब्ध करायी है। ऐसा मतदाता या उसका कोई परिजन या परिचित व्यक्ति टोल फ्री नंबर 1950 पर फ़ोन कर निःशुल्क परिवहन सुविधा (दिव्यांग रथ) का लाभ ले सकता है। ज़िले के सभी मतदान केंद्रों मैं बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचीयर की व्यस्थापन की गयी है। उनकी सहायता के लिए स्काउट गाइड,(गल्स) स्काउट (वॉयज) की भी व्यवस्था है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 में निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सभी वर्गों खासकर दिव्यांग मतदाताओं का मत प्रतिशत बढ़ाने के प्रयासों के तहत यह पहल की गई है। इसके लिए दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में आने वाली सभी बाधाओं को यथासंभव दूर करने के लिए, यातायात की सुविधा, मतदान केंद्र पर रेंप, व्हील चेयर और मतदान प्रक्रिया में मदद के लिए सहायक उपलब्ध कराने के अलावा दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल युक्त ईपीआईसी देने की भी सुविधा है। पहल की गई है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में दृष्टिबाधित मतदाता अपने परिजन के साथ जाकर मतदान कर सकेंगे।

जशपुर के आरा मतदान केंद्र में तड़के सुबह मधुमख्वियों का हमला, मदद के लिए पहुंचा संजीवनी 108 एम्बुलेंस

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मतदान के दिन सुबह 7 बजे मतदान केन्द्र आरा में मधुमक्खियों ने मतदाताओं पर हमला कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही तुरंत 2, संजीवनी 108 एम्बुलेंस को भेजकर घायलों को जिला अस्पताल जशपुर लाया गया। इस संबंध में जिला प्रबंधक दीपक साहू ने बताया कि जिले में मतदान को ध्यान में रखते हुए सभी 108 एम्बुलेन्स हाई अलर्ट पर था जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

मधुमक्खी हमले में घायलों से मिलने पहुंची विधायक रायमुनी भगत, कहा दी जाएगी समुचित स्वास्थ सुविधा

मधुमक्खी के हमले से हुए घायलों से मिलने जशपुर विधायक पहुंची जिला चिकित्सालय पहुंची। यहां घायलों का हाल जान समुचित स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने का बात विधायक ने कहा। ज्ञात हो कि आरा के हाई स्कूल में मतदान के दौरान मतदाताओं पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था, जिसमें 8 ग्रामीण घायल हो गए थे, सभी घायलों को संजीवनी 108 की मदद से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया।घटना की जानकारी पाते ही जशपुर विधायक तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंची और घायलों का हाल जान चिकित्सकों को तत्काल समुचित उपचार का जिरदेश दिया। घायलों से चर्चा करते हुवे विधायक ने कहा कि वे किसी भी बात की चिंता न करें विधायक सहित पूरा प्रशासनिक अमला घायलों के उपचार हेतु तत्पर है उपचार में हर संभव मदद किया जाएगा। इस दौरान कृपा शंकर भगत, फैजान सरवर खान सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

08 May 2024 Pride Of Raipur





विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403